दैनिक नवप्रदेश
आदिवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 29 जनवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 336 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वाकई ये बहुत बेइंसाफी है। जहां अतिथि देव भवः की परंपरा रही है। वहां अतिथि क्रिकेट टीम की भला कौन रूई की तरह धुनाई करता है। न्यूजीलैंड भी सोच रहा होगा की टी-20 सीरीज में टीम इंडिया किस जनम की दुश्मनी निकाल रहा है? भला कोई किसी को इतनी बुरी तरह से भी हराता है क्या? टी-20 वर्ल्ड कप के पहले टीम इंडिया के धुरंधरों ने न्यूजीलैंड का गर्दा उड़ाया है उसे देख कर तो क्रिकेट जगत में टीम इंडिया खौफ का दुसरा नाम बन गई है। सब जान गए है कि जो इससे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा।

प्रमोशन न मिलने पर कबीरधाम एसपी का छलका दर्द, सीएम को लिखा पत्र, भेदभाव का लगाया आरोप

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में पदोन्नति को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक और 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी धर्मेंद्र सिंह छवई ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपने साथ हुए कथित अन्याय की शिकायत की है। उनका कहना है कि 2012 बैच के बाकी अफसरों को डीआईजी के पद पर प्रमोट कर दिया गया है, लेकिन उनके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संविधान के अनुच्छेद-16 के उल्लंघन का आरोप

पुलिस अधीक्षक ने इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद-16 (समान अवसर का अधिकार) का खुला उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि समान परिस्थिति वाले अन्य अधिकारियों को पदोन्नति दी गई, लेकिन उनके साथ भेदभाव किया गया, जिससे उनका मनोबल टूट गया है।

पदोन्नति सूची में नाम आया, फिर भी नहीं मिली तरक्की

पत्र में अधिकारी ने बताया कि वे वर्तमान में कवर्धा में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। पुलिस मुख्यालय से जारी की गई पदोन्नति सूचियों 10 अक्टूबर 2024, 31 दिसंबर 2024, 26 मई 2025 और 31 जुलाई 2025 में उनके नाम पर विचार तो किया गया, लेकिन हर बार उन्हें पदोन्नति से वंचित कर दिया गया।

लोकायुक्त जांच का दिया हवाला

अधिकारी को पदोन्नति नहीं देने का कारण यह बताया गया कि उनके खिलाफ लोकायुक्त संगठन, भोपाल में जांच लंबित है। हालांकि, अधिकारी का कहना है कि उनके खिलाफ न तो चार्जशीट जारी हुई है, न कोई विभागीय जांच चल रही है और न ही वे निलंबित हैं।

मेरे साथ भेदभाव

मैं 2012 बैच का आईपीएस हूं और 2012 बैच के बाकी सभी को डीआईजी बना दिया गया है, लेकिन मुझे नहीं बनाया गया है। मुझे ऐसा लगता है कि मेरे साथ भेदभाव किया जा रहा है।

– **धर्मेंद्र सिंह,** एसपी, कबीरधाम

न्यूज गैलरी

चार को होगी साय कैबिनेट की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की आगामी मंत्रिपरिषद की बैठक 4 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। यह बैठक 11.30 बजे मंत्रालय स्थित महानदी भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में राज्य के प्रशासनिक, आर्थिक और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जा सकती है। बजट पूर्व तैयारियों, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा, नई योजनाओं को मंजूरी और विभागीय प्रस्तावों पर निर्णय लिए जाने की संभावना है।

दर्दनाक सजा नहीं होगी, अपराध नहीं रुकेंगे: सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 4 हफ्ते में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से एसिड अटैक मामलों की जानकारी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक मामलों में दोषियों के कड़ी सजा की जरूरत पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- जब तक सजा आरोपी के लिए दर्दनाक नहीं होगी, ऐसे अपराध रुकने वाले नहीं हैं। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस आर. महादेवन, जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- यहां सुधारवादी दंड सिद्धांत की कोई जगह नहीं है। बेंच ने कहा कि केंद्र कानून बदलने पर विचार करे। 4 हफ्ते में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश एसिड अटैक मामलों से जुड़े आंकड़े दें।

जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में एवलांच

जम्म-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार जारी बर्फबारी से मंगलवार रात एवलांच आया। एवलांच में फिलहाल किसी की मौत या घायल होने की खबर नहीं है। कई होटलों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि एवलांच मंगलवार रात 10.12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ। बचाव टीमों को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। अन्य पहाड़ी राज्यों में लगातार बर्फबारी जारी है।

विमान में सवार सभी 5 लोग मारे गए, लैंडिंग की दूसरी कोशिश में फिसला प्लेन जलकर खाक

प्लेन क्रैश में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई।

पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। महाराष्ट्र एविएशन डिपार्टमेंट के मुताबिक पायलट ने सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह विमान को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया। और उसमें आग लग गई। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक लैंडिंग के दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था।

तीन दिन राजकीय शोक: महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज स्कूलों की छुट्टी और 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पवार का अंतिम संस्कार बारामती में कल किया जाएगा। अजित के चाचा शरद पवार बारामती हॉस्पिटल पहुंच गए हैं, जहां सभी शव लाए गए हैं। अस्पताल में सीएम फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और राज्यपाल भी मौजूद हैं।

एनसीपी का चेहरा थे पवार: अजित पवार की पार्टी एनसीपी भाजपा-शिवसेना महाराष्ट्र की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एयरक्राफ्ट में कोई तकनीकी खामी नहीं: वीएसआर

इधर, एयरक्राफ्ट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, यानी एएआईबी ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी की एक टीम दिल्ली में विमान की ऑपरेटर कंपनी वीएसआर वेंचर्स के ऑफिस पहुंची है। दूसरी टीम बारामती रवाना हो गई है। इस बीच वीएसआर वेंचर्स ने कहा है कि पायलट को 16 हजार घंटे का फ्लाइंग एक्सपीरियंस था। विमान की को-पायलट के पास 1500 घंटे का एक्सपीरियंस था। कंपनी ने दावा किया कि एयरक्राफ्ट में कोई तकनीकी खामी नहीं थी।

निधन की बेहद चौंकाने वाला और दुखद: मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अजित पवार जमीनी स्तर पर मजबूत जुड़ाव रखने वाले लोगों के नेता थे। महाराष्ट्र के लोगों की सेवा में सबसे आगे रहने वाले एक मेहनती व्यक्तित्व के रूप में उनका व्यापक सम्मान किया जाता था। प्रशासनिक मामलों की उनकी समझ और गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने का जुनून भी उल्लेखनीय था। उनका असामयिक निधन बेहद चौंकाने वाला और दुखद है।' उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति संवेदना।

हृदयविदारक घटना

अजित पवार सहित अन्य के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक व्यक्त किया है। साय ने इस घटना को अत्यंत दु:खद व हृदयविदारक बताया। सीएम ने कहा कि पवार का सम्पूर्ण जीवन कृषक कल्याण, जनसेवा और देश के विकास के लिए समर्पित रहा।

बेहद दुखद समाचार

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित पांच विमान सवारों के निधन का समाचार दुखद है। ईश्वर उनके परिवारजनों एवं अजीत दादा के समर्थकों को यह आघात सहने की शक्ति दे।

संसद के बजट सत्र की शुरुआत, राष्ट्रपति ने विरासत और विकास का दिया संदेश

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति के संसद पहुंचते ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में देश की विरासत, इतिहास और सांस्कृतिक एकता को याद किया। उन्होंने कहा कि देश ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया। वहीं, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पूरे देश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और आदिवासी समाज के लिए उनके योगदान को याद किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती से जुड़े कार्यक्रमों ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और मजबूत किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न भूपेन हजारिका की जयंती के आयोजन ने पूरे देश को संगीत और एकता के सूत्र में बांध दिया।

व्यापार समझौते से रोजगार के अवसर पैदा होंगे: राष्ट्रपति मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सेशन को संबोधित करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों को गति देगा। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार 'सुधार एक्सप्रेस' के पथ पर अग्रसर है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पुराने नियमों में बदलाव किया जा रहा है।

नक्सली हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे: माओवाद आज 126 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जहां एक ओर राष्ट्रपति द्वारा वीबी-जी रामजी अधिनियम का जिक्र करने पर सत्ता पक्ष ने मेजें थपथपाकर स्वागत किया, वहीं विपक्षी सदस्यों ने कानून को वापस लेने की मांग करते हुए नारे लगाए। विपक्ष द्वारा 'वापस लो' जैसे नारे लगाने पर राष्ट्रपति मुर्मू

वीबी-जी रामजी का विरोध

अपने संबोधन के दौरान थोड़ा रुकीं। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का स्थान लेने वाला है। विपक्षी दल वीबी-जी राम जी अधिनियम को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में काम के अधिकार और पंचायतों के अधिकार को बरकरार रखते हुए एक अधिकार-आधारित कानून के रूप में बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

सरगुजा-जगदलपुर-धमतरी जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

राजनांदगांव जज को भी आया ई-मेल, पुलिस ने चप्पे-चप्पे की ली तलाशी

रायपुर/नवप्रेदश। छत्तीसगढ़ के सरगुजा, राजनांदगांव, धमतरी और जगदलपुर जिला कोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ईमेल जिला कोर्ट के ईमेल एड्रेस पर भेजा गया है। इसे जिला जज ने रिसीव किया। डॉग स्क्वॉयड और बम डिस्पोजल स्क्वॉयड की टीम परिसर की तलाश ली। बम की धमकी मिलने के बाद एसपी और एएसपी समेत पुलिस सरगुजा जिला कोर्ट पहुंची। कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले लोगों और गाड़ियों की भी जांच की जा रही है। सरगुजा एसपी ने बताया कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

इस बीच बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा समेत एक पुलिस टीम जगदलपुर कोर्ट भी पहुंची। कोर्ट परिसर की तलाशी ली गई है। डॉग स्क्वॉयड को तैनात किया गया है। एसपी ने धमकी भरे ईमेल की पुष्टि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शंकराचार्य ने छोड़ा प्रयागराज माघ मेला

प्रयागराज। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रयागराज माघ मेला 11 दिनों के धरने के बाद छोड़ दिया। बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने बिना संगम स्नान किए काशी लौटने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उनका मन अत्यंत व्यथित है और वे दुखी हृदय से विदा ले रहे हैं। प्रयागराज, जिसे वे हमेशा आस्था और शांति की भूमि मानते रहे हैं, वहां हुई घटना ने उन्हें गहरा आघात पहुंचाया है।

रायपुर-एयरपोर्ट पर कोकीन के साथ नाइजीरियन पकड़ाया

■ दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट पर आया था, डीआरआई ने जब्त किया ड्रग्स

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर एयरपोर्ट पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने नाइजीरियन युवक को 270 ग्राम कोकीन के साथ पकड़ा है। जब्त कोकीन की कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है। मामला माना थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट के जरिए रायपुर पहुंचा था। एयरपोर्ट के अंदर ही डीआरआई की टीम ने संदेह के आधार पर रोका और तलाशी ली। इस दौरान युवक के पास से करीब 270 ग्राम कोकीन बरामद की गई। कोकीन बरामद होने के बाद डीआरआई की टीम ने आरोपी को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। आगे की कार्रवाई के लिए उसे डीआरआई कार्यालय ले जाया गया। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 25 लाखों रुपए बताई जा रही है। डीआरआई अधिकारियों के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कोकीन कहां से लाई गई थी। इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। इसके साथ ही आरोपी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक भी खंगाले जा रहे हैं।

अनावरण | मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणतंत्र दिवस पर की थी घोषणा, डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी रहे मौजूद

साहस, शौर्य और बलिदान की पहचान बनेगा रजत जयंती पदकः साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को पीएचक्यू नया रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस बल को समर्पित रजत जयंती पदक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पदक प्रदेश में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान की अमिट पहचान बनेगा।

बता दें कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य पुलिस बल को रजत जयंती पदक प्रदान किए जाने की घोषणा की गई थी, जिस पर त्वरित अमल करते हुए आज इस पदक का विमोचन किया गया है। सीएम साय ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस बल ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और नक्सल विरोधी अभियानों में असाधारण साहस का परिचय देते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह पदक उनके समर्पण को सदैव स्मरणीय बनाए रखेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डिप्टी विजय शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, पुलिस महानिर्देशक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन पवन देव, एडीजी एसआरपी कल्लूरी, एडीजी प्रदीप गुप्ता, एडीजी विवेकानंद सिन्हा, एडीजी दीपांशु काबरा, एडीजी अमित कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सिक्के में साल वृक्ष और पहाड़ी मैना: पदक में अंकित पहाड़ी मैना सतर्कता, संवाद, निडरता, स्थानीय संस्कृति से जुड़ाव और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ की माटी, संस्कृति और परंपरा की पहचान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पदक छत्तीसगढ़ की माटी, संस्कृति और परंपरा की पहचान को आत्मसात करता है। पदक गोल आकार का एवं चांदी के रंग का होगा, जिसके अग्र भाग में साल वृक्ष तथा पीछे के भाग में पहाड़ी मैना का उभरा हुआ चित्र अंकित रहेगा और इसे रिबन के साथ धारण किया जाएगा। वर्दी के बाईं ओर जेब के ऊपर यह पदक अशोक चक्र, कीर्ति चक्र, वीरता पदक, राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक तथा राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पदक के पश्चात वरीयता क्रम में लगाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

रेवटी धान उपार्जन केंद्र में पुराना धान खपाने का प्रयास

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा धान उपार्जन में अनियमितताओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसीलदार द्वारा रेवटी सेवा सहकारी समिति में पुराना धान खपाने के प्रयास पर सख्त कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पाया गया कि दो पिकअप वाहनों के माध्यम से 50 क्विंटल पुराना धान किसानों के खातों में खपाने के उद्देश्य से उपार्जन केंद्र लाया गया था। मौके पर कार्रवाई करते हुए तहसीलदार द्वारा धान को वाहन सहित जप्त कर लिया गया तथा आगे की कार्यवाही हेतु समिति प्रबंधक के सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही संबंधित किसानों से 50 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया। प्रशासन ने कहा है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

जिपं सरगुजा की सामान्य सभा की बैठक 10.30 बजे से होगी प्रारंभ

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सरगुजा की सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 29 जनवरी 2026 को आयोजित की गई है। जिसके समय में आंशिक संशोधन करते हुए यह बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिले के विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं की समीक्षा और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक की महत्ता को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व संबंधित सदस्यों, विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

समर्थन मूल्य पर अब तक 12.75 लाख क्विंटल से अधिक धान उपार्जित

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 12 लाख 75 हजार 459.20 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें मोटा धान 12 लाख 71 हजार 437.60 क्विंटल और पतला धान 4 हजार 21.60 क्विंटल शामिल है। अब तक धान खरीदी केंद्र मेढ़ुका में 1 लाख 61.20 क्विंटल, लरकेनी में 1 लाख 11 हजार 033.60 क्विंटल, धनौली में 98 हजार 364.80 क्विंटल, सिवनी में 83 हजार 32.80 क्विंटल, लालपुर में 94 हजार 708.40 क्विंटल, पेण्ड्रा में 77 हजार 720 क्विंटल, भर्रीडांड़ में 79 हजार 914.80 क्विंटल, नवागांव पेण्ड्रा में 67 हजार 437.20 क्विंटल, निमधा में 61 हजार 836.40 क्विंटल धान की खरीदी हुई हैं। इसी तरह धान उपार्जन केंद्र खोडरी में 60 हजार 202 क्विंटल, देवरीकला में 65 हजार 824.40 क्विंटल, गौरेला में 46 हजार 78.40 क्विंटल, मरवाही में 53 हजार 1.20 क्विंटल, परासी में 58 हजार 636 क्विंटल, तरईगांव में 52 हजार 30.80 क्विंटल, तेंदुमुड़ा में 42 हजार 76.80 क्विंटल, बंशीताल में 44 हजार 112.40 क्विंटल, कोडगार में 34 हजार 188.80 क्विंटल, जोगीसार में 24 हजार 973.60 क्विंटल और धान खरीदी केंद्र बस्ती में 20 हजार 225.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है।

कोरबा में सील दुकान के पास कबाड़ जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में जिला प्रशासन की ओर से सील की गई एक कबाड़ दुकान के पास अवैध कारोबार जारी था। इसकी

सूचना मिलने पर कोतवाली थाना और सीएसईबी चौकी पुलिस ने आधी रात छापा मारा। इस दौरान मौके से कबाड़ से भरे तीन वाहन जब्त किए गए और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए वाहनों में लोहे के बड़े पाइप और अन्य कबाड़ भरा हुआ था। वहीं, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी कबाड़ व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। वे सील की गई दुकान के बावजूद चोरी-छिपे कबाड़ की खरीद-फरोख्त कर रहे थे और इसे दूसरे जिले में भेजने की फिराक में थे। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि अवैध कबाड़ कारोबार की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। इस कार्रवाई में कबाड़ से भरे वाहन और कुछ लोगों को पकड़ा गया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि कुछ दिनों पहले सीएसईबी चौकी क्षेत्र में रशियन हॉस्टल के पास लोहे का पुल काटकर चोरी करने का मामला सामने आया था।

धान लोड ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा

अंबिकापुर-बिलासपुर हाईवे पर हादसा, तीन लोगों की मौत

सरगुजा/नवप्रदेश। अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे-130 पर दो सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई। मंगलवार (27 जनवरी) रात उदयपुर के सलबा में धान लोड ट्रैक्टर ने बाइक सवार 2 युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की जान चली गई, मृतकों में एक नाबालिग भी शामिल है।

वहीं कुंवरपुर के पास पैदल घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना लखनपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों हादसे में शामिल गाड़ियां और आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

मृतकों में ये शामिल

महेंद्र यादव (16 वर्ष), निवासी अरगोती। विजय लाल यादव (19 वर्ष), निवासी परपटिया मैनपाट। जियाउद्दीन अंसारी (25 वर्ष) ड्राइवर, निवासी लखनपुर।

पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला

वहीं, दूसरे हादसे में नेशनल हाईवे में कुंवरपुर के पास 27 जनवरी की रात पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। लखनपुर के वार्ड क्रमांक 5 का निवासी जियाउद्दीन अंसारी (25 वर्ष) पेशे से ड्राइवर है। वह अपने अन्य दोस्तों के साथ छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कुंवरपुर गया था। उसके दोस्त खाना खाने के बाद लौट आए। जियाउद्दीन रात करीब 10.30 बजे वापस लखनपुर जाने के लिए निकला। वह पैदल ही नेशनल हाईवे में चल रहा था। कुंवरपुर में जय बजरंग ट्रेडिंग सेंटर के सामने उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर उसे एम्बुलेंस की टीम ने लखनपुर हॉस्पिटल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस आसपास लगे सीसी कैमरों की मदद से एक्सीडेंट करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

2 युवकों के सिर फटने से गई जान

जानकारी के मुताबिक, 27 जनवरी की रात करीब 9 बजे लखनपुर से उदयपुर के डांडगांव की ओर जा रहे बाइक सवारों को सलबा मोड़ के पास धान लोड ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक और दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर गए। दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर पहुंचाया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर परिजन उदयपुर पहुंच गए हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे केके लाइन 31 घंटे बाधित रहा

जगदलपुर/नवप्रदेश। किरंदुल-कोट्टावालसा (केके) रेल लाइन पर ओडिशा के कोरापुट जंक्शन आउटर में सोमवार रात करीब 9 बजे एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। यह मालगाड़ी नगरनार स्टील प्लांट से क्वाइल (लोहे की चादर) लेकर विशाखापत्तनम जा रही थी। घटना डाउन लाइन में हुई, जिससे केके रेललाइन सोमवार रात 9 बजे से बुधवार तड़के सवा 4 बजे तक पूरी तरह बाधित रही। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे का अमला मौके पर पहुंचा। क्रेन की सहायता से डिरेल हुए दोनों वैगनों को पटरी से हटाकर किनारे किया गया। इसके बाद ट्रैक फिट किया गया और बुधवार सुबह सवा 4 बजे से रेल यातायात पुनः बहाल किया गया।

नाइट एक्सप्रेस को जरटी स्टेशन में रोकना पड़ा

दुर्घटना के कारण किरंदुल-विशाखापत्तनम नाइट एक्सप्रेस को जरटी स्टेशन में रोकना पड़ा। रेल प्रशासन के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर नाइट एक्सप्रेस को अप लाइन से निर्धारित मार्ग अथवा रायगढ़ा-विजयनगरम परिवर्तित मार्ग से रवाना किया जा सकता है।

फिलहाल दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। कोरापुट के रेल अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, जबकि जगदलपुर से भी रेल अधिकारी रवाना हुए हैं और जांच की प्रक्रिया जारी है।

ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन

विशाखापत्तनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पवन कुमार के अनुसार केके रेललाइन में चल रहे नवीनीकरण एवं सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के कारण कुछ कोचिंग ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। विशाखापत्तनम से 28 जनवरी से 9 फरवरी तक चलने वाली ट्रेन संख्या 58501 विशाखापत्तनमङ्किरंदुल पैसेंजर का दंतेवाड़ा में अल्प विराम होगा। वहीं वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 58502 किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर 29 जनवरी से 10 फरवरी तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से संचालित की जाएगी।

गृहमंत्री अमित शाह 7 फरवरी को आएंगे छत्तीसगढ़, आठ को रायपुर में लेंगे बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले हैं। अगले माह सात फरवरी की रात को वे रायपुर पहुंचेंगे। अगले दिन रायपुर में नक्सलवाद की समीक्षा करने के बाद बस्तर जाएंगे और वहां पर पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होंगे। पिछले पंडुम महोत्सव में भी वे आए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने ही 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का ऐलान किया है। उनके ऐलान के बाद से लगातार नक्सलियों के खिलाफअभियान चल रहा है और अब नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। डेडलाइन के लिए अब दो माह का समय बचा है।

नक्सलवाद को समाप्त करने की डेडलाइन तय होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। वे यहां पर नक्सलवाद को लेकर रणनीति बनाने का काम करते हैं। केंद्र सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर है। इसका नतीजा भी दिख रहा है। जहां लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं, वहीं नक्सली आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी पहली बार डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था। इसमें यहां पर तीन दिनों तक जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहे, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चार दिनों तक रहे थे। इस कांफ्रेंस के समाप्त होने 12 दिनों बाद ही अमित शाह बस्तर ओलंपिक के समापन में आए थे। अब एक बार वे फिर से अगले माह आने वाले हैं।

रायपुर में होगी बैठक

अमित शाह सात फरवरी की रात को यहां पहुंचेंगे। दूसरे दिन सबसे पहले सुबह वे यहां पर नक्सलवाद को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा के साथ नक्सल मोर्चा से जुड़े सारे अधिकारी रहेंगे।

सूरजपुर में 30 जनवरी तक सामान्य भविष्य निधि शिविर

सूरजपुर/नवप्रदेश। महालेखाकार, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) से संबंधित लंबित एवं जटिल प्रकरणों के निराकरण हेतु सूरजपुर जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 28, 29 एवं 30 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित होगा। शिविर में उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा, जिनका सामान्य भविष्य निधि का अंतिम भुगतान प्रकरण महालेखाकार कार्यालय को प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके साथ ही ऋणात्मक शेष (नेगेटिव बैलेंस) वाले प्रकरण, ऐसे कर्मचारी जो सेवानिवृत्त अथवा दिवंगत हो चुके हैं, और जिनके जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष है, तथा वे प्रकरण जिनमें अंतिम भुगतान अब तक प्रस्तुत नहीं हुआ है, शामिल रहेंगे। इसके अतिरिक्त, उन कर्मचारियों के मिसिंग क्रेडिट से संबंधित प्रकरणों का भी समाधान किया जाएगा, जिनका सामान्य भविष्य निधि अंशदान उनके जीपीएफ खाते में क्रेडिट नहीं हुआ है।

परेशान किसानों ने किया चक्काजाम

विश्रामपुरी और केशकाल जिला सरकारी बैंकों से नहीं मिल रहा पैसा, घंटेभर बाधित रहा मार्ग

फरसगांव/नवप्रदेश। छत्तीगसढ़ के कोड़ागांव जिले के विधान सभा क्षेत्र विश्रामपुरी और केशकाल जिला सरकारी बैंक में राशि के भुगतान और अव्यवस्थाओं से परेशान किसानों ने दो अलग-अलग स्थानों पर चक्का जाम कर दिया। विश्रामपुरी जिला सहकारी बैंक में किसानों को कम राशि वितरण के चलते किसान अचानक सड़क पर उतर आये और केशकाल विश्रामपुरी मार्ग को 1 घंटे तक बाधित कर दिया। वहीं केशकाल जिला सहकारी बैंक में विड्राल फार्म को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ और किसान सड़क पर उतर आए और लगभग 5 मिनट के लिए बस्तर की लाईफ लाईन NH- 30 को बाधित कर दिया।

प्रशासन ने किसानों को दिया आश्वासन: किसानों ने कहा कि, विड्राल फार्म मांगने पर जो किसान ज्यादा हल्ला कर रहा है वो अपना खाता बंद करवा ले जैसे शब्दों का उपयोग बैंक कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा किया गया है। जिससे किसान नाराज हो गये थे। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम ने किसानों को आश्वासन दिया कि, जल्द ही समस्या का निवाकरण किया जाएगा। इसके बाद विश्रामपुरी और केशकाल में किसानों को सड़क से किनारे से हटाया गया।

किसानों ने दी चेतावनी: कोंडागांव जिले के किसानों की बैंक से पैसे निकालने की समस्या पिछले कई वर्षो से ऐसे ही बनी हुई है। धान बेचने के वक्त की बात करें या लोन लेने की,जिला सहकारी बैंक में पैसा निकासी के दौरान सही समय पर किसानों को रकम नहीं मिला है। जिसके कारण किसान सड़क पर उतर कर आते है।

सूरजपुर के दो प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए 38.39 करोड़ स्वीकृत

सूरजपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के विशेष अवसर पर शासन द्वारा प्रदेशभर में अधोसंरचना विकास को गति देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला सूरजपुर के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए कुल 38 करोड़ 39 लाख 87 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिशुनपुर - सूरजपुर - ओड़गी मार्ग (राज्य मार्ग-16) के सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 32 करोड़ 24 लाख 47 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह मार्ग जिले का एक प्रमुख यातायात मार्ग है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों का आवागमन होता है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर के अंतर्गत जमदेई से पोतका मार्ग पर रेहण्ड नदी तक सड़क निर्माण कार्य हेतु 6 करोड़ 15 लाख 40 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सड़क के निर्माण से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्ग से बेहतर संपर्क प्राप्त होगा।

उमरेली में शराब दुकान पर ग्रामीणों ने लगाया ताला

नए भवन में संचालन का विरोध, आबकारी विभाग ने पुलिस संग ताला, तोड़ा

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के उरगा थाना अंतर्गत ग्राम उमरेली में सोमवार को देशी-विदेशी शराब दुकान को लेकर तनाव की स्थिति बन गई। सरपंच, पंच और ग्रामीणों ने दुकान खुलने से पहले ही उस पर ताला जड़ दिया। जब शराब दुकान के कर्मचारी निर्धारित समय पर पहुंचे, तो उन्हें मुख्य ताला बंद मिला, जिससे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब दुकान का संचालन पंचायत के नए भवन में किया जा रहा है, जबकि इसके लिए पंचायत का पुराना भवन दिया गया था, जो अब जर्जर हालत में है। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने नए भवन में दुकान के संचालन पर आपत्ति जताई थी।

शराब दुकान हटाने की मांग पर तालाबंदी: ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार शराब दुकान को नए पंचायत भवन से हटाने और पुराने भवन में स्थानांतरित करने या किसी अन्य स्थान पर ले जाने की मांग की थी। उनकी मांग पूरी न होने पर मजबूर होकर सरपंच, पंच और ग्रामीणों ने तालाबंदी का यह कदम उठाया।

पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश दी: तालाबंदी की सूचना मिलते ही आबकारी विभाग की टीम उरगा थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस और आबकारी विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में शराब दुकान का ताला तोड़ा गया। लगभग तीन घंटे की देरी के बाद दुकान का संचालन फिर से शुरू हो सका। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश दी और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस मामले में आबकारी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई। फिलहाल स्थिति शांत है, लेकिन ग्रामीणों की मांग को लेकर आगे क्या निर्णय लिया जाएगा, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

10 फरवरी को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ 10 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य स्तर पर नवीन राज्योत्सव स्थल, अटल नगर नवा रायपुर में भव्य समारोह आयोजित होगा। जहां बड़ी संख्या में लगभग 1 हजार 100 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। यह समारोह मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय ने बताया कि जिले में पूर्व में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह की तिथि 06 फरवरी 2026 निर्धारित की गई थी, किंतु राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार यह आयोजन भी प्रदेश के अन्य जिलों के साथ संयुक्त रूप से 10 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जिले में यह विवाह समारोह नवीन मेला स्थल, राजिम कुंभ (कल्प) में आयोजित होगा, जहां लगभग 200 संभावित जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा।

सेंट्रल इंडिया की IVUS कार्यशाला में गेस्ट फैकल्टी बने MMI नारायणा हॉस्पिटल के डॉ. स्नेहिल गोस्वामी

- **भोपाल में आयोजित सेंट्रल इंडिया की पहली IVUS कार्यशाला में आधुनिक तकनीक से एंजियोप्लास्टी के बेहतर परिणामों पर हुआ विस्तृत मंथन**

रायपुर। ह्यCDEE & CC CON भोपाल 2025 के अंतर्गत आयोजित प्रतिष्ठित शैक्षणिक कार्यक्रम CONNECT – Learn From the Masters का भव्य आयोजन रविवार, 18 जनवरी 2026 को होटल मैरियट, भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम सेंट्रल इंडिया में इंट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड जैसी अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित अपनी तरह की पहली महत्वपूर्ण कार्यशाला रहा।

इस IVUS कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 55 अनुभवी कार्डियोलॉजिस्टों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान लगभग 11 जटिल क्लिनिकल मामलों की प्रस्तुति दी गई, जिनमें एंजियोप्लास्टी के दौरान IVUS तकनीक के प्रभावी उपयोग, सटीक स्टेंट प्लेसमेंट तथा मरीजों के दीर्घकालिक बेहतर परिणामों पर गहन चर्चा की गई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्डियोलॉजिस्टों को एंजियोप्लास्टी के दौरान नई और उन्नत IVUS तकनीक की उपयोगिता से अवगत कराना तथा उन्हें इसके व्यावहारिक उपयोग का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्रदान करना था, ताकि हार्ट पेशेंट्स के उपचार को और अधिक सुरक्षित, सटीक एवं प्रभावी बनाया जा सके।

इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम में MMI नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. स्नेहिल गोस्वामी को विशेष रूप से गेस्ट फैकल्टी एवं IVUS एक्सपर्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. गोस्वामी ने IVUS तकनीक के क्लिनिकल अनुप्रयोग, इसकी वैज्ञानिक महत्ता तथा जटिल कोरोनरी मामलों में इसके उपयोग से मरीजों के बेहतर क्लिनिकल आउटकम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

डॉ. स्नेहिल गोस्वामी ने अपने सत्र के दौरान बताया कि किस प्रकार IVUS तकनीक एंजियोप्लास्टी को अधिक प्रिसाइस, सेफ और रिज़ल्ट-ओरिएंटेड बनाती है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से प्रतिभागी कार्डियोलॉजिस्टों को आधुनिक तकनीक को अपनी दैनिक चिकित्सा प्रक्रिया में शामिल करने की महत्वपूर्ण व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई।

कार्यशाला के दौरान हैंड्स-ऑन IVUS ट्रेनिंग, केस बेस डिस्कशन, इंटरएक्टिव सेशन्स एवं IVUS क्विज़ जैसे शैक्षणिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिससे प्रतिभागियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी मिला।कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने एकमत से माना कि इस प्रकार की उन्नत तकनीक आधारित कार्यशालाएं न केवल चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा देती हैं, बल्कि सेंट्रल इंडिया में कार्डियोलॉजी के क्षेत्र को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

यह IVUS कार्यशाला चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही और भविष्य में इस तरह के और भी उन्नत शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत आधार साबित हुई।

■ न्यूज गैलरी

महापुरुषों की प्रतिमाओं का होगा नियमित संधारण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने विभाग की समीक्षा बैठक लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। महापौर मीनल चौबे के मार्गदर्शन में हुई इस बैठक में तय किया गया कि शहर के प्रमुख चौराहों और परिसरों में स्थापित शहीदों, महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों का रखरखाव अब और बेहतर होगा। सभी जोनों को निर्देश दिए गए हैं कि मूर्तियों की गरिमा के अनुरूप उनकी नियमित सफाई और माल्यार्पण सुनिश्चित की जाए। अध्यक्ष गिदवानी ने अधिकारियों से शहर में जल्द ही सांस्कृतिक आयोजन करवाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव मांगे हैं। बैठक में अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

लालपुर फल बाजार में नाले पर चला निगम का बुलडोजर

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम जोन-10 के स्वास्थ्य विभाग ने लालपुर फल बाजार क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए नाले को कब्जे से मुक्त कराया है। आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर की गई इस कार्रवाई में नाले के ऊपर अवैध रूप से बनाए गए 12 बड़े कंक्रीट पाटों को जेसीबी से तोड़ दिया गया। इन अवैध पाटों और वहां लगाए जाने वाले फल ठेलों के कारण नाले की सफाई रुकी हुई थी, जिसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर की गई थी। जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध ठेलों को हटाया और नाले की सफाई करवाई। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा और स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा उपस्थित थे।

4 सूने मकानों से करीब डेढ़ लाख का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। चंगोराभाठा और रायपुरा इलाके में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरों ने चार अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घरों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर डीडीयू नगर थाना पुलिस ने अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चंगोराभाठा के करन नगर में किराए से रहने वाली ईशिका राउत 25 जनवरी की रात घर में ताला लगाकर नानी के घर सोने गई थीं। 26 जनवरी की सुबह जब वह लौटीं तो मुख्य गेट और कमरे का ताला टूटा मिला। अलमारी का लॉकर तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 25 हजार रुपए नकद सहित करीब 90 हजार रुपए की चोरी कर चुके थे। रायपुरा के मानसरोवर कॉलोनी निवासी आदित्य ठाकुर 24 जनवरी को पत्नी के साथ घर में ताला लगाकर राजिम गए थे। 26 जनवरी को लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। अलमारी से 15 हजार रुपए नकद चोरी हो चुके हैं। इसी इलाके के सुंदरम विहार में रहने वाले नरेश कुमार सिन्हा के घर से सोने-चांदी के जेवरात और 13 हजार रुपए नकद सहित लगभग 40 हजार रुपए की चोरी हुई। वहीं, चंगोराभाठा के न्यू सांकेत विहार में रहने वाले आदित्य नारायण के घर से भी चोरों ने 2500 रुपए नकद और चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

जलापूर्ति के लिए पेयजल योजनाओं का प्रभावी संचालन जरूरी : अरुण

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण पेयजल सेवाओं के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण के लिए आयोजित मिनिस्टर्स लेवल पॉलिसी डायलॉग ऑन सस्टेनेबल ओएंडएम ऑफ रुरल ड्रिंकिंग वाटर सर्विसेस में शामिल हुए। नई दिल्ली में आयोजित इस नीति संवाद की अध्यक्षता केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल एवं केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने की। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना, भारत सरकार के सचिव एवं अतिरिक्त सचिव सहित देश के विभिन्न राज्यों के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री भी शामिल हुए। इस संवाद कार्यक्रम में भारत सरकार और विभिन्न राज्यों के बीच ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था को दीर्घकालिक, सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने गहन विचार-विमर्श किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नीति संवाद में छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों, जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों तथा राज्य की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिशन के तहत निर्मित पेयजल योजनाओं को पंचायतों को हस्तांतरित करने के बाद उनका प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

उल्लेखनीय कार्य करने वाले बिजली कर्मी हुए सम्मानित, 65 लाख उपभोक्ताओं को बिजली निर्बाध आपूर्ति कर पा रहे

प्रबंध निदेशक के हाथों सम्मानित हुए वितरण कंपनी के दस कार्मिक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी एवं कार्यालयीन दस कार्मिक गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किए गए। विपरीत परिस्थितियों में भी लगन एवं धैर्य से कार्य करते हुए उपभोक्ता सेवा में लगे रहने वाले प्रदेशभर के दस श्रम साधकों को प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सेवा भवन में आयोजित सम्मान समारोह में एमडी श्री सिंह ने कहा कि मैदानी कर्मचारियों की जीवटता से ही संभव है कि हम 65 लाख उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली निर्बाध आपूर्ति कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गम भौगोलिक स्थितियों और प्रतिकूल मौसम के बावजूद विद्युत कर्मी दिन -रात कार्य करते हैं, वे खतरों के बीच कार्य करते हुए उपभोक्ता हित को सर्वोपरि रखते हैं। इनकी मेहनत के कारण हमारा छत्तीसगढ़ अन्य प्रदेशों से बेहतर विद्युत सेवा प्रदान कर पा रहा है।

गणतंत्र दिवस के मौके पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कार्मिकों में श्रीमती कृतिमा पाण्डेय मिश्रा, कार्यपालन अभियंता, कार्यपालक निदेशक (ई.आई.टी.सी.) को तकनीक नवाचार को बढ़ावा देने, श्री चंद्रशेखर शिंदे, सहायक प्रबंधक (के.ले.ई.) कार्यपालक निदेशक

(वित्त) को पेंशन शाखा में लाखों रुपए की रिकवरी तैयार करने और कंपनी को आर्थिक हानि से बचाने, सुश्री मीनल पाण्डेय, सहायक प्रबंधक, मुख्य अभियंता (मा.सं.) को अल्प अवधि में श्च-ह्ढद्बद्बष्ठ् के सफल क्रियान्वयन, श्री सौरभ कुमार कश्यप, कनिष्ठ अभियंता, नैला (जोन) जांजगीर को ट्रांसफार्मर विफलता दर को 07 प्रतिशत से घटाकर 1.1 प्रतिशत तक लाने, श्री ओम प्रकाश वर्मा, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन, कार्यपालक निदेशक (संचा./संधा.) को विधानसभा के समयबद्ध प्रकरणों एवं उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, लगन से संपादित करने, श्री कमल किशोर, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन, मुख्य अभियंता (भंडार एवं क्रय) को ई-ऑफिस से संबंधित कार्य, श्री चित्रभान राठौर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, मुख्य अभियंता (भंडार एवं क्रय) को ट्रांसफार्मर रिपेयर सेक्शन में टेंडर प्रोसेस, स्टेज इंस्पेक्शन से संबंधित कार्य को विशेष दक्षता से संपादित करने, श्री अक्षय देशमुख, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, सहायक यंत्री लिंकरोड जोन,नगर संभाग-एक, बिलासपुर को नवम्बर 2025 तक 53 लाख रुपये बकाया राशि वसूली एवं पीएम सूर्य घर के आवेदनों में त्वरित कार्यवाही करने, श्री चिन्टू राम पटेल, परि0 श्रेणी एक (ला0), कनिष्ठ अभियंता (ग्रामीण) वितरण केन्द्र कांकेर को विद्युत लाइन विच्छेदन कार्यवाही में 238 उपभोक्ताओं के राजस्व बकाया राशि रू. 13 लाख 91 हजार रुपए की वसूली करने तथा श्री जावेद अली, लाईन सहायक श्रेणी-2, धौरपुर वितरण केन्द्र, अम्बिकापुर को समयावधि में बिजली आपूर्ति से संबंधित सभी तकनीकी शिकायतों का समाधान करने के लिए प्रबंध निदेशक ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री व्ही के साय, श्री जे एस नेताम, मुख्य अभियंता श्री राजेन्द्र प्रसाद, श्री एम जामुलकर, श्री सुरेश कुमार चक्रवर्ती, श्रीमती चन्द्रकला डिडवानी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

रायपुर में आर-पार की जंग, हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी नियुक्ति नहीं मिलने से आक्रोश

परिजनों के साथ शिक्षा मंत्री के बंगले पहुंचे डीईडी अभ्यर्थी, 2300 पदों पर अटकी भर्ती को लेकर घेराव

■ एक महीने से अनशन पर डटे युवा अभ्यर्थी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सहायक शिक्षक भर्ती-2023 की प्रक्रिया पूरी करने की मांग को लेकर डी.ईडी अभ्यर्थियों का सब्र अब टूट चुका है। पिछले 24 दिसंबर से लगातार अनशन कर रहे ये अभ्यर्थी बुधवार को अपने परिजनों के साथ नया रायपुर स्थित स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बंगले का घेराव करने पहुंचे। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे केवल आश्वासन नहीं, बल्कि नियुक्ति पत्र लेकर ही लौटेंगे।

परिजनों का साथ और पुलिस से झूमा-झटकी: इस बार का प्रदर्शन इसलिए भी खास है क्योंकि अभ्यर्थियों के साथ उनके माता-पिता और अन्य परिजन भी सड़क पर उतरे हैं। घेराव के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जबरदस्त झूमा-झटकी हुई। पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अभ्यर्थियों को बलपूर्वक हटाने की कोशिश की और कई को गाड़ियों में बैठाकर धरना स्थल से दूर ले जाकर छोड़ दिया। महिला अभ्यर्थियों ने पुलिसिया कार्रवाई और दुर्व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे झुकने वाले नहीं हैं। उनका कहना है कि सरकार और विभाग की लापरवाही के कारण हजारों प्रशिक्षित युवाओं का भविष्य अधर में है। अभ्यर्थियों ने ऐलान किया है कि यदि जल्द ही ठोस आदेश जारी नहीं हुए, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और भी उग्र रूप दिया जाएगा।

हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना कर रही है। कोर्ट ने रिक्त पदों को दो महीने के भीतर भरने का आदेश दिया था, लेकिन समय बीत जाने के बाद भी करीब 2300 पद अब भी खाली पड़े हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि काउंसलिंग और पात्रता की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, इसके बावजूद उन्हें बेरोजगारी झेलनी पड़ रही है।

प्रमुख मांगें और प्रदर्शन के कारण

रिक्त पद: सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के बचे हुए करीब 2300 पदों पर तत्काल नियुक्ति।

कोर्ट का आदेश: हाई कोर्ट द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाए।

लंबा संघर्ष: 24 दिसंबर से जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन को निर्णायक मोड़ तक ले जाना।

एपीके फाइल के जरिए हो रही ठगी, रहें सतर्क

■ पॉवर कंपनी 10 अंकों के मोबाइल नंबर से कोई लिंक/ एपीके फाइल नहीं भेजती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में नए बिजली कनेक्शन देने के नाम पर व्हाट्सएप के माध्यम से साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए पावर कंपनी ने स्पष्ट किया है कि नए कनेक्शन के लिए पावर कंपनी किसी भी प्रकार की एपीके फाइल व्हाट्सएप पर नहीं भेजती है और न ही कभी इसे डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है। इस प्रकार के संदेश प्राप्त होने पर उन्हें क्लिक न करें। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (ऊर्जा एवं सूचना प्रौद्योगिकी) वी. के. साय ने बताया कि कुछ जिलों में उपभोक्ताओं द्वारा इस प्रकार की शिकायतें पुलिस में दर्ज कराई गई हैं। इन मामलों में उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पर नए बिजली कनेक्शन के डिमांड के भुगतान के लिए व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजी गई।

साइबर ठगी करने वालों ने इसे डाउनलोड कर कुछ प्रक्रियाएं पूरी करने को कहा, जिसके बाद उपभोक्ताओं का मोबाइल हैक हो गया और उनके खाते से धनराशि निकल गई। श्री साय ने उपभोक्ताओं को सतर्क करते हुए कहा कि बिजली से संबंधित भुगतान केवल निर्धारित माध्यमों से ही करें। साइबर अपराधियों के झांसे में न आएं। वे कभी बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर तो कभी नए कनेक्शन देने के नाम पर ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं।

पावर कंपनी कभी भी 10 अंकों वाले मोबाइल नंबर से न तो संदेश भेजती है और न ही किसी प्रकार का भुगतान लेती है। भुगतान की सुविधा केवल संबंधित बिजली कार्यालय, एटीपी केंद्र, मोर बिजली एप या कंपनी की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बिजली से संबंधित संदेश भेजने के लिए कंपनी सीएसपीडीसीएल-एस सेंडर आईडी का उपयोग करती है। मितान बॉट की व्हाट्सएप सुविधा में भी केवल सत्यापित आधिकारिक पहचान का ही उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य नंबर से प्राप्त संदेश पर किसी भी प्रकार का भुगतान न करें। अधिक जानकारी के लिए केंद्रीकृत कॉल सेंटर 1912 अथवा अपने नजदीकी वितरण केंद्र से संपर्क करें।

महा-रोजगार मेला आज से : 15 हजार से ज्यादा पदों पर होगी सीधी भर्ती

आईटी और बैंकिंग समेत 45 कंपनियां होंगी शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के लिए नए साल का सबसे बड़ा अवसर सामने आया है। राजधानी के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आज यानी 29 जनवरी से तीन दिवसीय महा-रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। इस मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की 45 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां 15,000 से ज्यादा पदों पर युवाओं का चयन करेंगी।

इन क्षेत्रों में मिलेंगी नौकरियां: इस मेगा प्लेसमेंट कैंप में आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, बैंकिंग, इंश्योरेंस, सेल्स, लॉजिस्टिक्स, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और सर्विस सेक्टर की कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। प्रमुख रूप से जेबीएम ऑटो, जेके टायर, स्विगी, एआईएसइसीटी और मुथुट माइक्रो फाइनेंस जैसी कंपनियां युवाओं को रोजगार देंगी। तकनीकी पदों के साथ-साथ हेयर स्टाइलिस्ट जैसे हुनरमंद युवाओं के लिए भी भर्ती की जाएगी।

योग्यता और जरूरी दस्तावेज: मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई और डिप्लोमा धारकों के साथ-साथ ग्रेजुएट, बीटेक और एमबीए पास युवाओं के लिए भी पर्याप्त अवसर हैं।

अनिवार्य दस्तावेज: अभ्यर्थियों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो), पहचान पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो की मूल प्रति एवं स्व-प्रमाणित फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है।

समय: 29 से 31 जनवरी, सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन है जरूरी: रोजगार मेले में शामिल होने के लिए युवाओं को पहले ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल या 'छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप' के माध्यम से अपना पद चुनकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पंजीकृत युवा पोर्टल से अपना प्रवेश पत्र भी डाउनलोड कर सकेंगे।

रेलवे स्टेशन पर युवक को चाकू मारकर लूटपाट

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में लुटेरों ने एक युवक को घेरकर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। मौका देखते ही आरोपी 8 हजार रुपए और मोबाइल फोन लूटकर भाग गए। किसी तरह युवक जीआरपी थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। यह मामला रविवार रात करीब 9.30 बजे की है। पीड़ित गजालुद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह सुभाष नगर में रहता है। नागपुर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंजतार कर रहा था, तभी पांच युवकों ने आकर मारपीट शुरू दी। हाथपाई के दौरान आरोपियों ने सिर और हाथ पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। लुटेरे जेब में रखे 8 हजार रुपए कैश और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए।

रायपुर की सड़कों के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत, हर विधानसभा में होगा डामरीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में सड़कों की दशा सुधारने के लिए महापौर मीनल चौबे ने बड़ी पहल की है। 15वें वित्त आयोग की मद से रायपुर ग्रामीण और रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2.50-2.50 करोड़ रुपये (कुल 5 करोड़ प्रथम चरण में) स्वीकृत किए गए हैं।

कुल मिलाकर शहर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 10 करोड़ रुपये से डामरीकरण कार्य कराए जाएंगे। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य पार्षदों की अनुशंसा और वार्ड की व्यावहारिक आवश्यकता के आधार पर ही होंगे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि डामरीकरण का कार्य उच्च स्तरीय गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को लंबे समय तक इसका लाभ मिले। बैठक में लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य और विभिन्न जोनों के अध्यक्ष व अभियंता मौजूद रहे।

---

2 महीने में 9 बार चला बुलडोजर, लेकिन एक भी एफआईआर नहीं

अवैध प्लाटिंग पर निगम का एक्शन सिर्फ दिखावा?

राजस्व विभाग ने दबा रखी है फाइल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई 'सिर्फ मुरुम उखाड़ने' तक सीमित रह गई है। पिछले दो महीनों में निगम ने 9 बड़े अवैध प्लाटिंग क्षेत्रों पर बुलडोजर तो चलाया, लेकिन एक भी भू-स्वामी या दलाल के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। इसकी सबसे बड़ी वजह नगर निगम और राजस्व विभाग के बीच तालमेल का अभाव है। निगम का दावा है कि वे तहसील कार्यालय से भू-स्वामियों की रिपोर्ट मांग रहे हैं, लेकिन वहां से फाइलें आगे नहीं बढ़ रही हैं।

राजस्व विभाग बना 'कवच', दलाल निकाल रहे रास्ता

नियमतः अवैध प्लाटिंग पाए जाने पर निगम को संबंधित खसरा नंबर के मालिक पर एफआईआर करानी होती है। इसके लिए तहसील कार्यालय से जमीन के मालिक का नाम, सीमांकन और बटांकन (जमीन के टुकड़े करने) की रिपोर्ट अनिवार्य है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने पत्र लिखे हैं, लेकिन राजस्व विभाग से जवाब नहीं मिल रहा। बिना रिपोर्ट के पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती, जिसका सीधा फायदा भू-माफिया उठा रहे हैं।

हाई कोर्ट का स्टे और मुरुम का अजीब तर्क

अवैध प्लाटिंग करने वाले अब कानून की पेचीदगियों का सहारा ले रहे हैं। हाल ही में रामनगर (जोन-7) के एक मामले में जब निगम ने सख्ती की, तो भू-स्वामी हाई कोर्ट से स्टे ले आया। कोर्ट में दलील दी गई कि 'जमीन को दलदल से बचाने के लिए मुरुम डाला गया था, न कि सड़क बनाने के लिए।' इस तकनीकी पेंच ने निगम के हाथ बांध दिए हैं।

'वुमन फॉर ट्री' के पौधे बसंत में लहके, पुराने पत्तों की जगह आ रही नई कोपलें

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महिला सशक्तिकरण योजना 'वुमन फॉर ट्री' के तहत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में लगाए गए पौधे सुरक्षित और जीवित हैं। वर्तमान में बसंत ऋतु (पतझड़) का मौसम होने के कारण इन पेड़ों से पुराने पत्ते झड़ रहे हैं और नए पत्ते निकल रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा इन पौधों की उचित देखभाल की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सभी रोपित पौधों में नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि गर्मी शुरू होने से पहले पौधे पूरी तरह स्थापित हो जाएं।

सुविचार

कुछ बातों से जानबूझकर अंजान बने रहना भी अच्छा होता है। सब कुछ जानना कई बार बहुत तकलीफ देता है।

यूजीसी के नए फरमान पर घमासान

यूनिर्वसिटी ग्रांड कमीशन (यूजीसी) के नए फरमान को लेकर देश में घमासान मच गया है। यूजीसी के ये नए नियम विवाद का विषय बन गए हैं। यहां तक की खुद भाजपा समर्थित लोग भी इसके विरोध में सड़कों पर उतरने लगे हैं। खास तौर पर उत्तर भारत में तो विरोध की चिंगारी अब ज्वाला का रूप धारण करती जा रही है। नई दिल्ली में भी यूजीसी के दफ्तर का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। यूजीसी के अफसरों के द्वारा 15 दिनों के भीतर इस पर पुनर्विचार करने के आश्वासन के बाद स्थगित किया गया है। यूर्निवसिटी के समानता विनियम 2026 के खिलाफ संवर्ण समाज ने सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया है। गौरतलब है कि 12 जनवरी 2007 को हैदराबाद यूर्निवसिटी के पीएचडी कर रहे एक छात्र रोहित ओमुला ने जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए खुदखुशी कर ली थी। इसी तरह 2019 में भी मुंबई की एक मेडिकल छात्रा पायल तलवी ने भी अपने साथ किए गए जातिगत भेदभाव से पीड़ित होकर आत्महत्या कर ली थी। इन घटनाओं को स्वतः संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए यूजीसी नई गाइडलाइन बनाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद केंद्र सरकार ने इसके लिए एक संसदीय समिति का गठन किया था, जिसके अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह बनाए गए थे। इसकी समिति में सभी राजनीतिक पार्टियों के सांसदों को सदस्य बनाया गया था। जिसनें सर्वाधिक 16 सदस्य भाजपा के सांसद थे। इस संसदीय समिति ने ही यूजीसी के लिए ये नए नियम बनाए है। जिसके तहत संर्वण छात्रों के कथित भेदभाव से एसटीएएसी पिछड़ा वर्ग और द्विव्यांग छात्रों को बचाने के लिए कई प्रावधान किए गए है। इनमें से कुछ प्रावधानों को संर्वण छात्र अपने साथ किया गया अन्याय मान रहे हैं और वे इसके खिलाफ सड़क पर उतर आए है। उनका कहना है कि एसएसटी और ओबीसी के छात्रों की शिकायत यदि फर्जी पाई जाती तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। जो यूजीसी के इस गाइड लाईन में नहीं है। ऐसे स्थिति में तो संर्वण छात्रों को झूठी शिकायत के आधार पर फंसाया जा सकता है और उनका भविष्य चौपट किया जा सकता है। जिस तरह एसएससी एक्ट का दुरुपयोग हो रहा है। वैसा ही दुरुपयोग इसका भी होगा। दूसरी आपत्ति इस बात को लेकर है कि हर शैक्षिणक संस्थान के लिए जो एक्विटी कमेटी बनाई जाएगी उनमें एसएसटी और पिछड़ा वर्ग को तो प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है, लेकिन सामान्य वर्ग के लोगों को इसमें शामिल करने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। ऐसे में सामान्य वर्ग के निर्दोष छात्रों के साथ ये एक्विटी कमेटियां कितना न्याय कर पाएगी। यह सोच का विषय है। बहरहाल यूजीसी के ये नए नियम खुद केंद्र की एनडीए सरकार के लिए भी गले की हड्डी बन गई है। जिसे न तो निगलते बन रहा है और न ही उगलते बन रहा है। हालांकि केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आश्वासन दिया है कि यूजीसी के इन नए नियमों के चलते किसी भी निर्दोष छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। केंद्र और राज्यसरकारें यह सुनिश्चित करेगी कि इसका दुरुपयोग न हो, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान के इस आश्वासन के बावजूद देशभर में इसका जबरदस्त विरोध हो रहा है। गौरतलब है कि संवर्ण समाज भाजपा का वोट बैंक माना जाता है और अब संवर्ण समाज के आंदोलित हो जाने से भाजपा की मुश्किली बढ़ना तय है। भाजपा नेताओं का हाल यह है कि वे विरोध कर रहे लोगों को समझा नहीं पा रहे हैं। भाजपा का आईटी सेल भी खामोशी अख्तियार किए हुए है। शीघ्र ही बंगाल और असम में विधानसभा चुनाव होने है, उसके बाद तमिलनाडु, केरल और उत्तर प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव होंगे। उसमें निश्चित रूप से यूजीसी का यह नया फरमान बढ़ा मुद्दा बनेगा और हो सकता है कि एनडीए को इसका खामियाजा भुगतना पड़ जाए। बेहतर होगा कि यूजीसी की इस गाइडलाइन को लेकर देश में जो विरोध के स्वर उठ रहे हैं उसे केंद्र सरकार गंभीरता से ले और इस गाइडलाइन पर पुर्नविचार करें। सभी पक्षों की राय लेकर इसमें जो विषंगतियां हैं, उन्हें दूर करें। अन्यथा उच्च शिक्षण संस्थाएं राजनीति का अखाड़ा बन कर रह जाएगी। आशा की जानी चाहिए कि इस पर केंद्र सरकार तत्काल विचार करेंगी।

आज का इतिहास

1528 : भारत में मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर ने मेवाड़ के राजा राणा सांगा को पराजित कर चंदेरी के किले पर कब्जा जमाया।

1916 : प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी ने फ्रांस पर पहली बार हमला किया।

1939 : रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफकल्चर की स्थापना।

1942 : जर्मनी और इटली के सैनिकों ने लीबिया के बेनगाजी पर कब्जा किया।

1949 : ब्रिटेन ने इजराइल को मान्यता दी।

1970 : निशानेबाजी में ओलंपिक पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर का जन्म।

1979 : भारत की पहली जंबो ट्रेन (दो इंजन वाली) तमिलनाडु एक्सप्रेस को नयी दिल्ली स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर मद्रास (अब चेन्नई) के लिए रवाना किया गया।

1989 : सीरिया और ईरान ने लेबनान में संघर्ष रोकने के लिए समझौता किया।

1992 : भारत आसियान का क्षेत्रीय सहयोगी बना।

1994 : भारत सरकार ने 'एयर कार्पोरेशन एक्ट' 1953 को रद्द किया।

1996 : फ्रांस के राष्ट्रपति जॉक शिराक ने भविष्य में देश में परमाणु परीक्षण पर रोक लगाने की घोषणा की।

2007 : हिन्दी फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने लंदन के चैनल-4 का मशहूर रियालिटी शो 'बिग ब्रदर' जीता।

2010 : भारत और रूस की संयुक्त परियोजना के तहत बनाए जा रहे पांचवीं पीढ़ी के युद्धक विमान ने रूस के सुदूर पूर्वी हिस्से में पहली बार सफलतापूर्वक परीक्षण उड़ान भरी।

2025 : अमेरिकी ईगल फ्लाइट 5342 की हवा में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित सिकोरस्की यूएच-60 ब्लैक हॉक से टक्कर हो गई और वह पोटोमैक नदी में गिर गई, जिससे दोनों विमानों में सवार सभी 67 लोग मारे गए।

प्रगति@50: शासन को इरादा नहीं, डिलिवरी परिभाषित करती है

टी.के. रामचंद्रन

परिणामस्वरूप, ज्यादातर मुद्दे जो आधिकारिक/मंत्रालय स्तर पर हल किए जा सकते हैं, पहले ही सुलझ जाते हैं और केवल मार्गदर्शन या दिशा की आवश्यकता वाले शेष जटिल मुद्दे ही वास्तविक समीक्षा के दौरान उठाए जाते हैं। इसी तरह, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से गुजरने वाले राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू)-1 पर लागू की जा रही जल मार्ग विकास परियोजना की प्रगति के तहत दो बार समीक्षा की गई। यह परियोजना अब समापन चरण में है और अधिकांश लंबित मुद्दे हल हो चुके हैं। प्रगति फोरम एक महत्वपूर्ण सत्य पर जोर देता है: सार्वजनिक मूल्य या पब्लिक वेल्यू केवल योजनाओं की घोषणा करने से नहीं, बल्कि मंजूर किए गए निवेश के नतीजों में परिणत होने से उत्पन्न होता है। अटकी हुई परियोजनाएँ केवल नीतियों को दोबारा निरुपित किए जाने के कारण ही आगे नहीं बढ़ी, बल्कि कार्यान्वयन के मार्ग को आसान बनाने और जवाबदेही लागू करने के कारण आगे बढ़ीं। प्रगति का सहकारी संघवाद में योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मुख्य सचिवों और केंद्रीय सचिवों को एक ही रीयल-टाइम प्लेटफ़ॉर्म पर लाया जाना बंटी हुई जिम्मेदारी के स्थान पर परिणामों की साझा जिम्मेदारी स्थापित करता है। प्रगति @50 इस बात का सबूत है कि शासन के नतीजे संस्था की संरचना पर निर्भर करते हैं। साइलो समाप्त करके, कार्यान्वयन का व्यापक दृष्टिकोण बहाल करके और कार्य समाप्त करने को प्राथमिकता देकर, प्रगति यह दर्शाता है कि असरदार शासन का आशय केवल कार्यभार बढ़ाना नहीं, बल्कि पहले से स्वीकृत कार्य को तेज़ी, गुणवत्ता और तालमेल के साथ पूरा करना है।

सरकार के दो परिवर्तनकारी कदमों–पीएम गति शक्ति और प्रगति–का विशाल परियोजनाओं की योजना बनाने, उन्हें कार्यान्वित करने और उनकी निगरानी करने पर गहरा असर पड़ा है। इस लेख में हम बाद वाले कदम के बारे में चर्चा कर रहे हैं। प्रगति (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) प्रारूप के तहत आयोजित 50वीं उच्च-स्तरीय समीक्षा दर्शाती है कि शासन के प्रति भारत सरकार के रुख और उसे संचालित करने के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव आया है। यह बदलाव नीयत से डिलिवरी की ओर, प्रक्रियागत अनुपालन से परिणामों की ओर तथा बिखरी हुई सत्ता से समन्वित एवं समयबद्ध कार्यान्वयन की ओर संकेत करता है। इस प्रकार प्रगति केवल एक प्रशासनिक नवाचार भर नहीं है; बल्कि यह शासन की संरचना की सोच-विचार कर की गई पुनर्रचना का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब शासन के अन्य मॉडल विफल रहे, तब यह मॉडल परिणाम देने में कैसे सफल हुआ?

प्रगति की आवश्यकता

सार्वजनिक परियोजनाओं में देरी होना लगभग आम बात रही है। फिर भी, शायद ही कभी इस देरी कारण नीति में स्पष्ट जानकारी या वित्तीय मंजूरी का अभाव रहा। शासन प्रणालियों का बिखराव इस देरी का कारण रहा है। मंत्रालय ऊपरी से निचले स्तर तक या वर्टिकली कार्य करते हैं; राज्य और केंद्र क्रमिक रूप से काम करते हैं; और विवाद निपटाने के अधिकार-संपन्न मंच न होने के कारण, विवाद लंबित पड़े रहते हैं। गतिविधियाँ बढ़ने के बावजूद जवाबदेही कमज़ोर होती जाती है। मुख्य समस्या कमज़ोर तालमेल और साइलो-बेस्ड समीक्षा तंत्र रही हैं।

इसके परिणामस्वरूप, परियोजना की डिलिवरी का व्यापक उद्देश्य अक्सर कहीं खो जाता है। कई परियोजनाएँ जमीनी विवाद, पर्यावरण या वन मंजूरी, नियामक अनुमोदन, संविदा से जुड़े विवादों या राज्यों के बीच तालमेल संबंधी चुनौतियों के कारण वर्षों तक अटकी रहीं। एक बहु-मंत्रालयीय और बहु-राज्यीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था में, जहाँ प्रत्येक संस्था अपने अधिकार क्षेत्र पर प्रभुत्व जमाए हुए होती है, किसी के लिए भी दूसरे को राजी करना कठिन हो जाता है। जब परियोजना की पूर्ति में कई राज्यों और मंत्रालयों को योगदान देना होता है, तो बैठकें करने, चर्चा करने, फील्ड दौरे करने, समितियाँ बनाने और अंतहीन पत्राचार करने की पुरानी प्रक्रिया बेअसर साबित होती है। यह एक ऐसा तरीका था, जिसमें चर्चा को निर्णय, गतिविधि को काम, गति को प्रगति और केवल नीयत को उपलब्धि समझ लिया जाता था।

प्रगति का आगमन

प्रगति निर्णय लेने, समन्वय करने और लागू करने के तरीके को नए तरीके से डिजाइन कर लगातार बनी रहने वाली इन संरचनात्मक कमियों को दूर करता है। प्रणालीगत समन्वयक के रूप में काम करते हुए यह मंत्रालयों, राज्यों

और जिलों के निर्णयकर्ताओं को एक ही संस्थागत और डिजिटल मंच पर लाता है। यह फ़ाइलों के आदान-प्रदान, क्षेत्राधिकार की अस्पष्टता और विभागीय पत्राचार के कारण होने वाली देरी को समाप्त करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कार्यान्वयन का विस्तृत दृष्टिकोण बहाल करता है, जिससे नेतृत्व फ़ाइलों की लंबित स्थिति के बजाय प्रणाली से संबंधित रुकावटों की पहचान कर सकता है। प्रगति के तहत होने वाली समीक्षा की अध्यक्षता करने में माननीय प्रधानमंत्री की भूमिका इसकी सफलता के लिए बहुत जरूरी है। उनका सीधा जुड़ाव इस बात का स्पष्ट संकेत देता है कि डिलिवरी राष्ट्रीय प्राथमिकता है और कार्यान्वयन की विफलताओं पर सर्वोच्च स्तर पर ध्यान दिया जाएगा। यह निर्णायक कार्रवाई को सुगम बनाता है और समीक्षा को परिणामों के लिए एक बाध्यकारी ढांचे में बदल देता है। इन समीक्षाओं के दौरान लिए गए निर्णय अंतिम, समयबद्ध और डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किए जाते हैं, जिससे जवाबदेही स्पष्ट और लागू करने योग्य होती है।

प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण सक्षमकर्ता के रूप में कार्य करती है। रीयल-टाइम डेटा, जियो-स्पैशियल विज़ुअलाइज़ेशन और क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ सीधे संवाद हितधारकों के बीच जानकारी की असमानता समाप्त करते हैं और निर्णयों को साक्ष्यों के आधार पर लिया जाना सुनिश्चित करते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रौद्योगिकी प्रशासनिक निर्णय क्षमता को बदलने के बजाय उसे सुदृढ़ करती है, जिससे प्रणाली के भीतर नेतृत्व की जिम्मेदारी और मजबूत होती है। प्रगति में समापन पर जोर दिया जाता है और यही बात उसे पहले के समीक्षा तंत्रों से अलग बनाती है। समस्याएँ तब तक सक्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें हल नहीं किया जाता, और उन्हें लगातार कैबिनेट सचिवालय और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा ट्रैक किया जाता है। केवल स्पष्टीकरण देना अब परिणामों का विकल्प नहीं है। समय के साथ, इस अनुशासन ने प्रशासनिक व्यवहार को बदल दिया है, जिससे मंत्रालयों और राज्यों को समस्याओं का पूर्वानुमान लगाने और उन्हें बढ़ने से पहले हल करने की प्रवृत्ति बढ़ी है

परिणाम

परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं और आकलन करने योग्य हैं। 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं में तेज़ गति से काम हुआ गई है। हाल के वर्षों में, प्रगति के तहत पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) की दस परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिससे अड़चनों का जल्द समाधान हुआ और तेज़ी से कार्यान्वयन संभव हुआ। मैं उदाहरण के रूप में दो परियोजनाओं को प्रस्तुत करूँगा। लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) एक विशाल परियोजना है, जिसमें केंद्र सरकार के संस्कृति, रक्षा, विदेश, रेल और राजमार्ग जैसे कई मंत्रालयों के साथ-साथ गुजरात सरकार भी शामिल हैं। साथ ही, कई तटीय राज्यों के पवेलियन स्थापित किए जाने हैं, इसलिए संबंधित राज्य भी इस परियोजना का हिस्सा हैं। पिछले वर्ष एनएमएचसी परियोजना को प्रगति के एजेंडे में शामिल करने से कई स्तरों पर तुरंत कार्रवाई शुरू हो गई। सामान्यतः एजेंडे को प्रधानमंत्री द्वारा समीक्षा से कुछ महीने पहले सूचित किया जाता है, जिससे विभिन्न हितधारकों को प्राथमिकता के साथ मुद्दों को हल करने का अवसर मिलता है।

भारत के इतिहास की सबसे बड़ी डील

नीजर मनजीत

इन सारे देशों के वासी अच्छे खासे समृद्ध हैं और भारतीय कंपनियों के लिए अच्छे उपभोक्ता साबित हो सकते हैं। इस मेगा डील का पूरा श्रेय पीएम मोदी की दूरदर्शिता और बेहतरीन कारोबारी समझ के साथ साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा उद्योग-वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के परिश्रम को दिया जाएगा, जिन्होंने दिन रात एक करके इसे अंजाम तक पहुंचाया। ख़ास तौर पर पीएम मोदी की धैर्य और मौन से भरी कूटनीति की तारीफ़ की जानी चाहिए, जिन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के एकतरफ़ा अपरिमित दबाव और टैरिफवॉर में जीत हासिल की है। पीएम मोदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट कर दिया है कि यह डील सिर्फसामान बेचने-खरीदने तक सीमित नहीं रहेगी। भारत और यूरोपीय यूनियन मिलकर समुद्री सुरक्षा, साइबर सिक्योरिटी और आतंकवाद के ख़िलाफ़ रणनीति बनाकर काम करेंगे। इंडो-पैसिफिक इलाके में दोनों महाशक्तियों का सहयोग बढ़ेगा और सबसे बड़ी बात यह है कि भारत की डिफेंस कंपनियां यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रक्षा उपकरणों का साझा विकास कर सकेंगी।

मंगलवार को आख़िर नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में सौहार्द और प्रसन्नता से भरे माहौल में भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर दोनों पक्षों ने दस्तख़त कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कहते हैं। यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन इसे मदर ऑफऑल डील्स कहती हैं। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा एक कदम आगे बढ़कर कहते हैं कि वर्ल्ड आर्डर बदल रहा है और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र तथा बहुपक्षीय विजेता के तौर पर यूरोपियन यूनियन और भारत की यह ज़िम्मेदारी है कि वे संयुक्त राष्ट्र चार्टर को आधार बनाकर अंतरराष्ट्रीय कानून को बनाए रखें। एंटोनिया कोस्टा के इस कथन को डोनाल्ड ट्रंप के तानाशाही को स्पर्श करते हालिया फ़ैसलों के परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है, जिन्होंने वैश्विक बिरादरी को संशय और भय में डाल दिया है।

इस डील पर समूचे वैश्विक समुदाय की निग़ाहें टिकी हुई थीं। गणतंत्र दिवस के समारोह में उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा को बतौर ख़ास मेहमान बुलाया गया था। इसके पहले ही पिछले हफ़्ते दावोस, स्विट्ज़रलैंड में वर्ल्ड इकोनॉमी फ़ोरम के सम्मेलन में उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस मदर ऑफआल डील्स का ऐलान कर दिया था। इन समझौतों पर दस्तख़त करते वक़्त हैदराबाद हाउस का माहौल पूरी तरह दोस्ताना और पारिवारिक था। दुनिया की दो महाशक्तियाँ दो परिवारों की तरह एक-दूसरे के समीप आ रही थीं और नज़दीकी रिश्तों का नया इतिहास रच रही थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी, उर्सुला और कोस्टा के भावभीने संबोधनों ने एक अलग ही रंग जमा दिया। उर्सुला ने भारत के प्रमुख पर्व मकर संक्रांति का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह त्योहार जिस तरह से अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है, उसी तरह यह डील दुनिया को अँधेरे से रौशनी की तरफ़ ले जाएगी। मोदी ने एंटोनिया कोस्टा को लिस्बन का गाँधी निरूपित करते हुए कहा कि ग्लोबल ऑर्डर में उथल-

पुथल के इस दौर में भारत और ईयू की साझेदारी अंतरराष्ट्रीय समुदाय की स्थिरता को मजबूत करेगी। कोस्टा ने अपनी जन्मस्थली गोवा का ज़िक्र करते हुए कहा कि वे भारत के नागरिक भी हैं। इस फ्री ट्रेड डील से भारत और यूरोपीय यूनियन के तक़रीबन 200 करोड़ वासियों को कहीं न कहीं फ़ायदा होगा। यूरोपीय यूनियन अमेरिका के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति के मामले में चीन और अमेरिका के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2026 में यूरोपीय संघ की जीडीपी 30.18 ट्रिलियन डॉलर यानी 2766 लाख करोड़ होने का अनुमान है। जबकि फ़िलहाल भारत की जीडीपी 4.18 ट्रिलियन डॉलर यानी लगभग 374.5 लाख करोड़ रुपए है और यह जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनिया की सबसे बड़ी रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक भारत की विकास दर आठ फ़ीसदी के क़रीब है और 2030 तक कुल जीडीपी 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की पूरी उम्मीद है। ज़ाहिर है कि 2030 में भारत की इकोनॉमी जर्मनी को पीछे छोड़कर अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी होगी। 2024-2025 के आंकड़ों के मुताबिक यूरोपीय संघ के वासियों की कुल क्रय शक्ति तक़रीबन 13.6 ट्रिलियन यूरो यानी 15 लाख करोड़ रुपए है। ज़ाहिर है कि इस डील के बाद भारतीय उत्पादकों के लिए एक बड़ा बाज़ार खुल जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों के बीच 136.53 अरब डॉलर यानी साढ़े बारह लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। इसमें भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर यानी 6.4 लाख करोड़ रुपए और आयात 60.68 अरब डॉलर यानी 5.1 लाख करोड़ रुपए था।. इसके अलावा यूरोपियन यूनियन ने अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के बीच 117.4 अरब डॉलर यानी 10.77 लाख करोड़ रुपए निवेश किए हैं। इस डील के बाद यूरोपीय यूनियन के निवेश और आपसी कारोबार में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है। फ़िलहाल आस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, साइप्रस, चेक गणराज्य, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आयरलैंड, ईटली, लातीविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवानिया, स्वीडन,.स्पेन और कोएशिया को मिलाकर यूरोपीय यूनियन में कुल 27 देश शामिल हैं। इनके अलावा मकदूनिया, तुर्की, अल्बानिया, बोस्निया हर्जोगोविना, मांटीनीग्रो और सर्बिया भी संभावित सदस्य देशों के रूप में माने जा रहे हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किताबों में पढ़ा है, बुजुर्गों से सुना है, संतों ने कहा...

किताबों में पढ़ा है बुजुर्गों से सुना है संतों ने कहा है जीभ के जख्म जल्दी भर जाते हैं। मुसीबतों के बबूल जल्दी झड़ जाते हैं। मगर जीभ से हुए जख्मों का क्या ? जो चुप्पी में चुपचाप उतर जाते हैं उन लिजलिजे घावों का क्या ? कुछ चोट चीखने की इजाजत नहीं देते उन अनकही पीड़ाओं का क्या? क्या सवाल कोरा रह जाएगा? कौन देगा हिसाब? कौन लिखेगा इस पर किताब? या फिर वह ओझल हो जाएगा जब वक्त खींच लेगा अपना नकाब? कविता सहकीकत सदर्शन सदर्पण ससवाल यूँ। **मनीष सिंह वंदन**

हुआ वितान तीन रंग लो चले

हुआ वितान तीन रंग लो चले विमान हैं। विमान आसमान भेदने भरें उड़ान हैं उड़ान में जवान हिंद देश के महान हैं महान वीर धीर धार धारते कमान हैं कमान धार जोश में सभी रहें समान हैं समान वर्दियां समान ध्वज का निशान हैं निशान केशरी हरे सफेद आन बान हैं कि आन बान शान में सुजान राष्ट्र गान है। **रजनी रामदेव**

जागती आँखों के ख्वाब कब पूरे

जागती आँखों के खूवाब कब पूरे हुए और किसके जो मेरे होंगे? सुनो तुम हक़ीक़त हो और मैं एक खूवाब काश! मुझे दिखता वो तारा दिन के उजाले में भी जिसे मैने देखा है अक्सर खूवाबों में, तो मैं देख पाती अपनी भी श्रद्धांजलि सभा बिन मरे जिसमें सब थे मेरे सिवा। - **शुचि 'भवि'**

भई आपको आपके होने का गुमान

भई आपको आपके होने का गुमान है मगर सरकार तो आपसे एकदम अनजान है साबित करिये कि आप वही इंसान है जैसा कि आपकी अभी बनी पहचान है आप हैं वोटर या फिर किसान क्या सरकार से, नही परेशान है ! पूज रहा देश जिनको मान के शंकराचार्य पहचान की लड़ाई में अब वो भी हैरान हैं आएगा नम्बर अजी देखिए धीरे धीरे सभी बिन नम्बर के बचा वही जो करते गुणगान हैं। - **संत आर. थवाईत**

गजात- पात के नाम पर

गजात- पात के नाम पर, करें घिनौनी भूल। राजनीति बदरंग है, जिसका नहीं उसूल। राजनीति चाहे नहीं, कोई नियम विधान। जात-पात के नाम पर, करती खींचातान।। जात-पात के नाम पर, करें वोट का खूयाल। नेताओं की क्या पता, ..कब बदलेगी चाल। किया जिन्होंने आपका, जीवन भर सम्मान। उनका करने लग गए, तुम्हीं आज अवसान।

– रमेश शर्मा वशिष्ट

क्यों मैं मुझमें ही डूब जाऊँ-आ

क्यों मैं मुझमें ही डूब जाऊँ-आ तुझको भी धरा पर देख लूं, आखिर चलती है कहां ज़िन्दगी- इसमें भी आपनी राह देख लूं,, तुझको जिया- तुझे पाया और- तुझपर ही निछावर हो गया, पर तू है कहां?तूझे मैं पा लूं,, दिखकर भी अनदेखा हुआ तू- मुझमें होकर मुझको ना दिखा तू- पल पल बीत रहा है समय पल, आ जीवन तुझसे कुछ सीख लूं,, क्यों मैं मुझमें ही डूब जाऊँ- आ तुझको भी धरा पर देख लूं। -**ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज के दिन का पूर्वार्ध कुछ ख़ास नहीं रहेगा दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे। अधूरे कार्य आज भी लटके रहने की संभावना है।

वृष: आज का दिन आपके लिए आशा से अधिक फायदेमंद रहेगा। घर एवं बाहर आश्चर्यजनक घटनाएं घटित होंगी। आज जहाँ आप हानि की संभावना रखेंगे वहां से भी लाभ मिलेगा।

मिथुन: आपका आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। जिस भी कार्य को करने का प्रयास करेंगे उसमे ही विलंब के साथ कुछ ना कुछ कमी रहेगी।

कर्क: आज का दिन आपको राज समाज से लाभ के साथ-साथ मान-सम्मान भी दिलाएगा। कारोबारी लोग रुके हुए कार्य सहायता मिलने से पूर्ण कर सकेंगे। प्रतिस्पर्धा भी कम रहने से लाभ के आसार बढ़ेंगे।

सिंह: आज के दिन आस-पास का वातावरण अनुकूल मिलने से दिनचर्या सुव्यवस्थित रहेगी कार्यो के प्रति गंभीर रहेंगे जिससे समय से पहले पूर्ण कर लेंगे।

कन्या: आज के दिन आपको अधूरे कार्य पूर्ण करने की जल्दी रहेगी जल्दबाजी में कुछ कार्य बिगड़ भी सकते है इसका ध्यान रखें। कार्य क्षेत्र पर अपनी गलती का गुस्सा अन्य व्यक्ति के ऊपर निकालने से गर्मा गर्मी बढ़ेगी।

तुला: आज का दिन भी आपको प्रतिकूल फलदेगा। प्रातःकाल से ही कार्य करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से असमर्थता रहेगी। मन एक साथ दो विषयो में भटकने से असमंजस में फंसे रहेंगे।

वृश्चिक: आज आपके द्वारा बनाई योजनाएं शीघ्र फलीभूत होंगी। सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आज सरलता से पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी। क्लेश का कारण बन सकती है फिर भी धन लाभ होने से संतुष्टि रहेगी।

धनु: आपका आज का दिन भागदौड़ वाला रहेगा। शारीरिक शिथिलता के बाद भी कार्यो की व्यस्तता सेहत ज्यादा खराब करेगी। धन संबंधित कार्य जोड़ तोड़ की नीति से पूर्ण करलेंगे फिर भी आज के दिन से जो आशा रहेगी।

मकर: आज का दिन आपको पुराने परिश्रम का फल देगा। व्यवहारिकता से बनाये सम्बन्धों से लाभ की संभावनाएं बनेगी। व्यवसाय से भी मध्यान तक प्रचुर मात्रा में लाभ अर्जित कर पाएंगे।

कुंभ: आज के दिन गृहक्लेश के कारण वातावरण कलुषित होने की संभावना अधिक है। भाई-बंधू वैरभाव रखेंगे परिवार के अन्य सदस्य भी आपका पक्ष लेने से बचेंगे।

मीन: आज दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु बीच-बीच में पारिवारिक उलझने परेशान करेंगी। व्यवसाय में परिश्रम का फल विलम्ब से मिलेगा धन लाभ के लिए अधिक इन्तजार करना पड़ेगा ।

QUIZ TIME

1) इंडो-तुर्किये फ्रेंडशिप एसोसिएशन की शुरुआत किस शहर में की गई है?

2) प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2025 की मेजबानी कौन सा शहर करेगा?

3) बिग बेन को किसने बनाया था?

4) महान लाल धब्बा के रूप में जाना जाने वाला एक विशाल प्रतिचक्रवाती तूफान किस ग्रह से संबंधित है?

5) भारत का पहला वर्ल्ड पीस सेंटर किस शहर में उद्घाटित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) हैदराबाद (2) भुवनेश्वर (3) ऑगस्टस पुगिन (4) बृहस्पति (5) राजगीर

पहेली

शब्द सामर्थ्य -299

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 298 का हल

भूपेश पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने घेरा थाना

भिलाई/नवप्रदेश। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अभद्र भाषा, गाली-गलौज और समाज में द्वेष फैलाने के विरोध में भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने आज सुपेला थाने का घेराव कर दिया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुपेला थाना पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। नाराज कांग्रेसी थाना परिसर गेट पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेसियों ने साफ कहा कि एफआईआर दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी होने तक वे थाने के सामने बैठे रहेंगे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर योजनाबद्ध तरीके से नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है। राजनीतिक द्वेष के चलते वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को अपमानित किया जा रहा है। इससे पहले रायपुर में भी इसी तरह का मामला सामने आ चुका है। वहां एनएसयूआई के प्रदर्शन के बाद सिविल लाइन थाना में एक सोशल मीडिया यूजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। रायपुर के बाद दुर्ग जिले में भी उसी तर्ज पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। भिलाई शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ और दुर्ग जिले में लगातार बढ़ते अपराध चिंता का विषय है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्स पर अमित सेन ने पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। चंद्राकर ने बताया कि थाना प्रभारी ने उनसे समय मांगा है। टीआई का कहना है कि यह मामला आईटी एक्ट के तहत आता है। उचित धाराओं में केस दर्ज करने की प्रक्रिया हो रही है।

चार्ज लेने के बाद पहली बैठक में आईजी ने दिए सख्त निर्देश, गंभीर अपराधों में टीआई खुद दर्ज करें एफआईआर

■ **आईजी ने थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुलिसिंग में ढिलाई न बरतें।**

भिलाई/नवप्रदेश। नए पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के पुलिस अफसरों की पहली अहम बैठक लेकर अपराधियों पर लगाम कसने में ढिलाई न बरतने के सख्त निर्देश दिये। आईजी ने थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुलिसिंग में ढिलाई न बरतें। अनुशासन, जवाबदेही के साथ काम करें। आईजी ने लुभावने विज्ञापन देकर ठगी करने वालों की सूची बना कर कड़ी कार्रवाई करें। गंभीर मामलों में टीआई खुद एफआईआर दर्ज करें। उन्होंने 90 दिनों में लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिये।

पुलिस नियंत्रण कक्ष में हुई इस बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान आईजी शांडिल्य ने अधिकारियों से परिचय लेने के बाद जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्य, गतिविधियों और आचरण पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस की छवि सीधे तौर पर आम जनता के विश्वास से जुड़ी होती है।

आईजी ने वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर विशेष चिंता जताते हुए कहा कि थाना स्तर पर सक्रिय निगरानी करते हुए शहर में संचालित व्यवसायिक संस्थानों, संदिग्ध कंपनियों और लुभावनी निवेश योजनाओं की पहचान की जाए। ऐसे संस्थानों का सर्वे कर सूची तैयार करें और आम नागरिकों को ठगी से बचाएं। उन्होंने साफ कहा कि गंभीर अपराधों, विशेषकर वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में थाना प्रभारी खुद अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज करें। किसी भी स्तर पर टालमटोल या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

पुलिस थानों में लंबित धोखाधड़ी के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश भी दिये गए। एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए।

शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में समाधान और नए प्रावधानों के अनुसार पंजीबद्ध मामलों का 60 व 90 दिनों में निराकरण करने कहा गया।

बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा समेत सभी अधिकारी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

होटल के कमरे में बंद कर बेदम पिटाई, इलाज के दौरान मौत

दुर्ग। रकम वसूलने कसारीडीह निवासी ऋषि निर्मलकर (19) को घर से उठाकर आरोपियों ने होटल 36 इन के कमरे में बंद कर पिटाई की। बेरहमी से पिटाई के बाद आरोपी उसे घायल हालत में छोड़कर भाग निकले। इलाज के दौरान ऋषि की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के पिता के अनुसार पैसों के लेनदेन को लेकर ऋषि के साथ मारपीट की गई। बाद में ऋषि के घर पहुंचने पर उसे भिलाई के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी प्रशांत राव पिता लक्ष्मण राव और अन्य साथियों के खिलाफअपराध दर्ज कर प्रशांत राव को हिरासत में ले लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

धान खरीदी में अनियमितता : सहकारिता अधिकारी सस्पेंड

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने धान खरीदी में अनियमितता के मामले में सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं धमधा के सहकारिता विस्तार अधिकारी प्रजय सोनी को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में सोनी का मुख्यालय कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग निर्धारित किया गया है। सेवा सहकारी समिति मर्यादित ठेंगाभांट में धान खरीदी के दौरान अनियमितता की जांच तहसीलदार ने की थी। उपार्जन केन्द्र ठेंगाभांट के जांच में 682 बैग अनाधिकृत रूप से भंडारित पाया गया। प्रकरण में प्रजय सोनी का समिति के कर्मचारियों/पदाधिकारियों के साथ संलिप्तता होने पर उन्हे सस्पेंड किया गया है।

शैलदेवी महाविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आज से, जुटेंगे 2 हजार विद्यार्थी

वेद और विज्ञान के समन्वय पर शंकराचार्य निश्चलानंद करेंगे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

अविमुक्तेश्वरानंद को स्नान से नहीं रोका, तामझाम के कारण रोका गया, विवाद को गलत तरीके से पेश किया-शंकराचार्य निश्चलानंद

गोवर्धन मठ, पुरी के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने उत्तर प्रदेश में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद को लेकर कहा कि उन्हें स्नान के लिए नहीं रोका गया, बल्कि वहां अत्यधिक तामझाम और अव्यवस्था के कारण रोका गया। दुर्ग आगमन के दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस पूरे मामले को गलत तरीके से पेश किया गया। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती बुधवार को दुर्ग पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और समर्थकों ने उनका स्वागत किया। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के अभियान के तीसरे चरण के अंतर्गत दुर्ग आए हैं।

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती दुर्ग जिले के ग्राम अंडा स्थित शैल देवी महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विज्ञान व वेदांत विषय पर दो हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मुहिम छेड़ते हुए शंकराचार्य विद्यार्थियों से सीधे संवाद करेंगे। राष्ट्रीय सेमिनार को लेकर शंकराचार्य महाराज 29, 30 और 31 जनवरी को ग्राम अंडा (दुर्ग) के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान शंकराचार्य श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज शैलदेवी महाविद्यालय कैंपस में राष्ट्रीय सेमिनार और धर्मसभा को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय सेमिनार में शोधार्थी छात्रों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को दीक्षा भी दिलाई जाएगी। इसके लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ 29 जनवरी को सुबह 11:30 बजे होगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो. संजय तिवारी होंगे। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ वक्ता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो. अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा (मध्य प्रदेश) के प्रो. उत्तम द्विवेदी, शासकीय कमलादेवी राठी, महिला पीजी कॉलेज राजनांदगांव के प्रो. ओंकार लाल श्रीवास्तव, शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग के चेयरमैन राजन कुमार दुबे मौजूद रहेंगे। शंकराचार्य श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज के धर्मसभा व अन्य धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का प्रवेश निःशुल्क होगा। यह बातें शैलदेवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा ने बुधवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान आयोजन समिति के नीतीश तिवारी, रोहन झा, एवन कुमार भी मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा ने बताया कि शंकराचार्य महाराज का 29 जनवरी की शाम 5 बजे शैलदेवी महाविद्यालय में आगमन होगा। वे 30 और 31 जनवरी को दर्शन, संगोष्ठी व धर्मसभा में विद्यार्थियों के अलावा श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। दोनों दिन कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। 1 फरवरी की शाम 5 बजे शंकराचार्य महाराज रायपुर आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे। प्राचार्य ने बताया की नई पीढ़ी को विज्ञान की समझ है, लेकिन वेद और विज्ञान का समन्वय स्थापित कैसे होगा, इन सारे विषयों से विद्यार्थियों को अवगत कराना राष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री ने किया पुलिस भवनों व आवासों का वर्चुअल उद्घाटन

■ **स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने पुलिस सहायता केन्द्र बोरसी का फीता काटकर शुभारंभ किया**

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से दुर्ग जिले में छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के माध्यम से निर्मित विभिन्न पुलिस भवनों और आवासों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत नई पुलिस लाइन दुर्ग में 36 अराजपत्रित अधिकारियों व 48 प्रधान आरक्षक/आरक्षकों के नवनिर्मित आवास गृह, दुर्ग में नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल, थाना पद्मनाभपुर व थाना पुलगांव के नवनिर्मित भवन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय धमधा का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बोरसी स्थित पुलिस सहायता केन्द्र के प्रवेश द्वार में फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस बल व उनके परिवारों की सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने पुलिस परिवारों की मांग पर सर्व-सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण, हाईमास्ट लाइट की स्थापना और पुलिस आवासों के मरम्मत कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी (शहर) दुर्ग सुखनंदन राठौर, पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एसडीओ नवीन वर्मा और सुरेन्द्र कौशिक, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

ब्लास्ट फर्नेस में स्लैग निपटान करने वैकल्पिक डिस्पोजल मार्ग का उद्घाटन

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के केंद्रीय यांत्रिकी संगठन द्वारा निर्मित ब्लास्ट फर्नेस में वैकल्पिक स्लैग डिस्पोसल मार्ग का उद्घाटन 28 जनवरी को कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार द्वारा किया गया। ब्लास्ट फर्नेस के जंक्शन-4 क्षेत्र में स्थित इस वैकल्पिक स्लैग डिस्पोजल मार्ग के प्रारंभ होने से ब्लास्ट फर्नेस के स्लैग निपटान प्रक्रिया में निरंतरता और परिचालन सुगमता सुनिश्चित होगी।

ब्लास्ट फर्नेस के जंक्शन-4 के माध्यम से स्लैग डिस्पोजल प्रक्रिया को निर्बाध बनाए रखने इस महत्वपूर्ण योजना की परिकल्पना और रूपरेखा मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) प्रमोद कुमार व मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से तैयार की है।

कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) प्रमोद कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय यांत्रिकी संगठन द्वारा ब्लास्ट फर्नेस में वैकल्पिक स्लैग डिस्पोजल मार्ग का निर्माण संयंत्र के आंतरिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए किया गया। इससे लागत में बचत हुई। ब्लास्ट फर्नेस (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल), टी एंड डी, एम.आर.डी., स्टील स्ट्रक्चरल शॉप, ई.डी.डी., प्लांट गैरेज, सी.एम.एम., सी.ई.डी. सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों ने भी सहयोग दिया।

यह वैकल्पिक स्लैग डिस्पोसल मार्ग जे-5, सी-1 व सी-2 स्लैग गैलरी के रखरखाव व मरम्मत कार्य को सुगम बनाने के साथ-साथ ब्लास्ट फर्नेस के जंक्शन-4 से स्लैग डिस्पोजल प्रक्रिया को निर्बाध बनाए रखने की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक था। वैकल्पिक स्लैग डिस्पोजल मार्ग के निर्माण से जंक्शन-4 के माध्यम से स्लैग निपटान की प्रक्रिया में निरंतरता सुनिश्चित हुई है जिससे ब्लास्ट फर्नेस के प्रचालन को बिना किसी बाधा के बनाए रखा जा सकेगा।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष बने बरडिया

दुर्ग/नवप्रदेश। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग की सामान्य सभा विगत दिनों ऋषभदेव परिसर में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से योगेश बरडिया को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। बरडिया ने अपनी टीम में विभिन्न घटक दलों से पदाधिकारीयों को मनोनीत किया है। समिति के उपाध्यक्ष मनीष बडज़ात्या, प्रभात सांखला, प्रवीण बोथरा, आकाश पारख, महामंत्री विजय कोठारी, सहमंत्री अक्षय जैन, राहुल बरमेचा, संभव श्रीश्रीमाल, नीतेश पारख, कोषाध्यक्ष संदीप निमाणी और प्रचार प्रसार प्रभारी नवीन संचेती को बनाया गया है।

रुंगटा यूनिवर्सिटी के छात्रों ने बनाया शिकायत निवारण सिस्टम, देंगे डेमो

■ **अब वाट्सऐप पर आएंगे सरकारी दफ्तर**

भिलाई/नवप्रदेश। सड़क पर अचानक गड्ढा दिखने या बिजली गुल होने, आग लगने, सहित अन्य मामलों में पुलिस सहित सरकारी विभागों की मदद के लिये अब न दफ्तरों के चक्कर लगाने होंगे और न अलग-अलग जगह शिकायत करनी होगी।

वाट्सऐप पर एक संदेश भेजना होगा और समस्या सीधे संबंधित विभाग तक पहुंच जाएगी। आम लोगों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के छात्रों ने नया और उपयोगी सिस्टम तैयार किया है। रांची में हुए तकनीकी नवाचार महाकुंभ रांची हैक्स में इस सिस्टम ने सबका ध्यान खींचा है। महाकुंभ ने इस सिस्टम को प्रथम पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित की गई थी, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से छात्र शामिल हुए थे। रुंगटा की छात्र टीम ने इनोवेशन पेश किया। यह सिस्टम सीधे आम जनता की रोजमर्रा की समस्याओं से जुड़ा हुआ है।

छात्रों ने बताया कि उन्होंने किसी नए मोबाइल एप या वेबसाइट की बजाय ऐसा सिस्टम बनाया है, जो वाट्सऐप के जरिए ही काम करता है। लोग सड़क खराब होने, बिजली न होने, पानी की दिक्कत, आग लगने, सड़क जाम या पुलिस सहायता जैसी किसी भी समस्या के लिए तय किए गए वाट्सऐप नंबर पर संदेश भेज सकते हैं। संदेश भेजते ही शिकायत अपने आप संबंधित विभाग तक पहुंच जाएगी।

सिस्टम की खास बात यह है कि किसी इलाके में आग लगने, दुर्घटना होने या सड़क बंद होने जैसी स्थिति बनने पर उस क्षेत्र से गुजर रहे लोगों को तुरंत वाट्सऐप पर सूचना मिल जाएगी। इससे लोग समय रहते सतर्क हो सकते हैं और परेशानी से बच सकते हैं। छात्रों ने पुलिस सहित सभी शासकीय विभागों के लिए एक अलग व्यवस्था तैयार की है। कोई भी शिकायत मिलने पर सीधे विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएगी। अधिकारियों को तुरंत जानकारी मिलने पर कार्रवाई शुरू की जा सकती है। सिस्टम को इस तरह से तैयार किया गया है कि अगर 24 घंटे के भीतर किसी शिकायत का समाधान नहीं होता, तो वह बार-बार संबंधित विभाग को याद दिलाता है। शिकायत की जानकारी ऊपर के अधिकारियों तक भी जाती रहती है, ताकि किसी भी तरह की लापरवाही न हो। रांची हैक्स में मौजूद निर्णायक मंडल ने इस नवाचार की जमकर सराहना की। रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के छात्र और फैकल्टी मिलकर इसे और भी ज्यादा अपडेट करने में जुट गए हैं। आने वाले कुछ ही दिनों में रुंगटा यूनिवर्सिटी द्वारा इस सिस्टम का डेमो जिला प्रशासन और राज्य शासन को दिया जाएगा।

गणतंत्र दिवस... | वीबीजीरामजी योजना की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

जगह-जगह मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस, शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज

दुर्ग/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जिला पंचायत की झांकी में वीबीजीरामजी योजना की आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया गया। झांकी के माध्यम से योजना के उद्देश्य, लाभ और प्रक्रिया को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। पीएम आवास और मनरेगा जल संरक्षण संचय के कार्यों, आजीविका डबरी, मछली पालन, स्व सहायता समूह को प्रशिक्षण, राज मिस्त्री प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी गई। इसमें क्यूआर कोड की सुविधा भी दी गई थी। आम नागरिक कोड को स्कैन कर सीधे अपने मोबाइल पर योजना से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त कर रहे थे।

इस डिजिटल पहल से लोगों को योजना की सही, सरल और त्वरित जानकारी मिली। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में झांकी का निर्माण किया गया। झांकी की रचनात्मकता, जनजागरूकता संदेश और डिजिटल जानकारी प्रणाली की विशेष प्रशंसा की।

मैत्री विद्या निकेतन में मनाया

रिसाली में मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरण ने तिरंगा फहराया। स्कूल हेड गर्ल अंकिता कुर्रे ने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए शपथ दिलाई। प्रबंधक व प्राचार्या डॉ. संजीता थंबी, प्रबंधक एस सजीव, उप प्राचार्या डॉ बीना सजीव, डॉ सुरेखा पाटिल सहित विद्यालय स्टाफमेंबर उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया। संचालन आकांक्षा और मुस्कान सिंह ने किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मोक्षदा साहू ने हिंदी और जोया ने इंग्लिश में गणतंत्र दिवस के विषय में अपने विचार व्यक्त किये। पूर्वी निर्मलकर ने कविता पाठ किया। देशभक्ति समूह गानों के साथ मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किये गए। वन्दे मातरम गीत की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

भाजपा कार्यालय में कौशिक ने फहराया तिरंगा

दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। उपस्थितजनों ने देश के लिए शहीद हुए वीर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर महापौर अलका बागमार, चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, विनोद अरोरा, सभापति श्याम शर्मा, कुमुद बघेल, मनोज सोनी, सरिता मिश्रा, अशोक राठी, राजीव पांडेय, गायत्री वर्मा, ओम प्रकाश सेन, ध्रुव सचदेव, सैयद आसिफ अली, राहुल पंडित, राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, कमलेश फेकर, महेंद्र लोढ़ा, बंटी चौहान, कौशल साहू, अजय तिवारी, विनायक नातू, चतुर्भुज राठी, मनोज मिश्रा, मनोज अग्रवाल, डॉ शरद अग्रवाल, समीर रिजवी, प्रीति साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

123 अमृत सरोवर के तट पर लहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन के अमृत सरोवर तटों पर ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता, साफ-सफाई और जल संरक्षण की शपथ ली। उपस्थितजनों ने ग्राम व आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने और जल स्रोतों के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वीबीजीरामजी योजना की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत छाटा के अमृत सरोवर में सरपंच कमलेश चेलक, उपसरपंच उमा चेलक, रोजगार सहायक राजेन्द्र, पंचगण, बिहान समूह की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत भनसुली के अमृत सरोवर में सरपंच भगवती मुकेश साहू, उपसरपंच पद्मभूषण साहू सहित समस्त पंचगण उपस्थित रहे।

जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि राज्य शासन के निर्देश पर जिले के 123 अमृत सरोवर स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वतंत्रता सेनानियों या उनके परिजनों, स्वतंत्रता के बाद शहीद हुए व्यक्तियों के परिजनों व स्थानीय पद्म पुरस्कार विजेताओं का सम्मान किया गया।

कठपुतली के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

कुम्हारी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत दुर्ग पुलिस द्वारा लगातार आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। कुम्हारी पुलिस द्वारा एक अभिनव पहल के तहत कठपुतली कला के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के महत्व, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा के पालन और सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में जागरूक किया गया। कठपुतली नृत्य की संचालिका किरण मोइत्रा ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से जागरुकता अभियान को बहुत सराहना मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस विधा की तरफ विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि लोगों में मनोरंजन के साथ साथ जागरूकता भी आए। कुम्हारी थाना प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने अपील की कि दो पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं। चार पहिया वाहन चालकों को भी हमेशा सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए, ताकि आप और आपका परिवार सुरक्षित रहे। अंत मे यातायात के नियमों के पालन हेतु सभी को शपथ दिलाई गई।

न्यूज गैलरी

रायपुर साहित्य उत्सव मे डॉक्टर चंद्र भानु सतपथी जी की पुस्तकों को अच्छा प्रतिसाद

रायपुर/ नवप्रदेश। साहित्य उत्सव का 3 दिवसीय समारोह संपन्न हुआ। जिसमे डॉक्टर चंद्र भानु सतपथी जी द्वारा लिखित पुस्तकों को अच्छा प्रतिसाद मिला । ब्राह्माण्ड के उपर लिखी पुस्तक अव्यक्त से व्यक्त पर लोगो की अभिरुचि बहुत ज्यादा दिखी और पसंद की गयी गुरु तत्व पर आधारित श्री गुरु भागवत एक सुन्दर और अपनी तरह का प्रथम रचना है जिसमे गुरु और शिष्य , गुरुवतत्व का व्यापक विवेचन है । इस पुस्तक पर लोगो की बहुत सुन्दर प्रतिक्रिया आयी है। शिर्डी साई बाबा पर आधारित पुस्तक दुर्लभ अभिलेखों और ब्रिटिश राज के खुफ़िआ रिपोर्टस पर गहन रिसर्च कर लिखी गयी है डॉक्टर चंद्र भानु सतपथी एक अन्तर्राष्ट्रीय विख्यात विद्वान,लेखक एवं आध्यात्मिक विचारक हैडॉक्टर चंद्र भानु सत्पथी जी द्वारा एक पुस्तक गुरु भागवत नाम का पुस्तक हर भाषा में प्रकाशित किया गया है जिनके पढ़ने से जीवन में बहुत ही प्रभाव होने लगा है यह एक अलग ही प्रभाव शाली है जिसका बिक्री रायपुर साहित्य उत्सव में अधिक हुआ

मां परमेश्वरी महोत्सव में दो जोड़ों का होगा विवाह

राजनांदगांव / नव प्रदेश। : नगर देवांगन समाज द्वारा एक फरवरी को कुलदेवी मां परमेश्वरी महोत्सव कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास भवन जीई रोड में होगा। समारोह में समाज द्वारा दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। आयोजन की तैयारी जोरों से चल रही है। नगर देवांगन समाज के महोत्सव का यह 11वां वर्ष है। यह दो सत्रों में होगा। सुबह 10 बजे पूजा-आरती के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। फिर परिचय सम्मेलन, डांस और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के बाद रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता होगी। दोपहर दो बजे उदघाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आमंत्रित हैं। इसके अतिरिक्त महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, कोमल राजपूत व समाज के प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी भी मंचासीन रहेंगे। समापन सत्र में खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन मुख्य अतिथि रहेंगे। अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव आदि आमंत्रित हैं।

जिले में अब तक 90 प्रतिशत किसानों ने बेचा धान

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य में धान खरीदी जिले में सुचारु रूप से संचालित है। अब तक जिले के 90 प्रतिशत किसानों ने धान विक्रय कर लिया है एवं शेष किसानों से धान खरीदी सभी 166 उपार्जन केंद्रों में जारी है।जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकानके अनुसार अब तक 150867 किसानों से 742443 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है जिसके एवज़ में किसानों को 1601 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।धान खरीदी हेतु जिले के कुल 167120 किसानों ने पंजीयन कराया है जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत किसान धान बेच चुके है।अब तक 279255 मेट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है जो जारी डीओ का 70.66 प्रतिशत है। इसके साथ ही 123867 किसानों से लगभग 7105 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है।

ज्ञातव्य है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विगत 15 नवम्बर 2025 से 166 उपार्जन केन्द्र के माध्यम से समर्थन मूल्य में सुचारु रूप से धान खरीदी का कार्य संचालित है। पारदर्शी व्यवस्था हेतु उपार्जन केंद्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं जिनके द्वारा हर सप्ताह केन्द्र का जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा रहा है इसके साथ ही अवैध धान पर संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है।

अभिलाषा केंद्र में 76वाँ गणतंत्र दिवस भावनात्मक उल्लास के साथ संपन्न

डॉ. विधि तिवारी ने दिव्यांगजनों को बताया संसार की सबसे शक्तिशाली आत्माएँ

राजनांदगांव / नव प्रदेश। विकलांग-दिव्यांग अभिलाषा केंद्र में 76वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमा, उत्साह और भावनात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक, समाजसेवी एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता डॉ. विधि तिवारी तथा समाजसेवी लायन गिरीश सोनछत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े पदाधिकारी, सदस्य, बच्चे एवं दिव्यांगजन शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विधि तिवारी ने अपने भावपूर्ण उद्बोधन में कहा कि वे आज संसार की सबसे शक्तिशाली आत्माओं के बीच उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची शक्ति बाहरी सामर्थ्य में नहीं, बल्कि संघर्ष के बीच भी एक-दूसरे का सहारा बनने, सहनशीलता, करुणा और परस्पर सहयोग में निहित होती है, जो दिव्यांगजनों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि वे सेवा देने के बहाने नहीं, बल्कि साक्षात नारायण स्वरूप दिव्यांगजनों से आशीर्वाद लेने आई हैं। उनके विचारों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं दिव्यांगजनों द्वारा देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्हें उपस्थितजनों ने सराहना के साथ उत्साहवर्धन किया। अभिलाषा केंद्र के संचालकों ने डॉ. विधि तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका स्नेह, सम्मान और आत्मीय व्यवहार दिव्यांगजनों के मनोबल को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

इस अवसर पर संस्था के बच्चों को पाँच दिवस तक निःशुल्क योग प्रशिक्षण देने वाली सत्यानंद योग आश्रम की योग प्रशिक्षक सुश्री तारिणी मिरानी एवं उनके सहयोगी श्री साहू को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोहून, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने किया। समापन राष्ट्रगान एवं मिठाई वितरण के साथ हुआ।

कबीरधाम एसपी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, पदोन्नति से वंचित किए जाने पर छलका दर्द

नियमों की अनदेखी और भेदभाव का आरोप

कवर्धा। कवर्धा।। छत्तीसगढ़ पुलिस महकमे में पदोन्नति को लेकर एक गंभीर और संवेदनशील मामला निकलकर सामने आया है। भारतीय पुलिस सेवा (ढ्ढक्क) 2012 बैच के अधिकारी एवं कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपने साथ हुए कथित अन्याय, भेदभाव और संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में एसपी ने स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया है कि सभी नियमों और मापदंडों को पूरा करने के बावजूद उन्हें जानबूझकर पदोन्नति से वंचित रखा गया है, जिससे उनका मनोबल बुरी तरह प्रभावित हुआ है।पत्र के अनुसार, पुलिस मुख्यालय द्वारा 10 अक्टूबर 2024, 31 दिसंबर 2024, 26 मई 2025 और 31 जुलाई 2025 को जारी पदोन्नति सूचियों में उनके नाम पर विचार तो किया गया, लेकिन पदोन्नति नहीं दी गई। विभाग की ओर से इसका कारण लोकायुक्त संगठन, भोपाल में लंबित जांच को बताया गया है।

एसपी धर्मेंद्र सिंह छवई ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि उनके विरुद्ध न तो कोई चार्जशीट जारी हुई है, न ही कोई विभागीय कार्यवाही लंबित है और न ही किसी न्यायालय में आपराधिक मामला विचाराधीन है। इसके बावजूद उन्हें वरिष्ठ वेतनमान एवं उप पुलिस महानिरीक्षक (ष्ठढ्ढत्र) के पद पर पदोन्नति नहीं दी गई।

उन्होंने पत्र में यह गंभीर सवाल भी उठाया है कि जिन अधिकारियों पर उनसे कहीं अधिक गंभीर आरोप हैं, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज हैं और जिन मामलों में न्यायालय से अंतिम रिपोर्ट तक प्रस्तुत नहीं हुई है, उन्हें पदोन्नति का लाभ दे दिया गया, जबकि उनके साथ अलग मापदंड अपनाया गया।

पत्र में भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 15 जनवरी 1999 को जारी पदोन्नति नियमों का हवाला देते हुए कहा गया है कि यदि कोई अधिकारी निलंबित नहीं है, आरोप पत्र जारी नहीं हुआ है और न्यायालय में आपराधिक मामला लंबित नहीं है, तो उसे पदोन्नति से वंचित नहीं किया जा सकता।

एसपी ने इस पूरे मामले को भारतीय संविधान के अनुच्छेद-16 (समान अवसर का अधिकार) का खुला उल्लंघन बताते हुए कहा है कि समान परिस्थिति वाले अधिकारियों को पदोन्नति दी गई, जबकि उनके साथ भेदभाव किया गया।

इस पत्र के सामने आने के बाद पुलिस विभाग की पदोन्नति प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अब सभी की नजर मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के निर्णय पर टिकी हुई है कि इस संवेदनशील मामले में क्या कदम उठाए जाते हैं और क्या एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को उसका अधिकार और सम्मान मिल पाता है या नहीं।

किसानों को नियमित एवं समयबद्ध भुगतान मिलने से क्षेत्र में संतोष और उत्साह का वातावरण

कवर्धा / नव प्रदेश।। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा द्वारा ?07.95 करोड़ की राशि जारी की गई है इस प्रकार कारखाना द्वारा कुल 39.84 करोड़ का भुगतान अब तक जारी किया जा चुका है। इस प्रकार किसानों को नियमित एवं समयबद्ध भुगतान मिलने से क्षेत्र में संतोष और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में गन्ना किसानों को लगातार भुगतान किया जा रहा है, जिससे सहकारी व्यवस्था में किसानों का विश्वास और मजबूत हुआ है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि भुगतान की यह निरंतरता किसानों की आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ कारखाने के संचालन को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

पेराई व उत्पादन में निरंतर प्रगति–

पेराई सत्र की स्थिति पर जानकारी देते हुए कारखाना प्रबंधन ने बताया कि अब तक 196,010 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे 2,24,157 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है।यह उपलब्धि किसानों के सहयोग, प्रशासनिक मार्गदर्शन और कारखाने की कार्यक्षमता का संयुक्त परिणाम है।

सहकारिता की भावना को मजबूत करने की अपील

इसी क्रम में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना प्रबंधन ने अपने शेयरधारक सदस्य किसानों एवं गैर-सदस्य गन्ना उत्पादकों से सर्वे के अनुरूप अधिकतम गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की सकारात्मक अपील की है। प्रबंधन ने इसे किसी प्रकार की चेतावनी नहीं, बल्कि सहकारिता को मजबूत करने और किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने का साझा अवसर बताया है।कारखाना प्रबंधन ने बताया कि विगत पेराई सत्र 2024-25 एवं वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में सर्वे अनुमान के अनुरूप गन्ना आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण कारखाने की पेराई क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो सका, जिससे पेराई अवधि प्रभावित हुई। पर्याप्त गन्ना आपूर्ति होने से पेराई अवधि बढ़ेगी, उत्पादन में वृद्धि होगी ।

महापौर मधुसूदन यादव ने मोहारा फिल्टर प्लांट का किया आकस्मिक निरीक्षण

एलम एवं अन्य समाग्री के पर्याप्त भण्डारण रखने के दिए निर्देश

राजनांदगांव /नव प्रदेश। महापौर श्री मधुसूदन यादव आज निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों श्री सुनील साहू, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, पार्षद श्री मनोहर यादव के साथ मोहारा फिल्टर प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर क्लोरिंन की मात्रा,एलम की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महापौर श्री यादव सुचारू पेयजल सप्लाई के लिये प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर जल विभाग के अधिकारियों से मोहारा प्लांट पहुँच पंप की स्थिति और एलम, ब्लीचिंग तथा अन्य समाग्री की उपलब्धता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने फिटकरी का भण्डारण देख ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त फिटकरी रखने कहा। उन्होंने कहा कि फिटकरी सहित अन्य समाग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निगम तथा कम्पनी के अधिकारियो से कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

महापौर ने क्लोरिन टेस्ट की जानकारी लेकर पीएचई. विभाग से होने वाले जॉच के संबंध में भी चर्चा किए। उन्होंने नदी में पानी की स्थिति की जानकारी लिए। उप अभियंता श्री युवराज कोमरे ने बताया कि नदी का जल स्तर 2 फीट कम हुआ है, पेयजल सप्लाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। ऐनीकट में पानी कम होने की स्थिति में बाधो से पानी लिया जाता है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि जल संयंत्र गृह के तीनो प्लांट के सीएफएल की भी सफाई करावें। उन्होंने शहर में चल रहे टंकी सफाई की जानकारी लेकर उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे से कहा कि कुछ क्षेत्रो में पानी गंदा या कीडे आने की शिकायत प्राप्त होती है, उसका जॉच कर निराकरण करे और ग्रीष्म ऋतु के पूर्व स्वच्छ पेयजल सप्लाई के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे।

मुख्यमंत्र द्वारा नवीन साइबर थाना का लोकर्पण वर्चूवल रूप से किया गया

छत्तीसगढ़ में कुल 8 जिलो में साइबर पुलिस थाना का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा रायपुर से एक साथ किया गया

राजनांदगांव /नव प्रदेश। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय जी द्वारा जिला राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य 07 जिलों में नवीन साइबर पुलिस थानों का उद्घाटन किया गया। नवीन साइबर पुलिस थाने राजनांदगांव, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, बलौदा बाजार, धमतरी एवं महासमुंद जिलों में स्थापित किए गए हैं।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री *श्री विष्णुदेव साय* द्वारा कहा गया कि साइबर अपराध केवल तकनीकी चुनौती नहीं रहा अपितु यह कानून-व्यवस्था, आर्थिक सुरक्षा और आम जनता के विश्वास से जुड़ा एक गंभीर विषय बन चुका है। साइबर अपराध जैसे ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, निवेश के नाम पर ठगी, साइबर ब्लैकमेलिंग, ऑनलाइन सट्टा जैसे गंभीर साइबर अपराध, सोशल मीडिया का उपयोग कर निरंतर वृद्धि हो रही है।

राज्य शासन द्वारा साइबर अपराध शिकायतों पर कार्यवाही में तेजी लाये जाने के उद्देश से आधुनिक संसाधन युक्त साइबर विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षित पुलिस कर्मचारियों की मदद से जाँच में तेजी लाये जाने एवं पुलिसिंग को तकनिकी रूप से दक्ष बनाये जाने के उद्देश्य में यह कदम मील का पत्थर है। साइबर अपराध अनुसन्धान को सुदृढ़ किये जाने हेतु भविष्य में डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक संकलन, मोबाइल फॉरेंसिक, डेटा विश्लेषण तथा अंतर-राज्यीय एवं अंतर-एजेंसी समन्वय हेतु संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे।

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम हेतु निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम, साइबर जागरूकता अभियान तथा तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। गृह विभाग ने पुलिस बल को आवश्यक प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण, कानूनी एवं नीतिगत सहयोग उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई।

अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे इन साइबर पुलिस थानों को पीड़ित-केंद्रित, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण पुलिसिंग के मॉडल के रूप में विकसित करें, क्योंकि साइबर अपराध में समयबद्ध कार्रवाई अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

विश्वास व्यक्त किया गया कि ये नए साइबर पुलिस थाने छत्तीसगढ़ को साइबर सुरक्षित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रथम पेज का शेष

प्रमोशन न मिलने पर कबीरधाम...

साथ भेदभाव किया गया है। इस पत्र के सामने आने के बाद पुलिस विभाग की पदोन्नति प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

गंभीर आरोप वाले अफसरों को मिल गई पदोन्नतिः आईपीएस धर्मेंद्र सिंह ने पत्र में यह भी आरोप लगाया कि कई ऐसे अधिकारी, जिन पर उनसे कहीं ज्यादा गंभीर आरोप हैं और जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज हैं, उन्हें पदोन्नति दे दी गई, जबकि उनके मामले में अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई पूरी भी नहीं हुई है।

केंद्र सरकार के नियमों का हवालाः पत्र में गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 15 जनवरी 1999 को जारी नियमों का उल्लेख किया गया है। इन नियमों के अनुसार, यदि कोई अधिकारी निलंबित नहीं है, उसके खिलाफ आरोप पत्र जारी नहीं हुआ है और न्यायालय में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है तो उसे पदोन्नति से वंचित नहीं किया जा सकता।

प्लेन क्रैश में महाराष्ट्र...

गठबंधन सरकार में शामिल है। उन्हें मिलाकर पार्टी के कुल 41 विधायक थे। वे खुद उपमुख्यमंत्री थे। उनके अलावा उनकी पार्टी से 7 कैबिनेट और 1 राज्य मंत्री हैं।

संसद के बजट सत्र की शुरुआत...

से घटकर 8 जिलों तक रह गया है। एक साल में माओवाद से जुड़े लगभग दो हज़ार लोगों ने आत्मसमर्पण किया है। इससे लाखों नागरिकों के जीवन में शांति लौटी है। माओवाद से प्रभावित रहे इलाकों में परिवर्तन को आज पूरा देश देख रहा है। बीजापुर के एक गांव में 26 साल बाद बस पहुंची तो लोगों ने उत्सव की तरह खुशी मनाई। बस्तर ओलंपिक में युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। हथियार छोड़ चुके व्यक्ति आज जगदलपुर में पंडुम कैफे में लोगों की सेवा कर रहे हैं। मेरी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जो लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा से जुड़े हैं, उनका जीवन पटरी पर लौटे। वो दिन दूर नहीं जब देश से आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा

सरगुजा-जगदलपुर-धमतरी...

की। उन्होंने कहा कि जांच जारी है।

बम और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंचीः जानकारी के मुताबिक, सरगुजा जिला न्यायालय के न्यायाधीश को ई-मेल पर धमकी भरा ई-मेल मिला था। इसमें आज जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसकी जानकारी जिला न्यायाधीश ने सरगुजा पुलिस को दी। सरगुजा एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह, सीएसपी राहुल बंसल सहित पुलिस अधिकारियों और जवानों की टीम के साथ बम और डॉग स्क्वायड की टीम जिला न्यायालय पहुंची।

वाहनों के साथ परिसर की जांच

: पुलिस अधिकारियों ने न्यायालय में आने-जाने वाले लोगों की जांच के लिए मेटल डिटेक्टर के साथ जवानों को गेट पर तैनात कर दिया। सभी कार और बाइक सवारों की तलाशी ली गई। बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की टीम ने न्यायालय परिसर की जांच की।

एहतियातन सुरक्षा के इंतजामः सरगुजा एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बताया कि सिक्योरिटी थ्रेट का एक ई-मेल आया है। इसकी सूचना हमें न्यायालय से मिली है। सूचना पर यहां पुलिस बल लगाया गया है। बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की टीम लगाई गई है। ई मेल मिला है, उसको भी हमने संज्ञान में लिया है। अभी तक कोई ऐसा संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिला है। लगातार जांच की जा रही है। यहां सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त हैं। ई-मेल आउटलुक से आया है। जिसे चेक किया जा रहा है कि कहां से आया है, क्या उद्देश्य है। इसकी जांच कर रहे हैं।

साहस, शौर्य और बलिदान की...

पुलिस बल की टीम भावना का प्रतीक है, जबकि साल वृक्ष मजबूती, दृढ़ता, दीर्घायु, संरक्षण, प्राकृतिक संतुलन तथा मौन रहकर भी प्रभावशाली योगदान का संदेश देता है। छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा अंचल में पूजनीय साल वृक्ष की भांति यह पदक भी पुलिस बल के समर्पण, सेवा और समाज के प्रति प्रतिबद्धता को सम्मानित करेगा और छत्तीसगढ़ पुलिस की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बनेगा।

मनरेगा पर भाजपा का हमला, मजदूरों के हक़ की रक्षा को सड़क पर उतरी कांग्रेस।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष वर्मा

धरसींवा / कूंरा

आशीष वर्मा के नेतृत्व में दोंदे मंडल अंतर्गत ग्राम पवनी में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पंचायत जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान मनरेगा मजदूरों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें हो रही गंभीर समस्याओं — काम की कमी, मजदूरी भुगतान में देरी एवं अधिकारों के हनन — पर विस्तार से चर्चा की गई।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण मनरेगा जैसी जीवनरेखा योजना को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है। समय पर भुगतान न होना, काम बंद करना और मजदूरों को भटकाने की नीति भाजपा सरकार की गरीब-विरोधी मानसिकता को उजागर करती है।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने मजदूरों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा मजदूरों के हक़ की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी ताकत से लड़ेगी। भाजपा सरकार की मजदूर-विरोधी सोच के खिलाफजनआंदोलन को और तेज़ किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष पप्पू बंजारे जी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल जी, पूर्व जिला अध्यक्ष उद्यो वर्मा जी, मंडल अध्यक्ष शेखर यादव जी, मण्डल अध्यक्ष घनश्याम वर्मा जी, अजय वर्मा जी, शेषनारायण बघेल जी, गिरवर वर्मा जी, सूरज ठाकुर जी, मुकेश ठाकुर जी, बूथ प्रभारी पवनी साहू जी सहित आसपास के बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे।

सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, धरसींवा भाजपा सरकार से मांग करती है कि मनरेगा मजदूरों को तत्काल काम उपलब्ध कराया जाए और लंबित मजदूरी का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

देशभक्ति से सराबोर रहा गणतंत्र दिवस समारोह

नगरी/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व पूरे देश के साथ-साथ नगरी विकासखंड के ग्राम उमरगांव में भी हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहों, शासकीय विद्यालयों एवं ग्राम पंचायत भवन में विधिवत रूप से तिरंगा झंडा फहराया गया। ध्वजारोहण उपरांत उपस्थित जनसमुदाय द्वारा राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी गई।

समारोह के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से पूरे गांव को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया गया। बच्चों के उत्साह और अनुशासन ने सभी का मन मोह लिया।

गौरतलब है कि ग्राम उमरगांव स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला गांव रहा है। इस ग्राम से लगभग 45 स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया, जिनका आज भी ग्राम स्तर पर सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को स्मरण कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसमें देशभक्ति नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

समिति में धान खपाने का प्लान ध्वस्त, वाहन सहित 600 कट्टा धान जब्त

■ **अब तक एक लाख 39 हजार 525 किसानों से 9 लाख 822 मीट्रिक टन धान की खरीदी**

महासमुंद/नवप्रदेश। धान खरीदी के अंतिम दौर में खरीदी जारी है, तो दूसरी ओर अवैध धान खपाने के लिए कोचिएं भी सक्रिय हो गए हैं। प्रशासनिक टीम लगातार अवैध धान खपाने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। दो अलग-अलग मामलों में 600 कट्टा धान वाहन समेत जब्त किया है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में डिप्टी कलेक्टर शुभम देव के नेतृत्व में की गई दो कार्रवाई में कुल 600 कट्टा धान जब्त किया गया। जिसमें ओडिशा से ट्रक में अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे लगभग 500 कट्टा धान को पकड़ा गया। जब्त धान सहित वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए कोमाखान पुलिस के सुपुर्द किया गया। वहीं एक अन्य कार्रवाई में धान से भरी दो पिकअप वाहनों को अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिनमें लगभग 100 कट्टा धान भरा हुआ था। उक्त वाहनों एवं धान को नियमानुसार कार्रवाई के लिए मंडी की टीम को सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह लगातार सघन दौरा कर रहें हैं। कलेक्टर ने कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध परिवहन, भंडारण अथवा विक्रय को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

9 लाख 822 मीट्रिक टन धान की खरीदी किया जा चुका

महासमुंद जिले में 28 जनवरी की स्थिति में 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 9 लाख 822 मीट्रिक टन धान की खरीदी किया जा चुका है। अब तक कुल 5 लाख 18 हजार 507 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी हो चुका है। हैं। जिसके विरूद्ध जिले में कुल 333 मिलों के माध्यम से 2 लाख 97 हजार 457 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। अब तक एक लाख 39 हजार 525 किसानों द्वारा धान का विक्रय कर लिया गया है, जो पंजीकृत किसानों की संख्या का 89.95 प्रतिशत है।

युकां प्रदेश प्रभारी का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित सिंह पठानिया के आज महासमुंद नगर पालिका कार्यालय आगमन पर पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों एवं युकां कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। नपाध्यक्ष ने प्रदेश प्रभारी के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर ज्योति रिन्कू चंद्राकर, जय देवांगन, गुलशन साहू, जितेंद्र देव नारायण ध्रुव, नीरज चंद्राकर, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, अब्दुल सूफियान, बिट्टू साहू आदि उपस्थित थे।

चमेंदा ने किया नवनियुक्त सीआरपीएफजवान का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शाला परिवार चमेंदा ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयनित नवीन कुमार कोर्राम को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। नवीन कुमार विघालय का पूर्व छात्र है। वह शुरू से मेहनती एवं लगनशील छात्र रहा। उसके इस उपलब्धि पर पूरा गांव गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

इस अवसर पर जागेश्वर नेताम उपसरपंच , बीरबल नागेश विधायक प्रतिनिधि, धरम सिंह नेताम अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, द्रौपदी यादव प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, ललित साहू, हेमपुष्पा साहू, मनमोहन मरकाम,नारद राम ध्रुव सेवानिवृत्त प्राचार्य, सविता ध्रुव अध्यक्ष ग्राम समिति एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र कुमार साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला चमेंदा ने किया।

निधन

शांति बाई मरकाम

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी वार्ड नंबर

05निवासी शांति बाई मरकाम धर्मपत्नी मंगतू राम मरकाम सेनि.वनपाल का 25 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया । वे 77वर्ष के थे ,जिनका अंतिम संस्कार 26 जनवरी को गृहग्राम कोहिन पारा गट्टासिल्ली में किया गया। वे रामभुवन मरकाम, सुनीता ध्रुव व्याख्याता के माता एवं छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, गंगा मरकाम अंबा कार्यकर्ता, बिंदा मरकाम भृत्य की सास थे।

केंद्र सरकार की वीबी-जी राम जी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती: किशोर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने केंद्र सरकार के वीबी जी-राम-जी (विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन) योजना के प्रति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू के आह्वान पर जन जोहार चौपाल के माध्यम से अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-नवागांव, लखना व कोलियारी का दौरा किया और वहां चल रहे मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचकर कार्य कर रहे ग्रामीणों से बात करते हुए उन्हें बताया कि वीबी जी-राम-जी योजना लाने का प्रमुख उद्देश्य, ग्रामीणों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। साथ ही भविष्य में विश्व के लिए खतरा बनने वाली समस्याओं से निपटने में भारत को सक्षम बनाना है।

देवांगन ने बताया कि विपक्षी लोगों मुख्य रूप से कांग्रेस द्वारा इस योजना को लोगों का रोजगार खत्म करने वाला बताकर देश की जनता को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि मनरेगा में लोगों को साल में 100 दिन रोजगार मिलता था, वहीं वीबी जी-राम-जी योजना में 125 दिन रोजगार मिलेगा, यानि 25 दिन अधिक काम मिलेगा। अब लोग खुद तय करें कि उनका रोजगार खत्म होगा कि रोजगार बढ़ेगा । 25 दिन अधिक रोजगार मिलने का सीधा मतलब है कि 25 दिन अधिक की मजदूरी मिलेगी, जो लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा।

देवांगन ने बताया कि मनरेगा में केवल खुदाई और मिट्टी कार्य होता था, जबकि जी-राम-जी योजना में जल सुरक्षा कार्य, मुख्य ग्रामीण संरचना, आजीविका आधारित परिसंपत्तियां और जलवायु अनुकूल काम आदि काम होंगे। ये चारों ही काम भविष्य में विश्व के समक्ष उत्पन्न होने वाले खतरों से भारत को निपटने में सक्षम बनाएंगे। इस योजना में काम ग्रामसभा और पंचायत से ही प्रस्तावित होंगे, जिससे पंचायत सशक्त बनेंगे। देवांगन ने लोगों से आव्हान किया कि कांग्रेस और विपक्षियों के दुष्प्रचार को अपनी समझदारी से दरकिनार कर खुद के हित को देखते हुए जी-राम-जी योजना का स्वागत करें।

सरकार का काम देश और देशवासियों के हित में हो

किशोर ने बताया कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने देशवासियों को केवल बंधुआ वोट बैंक के रूप में माना है, जिसके कारण उन्होंने कभी भी देशवासियों के आर्थिक सशक्तीकरण को महत्व न देकर उन्हें निर्धन ही बनाए रखा। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी जी देशवासियों को अपना परिवार मानकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। इससे कांग्रेस और विपक्षियों को अपना बंधुआ वोट बैंक खिसकता दिख रहा है, इसीलिए वे लोग देशवासियों के हित को नजरअंदाज कर स्वहित में इस महती योजना का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष का काम देश और देशवासियों के हित में सरकार के गलत काम का विरोध करना है, लेकिन आज का विपक्ष केवल विरोध करने के लिए सरकार के हर काम का विरोध करते आ रहा है, फिर चाहे सरकार का काम देश और देशवासियों के हित में ही क्यों न हो।

चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा जीई-एसईसी का चयन

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा श्रीमती करुणा दुबे प्राचार्य के निर्देशन, डॉ.ई.पी. चेलक एन. ई. पी. संयोजक, डॉ. रीता पांडेय सहसंयोजक, अजय कुमार राजा, जिला मास्टर ट्रेनर, डॉ. अजय कुमार देवांगन, डॉ. मालती तिवारी के संयोजन में किया गया।

महाविद्यालय में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद कक्षाएं प्रारंभ हो गई है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर में एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी चतुर्थ सेमेस्टर मेंअध्ययन कर रहे हैं डॉ.ई. पी.चेलक जानकारी दी कि आज महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों में से जी.ई. एवं एस.ई.सी.का चयन विद्यार्थियों को अध्यापकों द्वारा उन्मुखीकरण कर विषय चयनित कराया गया जिसकी सूची विश्वविद्यालय को भेजी जाएगी उक्त अवसर पर दिलीप बधाई, डॉक्टर दुर्गावती भारती, मनीराम धीवर, श्रीमाधोपुर चौहान, श्रीमती राजेश्वरी सोनी, आशुतोष पुरी गोस्वामी, मृणाली, शिवानी, डा.गरिमा, परवीन , रेणुका प्रकाशमणि आदि उपस्थित थे कला संकाय में डॉ रीता पांडेय ने यह जानकारी प्रदान की की ऐसे विद्यार्थी जो आज नहीं आ पाए हैं कल महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने जीई एवं एसएससी का चयन कर लेवे इस अवसर पर अधिक से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहें।

शिक्षा में माता-पिता की भूमिका सबसे अहमः प्रकाश सिन्हा

सामुदायिक सहभागिता से सशक्त होगी शिक्षा

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना विकासखंड के बड़े टेमरी में सामुदायिक सहभागिता शिक्षक पालक सह माता उनमुखीकरण कार्यक्रम बड़े टेमरी में आयोजित हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहित पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रकाश सिन्हा जनपद सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग ज.प. बसना, अति विशिष्ट अतिथि सभापति मधु प्रेम खूंटे, दीपा अरुण साहू, मिलाप निराला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, बद्री विशाल जोल्हे विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना, अनिल सिंह साव विकासखंड स्रोत समन्वयक बसना, विशेष अतिथि प्राचार्य यज्ञ राम सिदार , पंचानंद ठाकुर प्राचार्य, हरे कृष्ण प्रधान, मनोज नायक, डमरूधर चौधरी, गिरिजा साहू, जितेन्द्र बुडेक, रोहित पटेल समन्वयक, संतलाल पटेल समन्वयक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर की गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा ने बताया कि माता बच्चों की पहली गुरु होती है बच्चा जब स्कूल से घर लौटता है तो पारिवारिक रिश्तों में उनकी माँ ही होती है जो बच्चे से उनके दिन भर की गतिविधि जानना चाहती है और प्रत्येक गतिविधि पर गंभीर होकर बच्चे को बताती है कि उसके लिए क्या सही है और क्या गलत है। सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वह जो कुछ भी है उसमें उनकी माता का उनके गुरु जनों का संपूर्ण योगदान है।

कार्यक्रम में माता उन्मुखीकरण के साथ-साथ पूर्व सैनिक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था, जिसमें बसना क्षेत्र के लगभग 10 पूर्व सैनिक ने ड्रेस कोट व बैच के साथ अपनी उपस्थिति दिया और पूरे कार्यक्रम में आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा और शिक्षा विभाग द्वारा आगंतुक अतिथियों का शाल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत किया गया साथ ही पूर्व सैनिकों को भी शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया बसना विकासखंड में उल्लेखनीय करने वाले प्राचार्य,समन्वयक एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

अवैध चखना सेंटरों पर नपा का चला बुलडोजर

बागबाहरा रोड हुआ अतिक्रमण मुक्त

महासमुंद/नवप्रदेश। शीतली नाला शराब दुकान के समक्ष पूर्व में घटित हत्या व आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, लोगों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने नगर पालिका परिषद की बैठक में बागबाहरा रोड पर संचालित अवैध चखना दुकानों को हटाने का निर्णय लिया गया था।

जिसके परिपालन में आज नगर के बागबाहरा रोड पर संचालित अवैध चखना सेंटरों को हटाया गया। पालिका टीम द्वारा आज जेसीबी चलाकर ठेलो व मलबे हटाए गए।

साथ ही ठेलों को जब्त भी किया गया। चखना सेंटरों के कारण सड़क किनारे नशेड़ियों की भीड़ जमा हो जाती थी। साथ ही चखना सेंटर के समक्ष वाहनों को खड़े कर देने से रोड सकरी होने के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा था। जिसे पूर्व में परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन में आज बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया गया। पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि चखना दुकानों के सामने नशेड़ियों द्वारा खुलेआम नशाखोरी तथा अप्रिय घटनाओं को अंजाम दिए जाने की शिकायते मिली थी। जन सुविधा व नागरिकों के हितों तथा सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने अवैध रूप से चखना सेंटर संचालकों को चेतावनी दी है कि यदि पुनः चखना सेंटर का संचालन किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

महामाई फरसियां में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फर्शिया के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन मां महामाई मंदिर फरसियां के प्रांगण में दिनांक 21,01, 2026 से 27,01,2026 तक आयोजित है ।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त समाज के लिए युवा और सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना थीम को लेकर आयोजित है। सरपंच ग्राम पंचायत फरसियां केशव टीकम ने कहा कि यह युवाओं में सामाजिक चेतना, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक विकास, अनुशासन और सामूहिक भावना विकसित करने का एक माध्यम है, जो उन्हें ग्रामीण जीवन व उनकी समस्याओं से रूबरू कराता है। चंद्रिका प्रसाद साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने कहा कि यह छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर उनके कौशल विकास एवं राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बढ़ावा देता है। प्राचार्य नीरज सोन ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से व्यक्तित्व विकास शिविरों में समूह में रहने से छात्रों में सहयोग नेतृत्व क्षमता समय प्रबंधन और अनुशासन का विकास होता है ।जवाहर ध्रुव अध्यक्ष महामाई समिति फरसियां ने कहा कि यह बच्चों में शारीरिक गतिविधियों, योग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है ।कोषाध्यक्ष प्रयाग बिसेन ने कहा कि ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य, स्वच्छता, कानूनी अधिकार और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाता है। यह शिविर प्राचार्य नीरज सोन कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू ,सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू के निर्देशन में आयोजित किया गया है ।परियोजना कार्य के अंतर्गत महामाई मंदिर परिसर की साफसफाई महामाईकुंड की सफाई किया गया।

सिरपुर महोत्सव | **महोत्सव के शुभारंभ पर प्रसिद्ध लोक-भक्ति गायक बाबा हंसराज रघुवंशी और उनकी बैंड टीम की विशेष प्रस्तुति**

तीन दिन महानदी के तट पर शास्त्रीय और लोक कलाओं की बिखेरेंगी छटा

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में स्थित ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में 1, 2 और 3 फरवरी को तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं के साथ-साथ देश की शास्त्रीय, सूफी और आधुनिक संगीत विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर प्रसिद्ध लोक-भक्ति गायक बाबा हंसराज रघुवंशी और उनकी बैंड टीम की विशेष प्रस्तुति होगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रशासनिक टीम के साथ सिरपुर महोत्सव की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया और सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रथम दिवस, 1 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसमें फुलझरिया कर्मा पार्टी, बिलासपुर द्वारा कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच राजनांदगांव की लोक कला की झलक दिखेगी। दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक सिरपुर महोत्सव 2026 का उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। उद्घाटन के बाद दोपहर 3:30 बजे से 4:10 बजे तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलाकार कत्थक और लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। शाम 4:10 बजे से 4:20 बजे तक सुश्री सुरेखा कामले एंड ग्रुप द्वारा ध्रुपद की प्रस्तुति होगी, जबकि शाम 4:20 बजे से 4:30 बजे तक प्रो. डॉ. लवली शर्मा सितार वादन की शास्त्रीय प्रस्तुति देंगी।

शाम 4:30 बजे से 4:40 बजे तक निदेशक, संरक्षण एवं विकास बौद्ध कला एवं सांस्कृतिक समाज मध्य भारत, नागपुर द्वारा तथागत नाटक का मंचन होगा। इसके बाद इंदिरा कला संगीत विद्यालय खैरागढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य और हिमानी वासनिक राजनांदगांव द्वारा भरथरी की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक सुनील तिवारी लोक कला मंच, रायपुर का रंग-झांझर कार्यक्रम दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा।

रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक प्रसिद्ध लोक-भक्ति गायक बाबा हंसराज रघुवंशी और उनकी बैंड टीम, दिल्ली की विशेष प्रस्तुति इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगी। दूसरे दिन इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार, नचिकेत लेले और वैशाली रायकवार की शानदार प्रस्तुतियां होंगी।

दूसरे दिन 2 फरवरी को सायं 4 बजे से 4:40 बजे तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा क्लासिकल वोकल, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट, तबला वादन एवं सुगम संगीत की प्रस्तुतियाँ होंगी। इसके बाद शाम 4:40 बजे से 4:50 तक सूफी स्पिरिचुअल म्यूजिक, शाम 4:50 बजे से 5:00 बजे तक कबीर संगीत संध्या की प्रस्तुति होगी। शाम 5:00 बजे 5:15 बजे तक संरक्षण एवं विकास बौद्ध कला एवं सांस्कृतिक समाज मध्य भारत, नागपुर द्वारा थेरीगाथा नाट्य प्रस्तुति एवं शाम 5:15 बजे से 5:30 बजे तक भरतनाट्यम नृत्य का आयोजन किया जाएगा। शाम 5:30 बजे से 7 बजे तक पुष्पा साहू, भिलाई द्वारा नवा किस्मत लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी।

तीर्थयात्री हुए रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना

महासमुंद/नवप्रदेश। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत बुधवार को महासमुंद से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्री भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए भगवा झंडा दिखाकर बस को रवाना किया।

इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने यात्रियों से कहा कि आप सभी श्री रामलला दर्शन के पुण्य कार्य में शामिल होने जा रहे हैं। आगे कहा कि प्रभु श्रीराम जी से आप सभी के मंगलमय यात्रा की कामना करता हूं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना से राज्य के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अपने आराध्य देव के दर्शन के लिए लोग बढ़-चढ़कर यात्रा के लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली हमारी सरकार कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है।

न्यूज गैलरी

रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 27.01.2026 से 02.02.2026 तक ग्राम हरदी में शाण् वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद के तत्वाधान में शाण् हाई स्कूल प्रांगण ग्राम हरदी में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य श्नशा मुक्त समाज के लिए युवाश् हैं, जिसके प्रथम दिवस में समस्त स्वयंसेवक शिविर स्थल पहुंचने के बाद शिविर स्थल की साफसफाई के पश्चात उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में लेखराम साहूए ;जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अध्यक्षता, डॉण् आर के, तलवरे ;प्राचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप मे मिथलेश ध्रूव ;सरपंच दनेश्वर कुमार साहू ;उपसरपंचद्धए शेषनारायण गजभैयेए ;जनभागीदारी अध्यक्षद्ध और हाई स्कूल के प्राचार्य एचण् आरण् साहू एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत हरदी और ग्रामवासी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

अज्ञात युवक की ट्रेन से कटने से मौत

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय रेलवे स्टेशन में 27 जनवरी की रात लगभग 11 बजे के आसपास एक अज्ञात पुरुष उम्र लगभग 40-45 वर्ष का ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस घटना स्थल पहुंच कर अपनी कार्यवाही की।जी आर पी चौकी भाटापारा में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है मृतक का अभी तक वारिसान के पता नहीं चल पाया है ,जी आर पी ने नजदीकी थाना क्षेत्रों में भी सूचना भेज कर पता साजी का प्रयास कर रही है।

कूंरा में 40 आवास हितग्राहियों को दिए गए स्वीकृति पत्र

धरसीवां / कूंरा /नवप्रदेश। नगरपंचायत कूंरा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ मौके पर नगर के विभिन्न वार्डों के 40 हिग्रहियों को नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया एवं पार्षदों के हाथों से पक्का आवास बनाने स्वीकृति पत्र वितरित किए गए । लंबे समय से आवास के लिए इंतजार कर रहे हितग्राहियों हाथों में प्रधान मंत्री आवास योजना 02 की स्वीकृति पत्र मिलने के बाद काफी खुशी जाहिर किए है । इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मदन गोयल , सीएमओ दीपक शर्मा , इंजीनियर दीप्ति तिवारी , राजस्व निरीक्षक सुभाष सोनकर , पार्षद गायत्रीयोगेश साहू , बसंत रजक , ढालचंद पाल , रिजवान उल्ला खान , हरीश साहू , गोलू भतरीया, जगमोहन घृतलहरें , रेखराज देवांगन , ईश्वर यादव , ढालेंद्र वर्मा , संतोष साहू , प्रधान देवांगन , जगतू देवांगन , प्रमिला मोहन प्रजापति , आवास मित्र विकास साहू , बिट्टू खान सहित नगरवासीजन उपस्थित हुए थे ।

देवांगन ने स्कूल में किया ध्वजारोहण

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम टिकुलिया की संस्कार शिशु मंदिर स्कूल में के के देवांगन पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा भाजपा छ ग़ द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।इस अवसर पर देवांगन ने स्कूल के सभी सदस्यों एवं छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस की बधाई शुभकामनाएं दिए साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए गणतंत्र दिवस पर संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी को याद किए। इस अवसर पर स्कूल संचालक राघवेंद्र सिंह ध्रुव,रोहित यदु सहित समिति के सदस्य गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सेमरिया स्कूल के ज्योतिष राम वर्मा बने प्राचार्य, दी गई बिदाई

भाटापारा/नवप्रदेश। सेमरिया स्कूल में पदस्थ मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक ज्योतिष राम वर्मा के प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर सेमरिया स्कूल के स्टाफने उन्हें बधाई और नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दी है। मिडिल स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित बिदाई समारोह में संस्था के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने उनके द्वारा दिए गए सलाह मार्गदर्शन और बिताए हुए कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंसा की। विदित हो कि सेमरिया मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक ज्योतिष राम वर्मा को प्राचार्य पद पर पदोन्नत करते हुए उन्हें दतरेंगी स्कूल में पदस्थ किया गया है। उनके प्राचार्य पद पर प्रमोट होने पर उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मान पूर्वक बिदाई दी गई।इस दौरान श्री वर्मा ने अपने सभी स्टाफके द्वारा दिए सहयोग के लिए उनका आभार जताया।

राज्यपाल रमेन डेका के हाथों सम्मानित हुई व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़

गरियाबंद/नवप्रदेश। दिव्यांगजनों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत रायपुर स्थित लोक भवन, सिविल लाइन में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल छत्तीसगढ़, रमेन डेका जी के करकमलों द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों के लिए तैयार की गई दो महत्वपूर्ण ब्रेल पुस्तकों का विमोचन और 3200 से अधिक ऑडियो बुक्स का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा जिले के शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय राजिम की व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ को रसायन विज्ञान की 200 से अधिक आडियोबुक निर्माण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन ऑडियो बुक्स में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विषयों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष प्लेलिस्ट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सरगुजिया कहानियां, छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी में सामान्य ज्ञान, हल्बी, पंजाबी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं में अलग-अलग प्लेलिस्ट, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजनों हेतु सरकारी योजनाओं तथा सहायता संसाधनों से संबंधित उपयोगी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। यह समस्त सामग्री वर्ल्ड ऑडियो बुक यूट्यूब चैनल पर एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। राज्यपाल रमेन डेका जी ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि ब्रेल पुस्तकों और ऑडियो बुक्स के माध्यम से

दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोलना समावेशी शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने इसे संवेदनशील सामाजिक दायित्व बताया और कहा कि वे अपने गृह राज्य असम में भी शिक्षकों को ऐसी पहल के लिए प्रेरित करेंगे। राज्यपाल ने बताया कि इन ऑडियो बुक्स को अन्य राज्यों तक भेजा जाएगा, ताकि यह कार्य राष्ट्रीय स्तर पर आदर्श बने। इस पुनीत प्रयास के लिए उन्होंने सभी शिक्षकों को बधाई दी। दृष्टिबाधित बच्चों तक सुलभ अध्ययन सामग्री पहुँचाने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत हुई। व्याख्याता गायकवाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के पीछे प्रेरणा का स्रोत राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका के. शारदा (दुर्ग) को वर्ष 2024 में मिला सम्मान रहा। शिक्षिका ने 25 अक्टूबर 2024 से स्वयं ऑडियो बुक्स बनाना शुरू किया और 800 से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार कीं। बाद में विभिन्न जिलों के शिक्षकों के जुड़ने से यह संख्या बढ़कर 3200 से अधिक हो गई। के. शारदा और प्रीति शांडिल्य ने इससे भी मिलकर ब्रेल पुस्तकें तैयार कर छत्तीसगढ़ के 20 ब्रेल विद्यालयों को 100-100 प्रतियां निःशुल्क उपलब्ध कराई थी। इस सराहनीय कार्य में योगदान देने वाले शिक्षकों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इसी तारतम्य में जिले के शिक्षक संतोष कुमार तारक और अनिल कुमार अवस्थी को सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी निर्माण के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में इस अभिनव के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, एपीसी मनोज केला, एपीसी पी विल्सन थॉमस, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक भारती नामदेव, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुजाता शर्मा, विवेक शर्मा राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी, सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू, शिक्षिका विजेता देवानी, प्राचार्य बी.एल. ध्रुव, प्रधानपाठक ए गोस्वामी, वरिष्ठ व्याख्याता सागर शर्मा एनसीसी अधिकारी, कमल सोनकर, गोपाल देवांगन, पूजा मिश्रा, शिखा महाड़िक, मधु गुप्ता, कंचन शर्मा, कैलाश साहू, सरिता साहू, नारायण लाल साहू, साक्षी जपे, जितेंद्र साहू, यशवंत साहू, संजयकुमार सिन्हा, जितेंद्र साहू, कुमूदनी साहू, पूरनलाल साहू, ईश्वरदास घृतलहरे, घनश्याम साहू, अभिषेक शुक्ला, लखन साहू, भुवनेश्वर, मनीष अहीर, राधिका , अशोक जंघल, अर्चना शर्मा, संदीप बनौधे एवं छात्र छात्राओं सहित जिले के शिक्षक समुदाय व गणमान्य नागरिकों ने बधाई प्रेषित की है।

लोकभवन रायपुर में 2 ब्रेल पुस्तकों एवं ऑडियो बुक्स का भव्य विमोचन

महासमुंद के चार शिक्षक राज्यपाल के हाथों सम्मानित

महासमुंद/नवप्रदेश। दिव्यांगजनों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में 27 जनवरी को रायपुर स्थित लोक भवन, सिविल लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा दो महत्वपूर्ण ब्रेल पुस्तकों- दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी' एवं छत्तीसगढ़ के वीर का विमोचन किया गया। इसी मंच से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए तैयार की गई 3 हजार से ज्यादा ऑडियो बुक्स का भी लोकार्पण किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी पहल का सशक्त उदाहरण है।

इन ऑडियो बुक्स में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विषयों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष प्लेलिस्ट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सरगुजिया कहानियां, छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी में सामान्य ज्ञान, हल्बी, पंजाबी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं में अलग-अलग प्लेलिस्ट, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजनों के लिए सरकारी योजनाओं तथा सहायता संसाधनों से संबंधित उपयोगी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। यह समस्त सामग्री वर्ल्ड ऑडियो बुक यूट्यूब चैनल पर एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने इस अभिनव और मानवीय पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि 'जिस प्रकार आप सभी शिक्षकों ने सामान्य पुस्तकों को ब्रेल में अनुवादित कर तथा ऑडियो बुक्स के माध्यम से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वह वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह कार्य केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि संवेदनशील सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन है। उन्होंने आगे कहा कि मैं अपने गृह राज्य असम में भी शिक्षकों को इस प्रकार की पहल करने के लिए प्रेरित करूंगा, ताकि वहां के दृष्टिबाधित बच्चों को भी इसी तरह सुलभ अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सके। राज्यपाल ने यह भी बताया कि तैयार की गई इन ऑडियो बुक्स को गवर्नर टीम के माध्यम से अन्य राज्यों तक प्रेषित किया जाएगा, जिससे यह पहल राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो सके और देशभर के दृष्टिबाधित विद्यार्थी इसका लाभ प्राप्त कर सकें। इस पुनीत और सेवा भाव से किए गए कार्य के लिए उन्होंने सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अभियान की प्रेरणा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका के. शारदा, दुर्ग को वर्ष 2024 में मिले सम्मान के पश्चात मिली। दृष्टिबाधित बच्चों के अध्ययन की वास्तविक आवश्यकता को समझते हुए उन्होंने 25 अक्टूबर 2024 से इस कार्य की शुरुआत की और स्वयं 800 से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार कीं। बाद में विभिन्न जिलों के शिक्षकों के जुड़ने से यह संख्या बढ़कर 3 हजार तक पहुंच गई।

शिक्षिका के. शारदा एवं प्रीति शांडिल्य द्वारा पूर्व में संयुक्त रूप से ब्रेल पुस्तकें तैयार कर छत्तीसगढ़ के 20 ब्रेल विद्यालयों को 100-100 प्रतियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इस पुनीत कार्य में योगदान देने वाले शिक्षकों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस ऑडियो बुक निर्माण अभियान में 30 शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। जिनमें महासमुंद विकासखंड से सहा. शिक्षक बलराम नेताम, बागबाहरा विकासखंड से सहा. शिक्षक अमित कुमार उइके, दीपा महार एवं रिंकल बग्गा शामिल हैं। राज्यपाल ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय पहल बताया।

मंगल भवन और हेडक्वार्टर टैंक निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

बागबाहरा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने मंगल भवन एवं हेडक्वार्टर टैंक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयबद्ध पूर्णता पर विशेष जोर दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वार्ड क्रमांक 15 में 1 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से मंगल भवन का निर्माण कराया जा रहा है। रेलवे लाइन के उस पार बड़े आयोजनों के लिए उपयुक्त भवन नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को परेशानी होती थी। वार्ड 11 से 15 के नागरिकों की मांग पर यह मंगल भवन बनाया जा रहा है, जहां मांगलिक कार्यों सहित विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। इसी तरह वार्ड क्रमांक 2 में 43 लाख रुपये की लागत से हेडक्वार्टर टैंक का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी क्षमता 2.50 लाख लीटर पानी संग्रहण की होगी। इससे वार्ड में जल आपूर्ति की समस्या दूर होगी और सभी घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान बघेल ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समतलीकरण एवं सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि जनसेवा, विकास और विश्वास बागबाहरा नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा, उप अभियंता दीपक अग्रवाल, रमेश ठाकुर एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

जोरा स्कूल में ध्वजारोहण के दौरान जमीन पर गिरा झंडा

- जिला कलेक्टर ने टीचर से बात करने की कही बात

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां 26 जनवरी को आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराते समय तिरंगा झंडा जमीन पर गिर गया। और वही इस घटना का विडियो सोशल मिडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में जोरा स्कूल के प्रभारी प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया जा रहा था इसी दौरान किसी कारणवश तिरंगा झंडा नीचे जमीन पर गिर गया। जहां मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति द्वारा इस घटना का विडियो बना लिया, जो अब सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर व्यापक रूप साझा किया जा रहा है। हालांकि वायरल विडियो की आधिकारिक पुष्टि हमारा नवप्रदेश की ओर से नहीं की

जा रही है। इस तरह की घटना के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर नाराजगी देखी जा रही है। आपको बता दें कि राष्ट्रीय ध्वज से जुड़ी इस तरह की लापरवाही को लेकर लोग शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल उठा रहे हैं। और साथ ही साथ इस मामले ने तूल पकड़ लिया है और अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हुई है कि इस घटना को कितनी गंभीरता से जिले में बैठे अधिकारी द्वारा लिया जाता है। फिलहाल अब देखना यह महत्वपूर्ण होगा कि जिला प्रशासन संबंधित प्रभारी प्राचार्य एवं अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है, या फिर मामले को हल्के में लेकर नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया

धरसीवां / कूंरा/ नवप्रदेश। नगरपंचायत कूंरा में 26 जनवरी 77 वे गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया , शासकीय , प्राइवेट संस्थानों सही नगर के विभिन्न चौंक चौराहों तिरंगे झंडे फहराकर देश के शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र गान किया गया । इसके पूर्व स्कूली बच्चों के द्वारा बैंड बाजे के साथ भारत माता की जयकारे लगाते गांवों में प्रभात फेरी निकाली गई , और विभिन्न स्थानों पर तिरंगा झंडे पहराने वाले स्थलों पर राष्ट्रगान गाकर एवं झंडे को सलामी देकर

ध्वजारोहण नगर के प्रमुख एवं अतिथियों के हाथों से कराया गया । और अंतिम में भाषण कविता पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया । नगरपंचायत कूंरा कार्यालय परिसर , शासकीय प्राथमिक शाला परिसर , हटरी चौंक , पीएम श्री स्वामी आत्मानंदस्कूल , झंडा चौंक , अटल परिसर में कूंरा नगर अध्यक्ष गोविंद साहू के हाथों से तिरंगा झंडा फहराया गया इस मौके पर उपाध्यक्ष राजा भैया सहित समस्त पार्षदगण , अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । वही नेहरू चौंक , बाजार चौंक में कूंरा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश साहू , बगीचा पारा वार्ड 14 में जगतू देवांगन , सुभाष चौंक में योगेश साहू , सरस्वती शिशु मंदिर में सुधीर दुबे , धान खरीदी केंद्र में विधायक प्रतिनिधी पुरुषोत्तम यादव , गणेश नगर में डालेंद्र वर्मा ने ध्वजा रोहण किया । वहीं अंचल के ग्राम पंचायत धरसीवां में सरपंच साहिल खान , चरौदा में सरपंच संगीता पप्पू ध्रुव , मोहदी में सरपंच गिरधर साहू , नगरगांव पंचायत में सरपंच ऊमा उर्मा ने ध्वजा रोहण किया । इनके अलावा क्षेत्र के समस्त शासकीय अर्धशकीय सहित प्राइवेट संस्थानों में भी तिरंगा झंडा फहराकर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

विधायक रोहित साहू ने फहराया तिरंगा, एनसीसी कैडेट्स के परेड की ली सलामी

राजिम/नवप्रदेश। देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर धर्मनगरी राजिम में देशभक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक रोहित साहू ने नगर के

हृदय स्थल पर छत्तीसगढ़ के गांधी कहे जाने वाले पंडित सुंदरलाल शर्मा की प्रतिमा के समीप बेरोजगार संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया और महापुरुषों के योगदान को याद किया। तत्पश्चात् नगर पंचायत परिसर राजिम में तिरंगा फहराया गया, जहां अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर सहित समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य केंद्र रहे पुराने मेला मैदान में विधायक ने नवयुवक मंडल और बेरोज़गार संघ के संयुक्त तत्वावधान में गौरवपूर्ण ढंग से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुराने मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

गणतंत्र दिवस | **विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया, बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**

बटनहर्रा में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस, शान से लहराया तिरंगा

नगरी/नवप्रदेश। 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला बटनहर्रा में राष्ट्रीय गरिमा एवं उत्साह के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की विधायक महोदया श्रीमती अंबिका मरकाम तथा जनपद सदस्य महोदया श्रीमती प्रभा नेताम की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बटनहर्रा की सरपंच अनिता मरकाम उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाट्य मंचन तथा विज्ञान आधारित गतिविधियों पर आधारित एक से बढ़कर एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। ग्राम से पधारे बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। तालियों की गूंज और देशभक्ति के वातावरण ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

मुख्य अतिथि विधायक महोदया श्रीमती अंबिका मरकाम ने अपने संबोधन में ग्रामवासियों को सौर ऊर्जा (सोलर पैनल) के उपयोग हेतु प्रेरित करते हुए इसे

पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं जनपद सदस्य प्रभा नेताम ने अपने संबोधन में ग्राम के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग पर सकारात्मक पहल किए जाने का आश्वासन भी दिया गया, जिससे ग्रामवासियों में प्रसन्नता का माहौल रहा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था की ओर से प्रधानपाठक टी.पी. शेर ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों, शाला प्रबंधन समिति, पालक समिति एवं समुदाय का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान अन्य अतिथियों में शासकीय माध्यमिक शाला बोडरा के प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार बोर्झा, सर्वसमाज बटनहर्रा के ग्राम प्रमुख ईतवारी साहु, ग्राम कोटवार परशुराम बघेल उपसरपंच सेवती यादव रमूला साहू राजकुमार देव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश मरकाम जी, पालक समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सोम सहित सदस्य राघवेन्द्र ग्वाल के.पी. यादव मोहित सोम नरोत्तम साहू रोहित साहू असवंत देव धर्मेंद्र साहू बलराम साहू , सुश्री रीना यादव एवं ललिता साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा एवं सफलता और अधिक बढ़ गई।

तीन सांस्कृतिक भवनों के लिए 75.45 लाख स्वीकृत

अरुण साव के अनुमोदन के बाद नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृत आदेश जारी

राजिम/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गरियाबंद जिले के राजिम नगर पंचायत में तीन सांस्कृतिक भवनों के निर्माण के लिए 75 लाख 45 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य स्वीकृत किए गए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने

राजिम नगर पंचायत में मेला मैदान के पास कंडरा पारा में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख 15 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-15, साहू पारा में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख 15 हजार रुपए तथा स्टेडियम के पास, सेन समाज पारा, कंडरा पारा राजिम में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख 15 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तीनों सांस्कृतिक भवनों का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

न्यूज गैलरी

आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम सेल निवासी प्रभाबाई साहू पति शिवनारायण की आग में जलने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पति शिवनारायण पिता खोलबाहरा साहू को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

कमल दास मुरचले ने प्रशासनिक अधिकारियों पर साधा निशाना

कवर्धा /नवप्रदेश। मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ के अनिश्चित कालीन आंदोलन के दौरान हुई हमारी दो रसोइया बहनों की मौत कई गंभीर सवालों को जन्म देती हैं और हमारे राज्य की प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करने को काफी हैंद्य शासन और संघटन के बीच की मुख्य कड़ी प्रशासनिक अधिकारी होते हैं पर जब ये लोग ही लापरवाह और गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने लगे तो एसी भयावाह घटनाक्रम क्रम होना तय है जिसका ताजा उदाहरण हमारी दो दो हड़ताली रसोइया बहनें अपनी जान गवा कर दिए हैंद्य इस प्रशासनिक लापरवाही की जांच सरकार के द्वारा करवाना चाहिए।

मीना बाजार में 'डबल एंट्री', लाखों की वसूली और जिम्मेदारों की रहस्यमयी चुप्पी

सुकमा राजवाड़ा मेला: झूले नहीं, सवाल झूल रहे हैं!

नवप्रदेश सुकमा । नगर पालिका द्वारा आयोजित राजवाड़ा मेले में इस बार बच्चों की हंसी कम और व्यवस्था की किरकिरी ज्यादा सुनाई देगी। मीना बाजार में झूला लगाने को लेकर ऐसा घमासान मचा है कि मामला सीधे-सीधे नगर पालिका की नीयत, नियम और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रहा है। आरोप है कि एक ही जगह पर दो-दो झूला संचालकों को एंट्री दे दी गई वह भी अलग-अलग दरों और अलग-अलग 'तरीकों' से।

सूत्रों के मुताबिक, सुकमा निवासी मुनव्वर शरीफ को 19 जनवरी को झूला लगाने की विधिवत अनुमति दी गई। कागज पूरे, फीस पूरी बताया जा रहा है कि इसके लिए ढाई लाख रुपए लिए गए। सब कुछ नियमों के मुताबिक। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। इसी मीना बाजार में ओडिशा से आए दूसरे संचालक को भी झूला लगाने की छूट मिल गई। अब सवाल यह है कि जब एक को विधिवत अनुमति मिल चुकी थी,तो दूसरी एंट्री किस दरवाजे से हुई? किसके आदेश से? किस नियम के तहत? जवाब किसी फाइल में नहीं सिर्फ गलियारों में घूम रहा है।

- मौखिक आदेश, नकद वसूली!

- सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि दूसरे संचालक को बिना किसी लिखित अनुमति, सिर्फ मौखिक आदेश पर एंट्री दी गई। चर्चा है कि इस 'मौखिक व्यवस्था' की कीमत करीब 3 लाख रुपए नकद वसूली गई। सवाल सीधा है जब नियम लिखित हैं,तो लाखों का हिसाब मौखिक क्यों?

अध्यक्ष और CMO बोले - हमें कुछ पता नहीं - मामला तब और उलझ गया जब नगर पालिका अध्यक्ष और CMO ने दूसरे संचालक को दी गई अनुमति की जानकारी से साफ इनकार कर दिया है। यानी मेला पालिका का,पर अनुमति किसी और की? अगर जिम्मेदार अफसर ही हाथ खड़े कर रहे हैं, तो फिर यह 'एंट्री पास' आखिर किस खिड़की से जारी हुआ यह रहस्य गहराता जा रहा है।

दोनों की गाड़ियां पहुंचीं, तनाव बढ़ा - विवाद के बीच दोनों संचालकों की झूला गाड़ियां मेला स्थल पर खड़ी हैं। जगह को लेकर तकरार शुरू हो चुकी है, माहौल तनावपूर्ण है। इसके बावजूद न तो किसी एक को हटाया गया, न ही कोई स्पष्ट और लिखित निर्णय सामने आया। सार्वजनिक मेले में यह अव्यवस्था कभी भी बड़ा रूप ले सकती है।

- पारदर्शिता या पर्देदारी?

- अगर ठेका, शुल्क और अनुमति की प्रक्रिया तय है, तो दो संचालकों को एंट्री क्यों और कैसे मिली? यह सवाल सिर्फ झूले का नहीं, बल्कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली का है।

किसान ने बेटी की शादी के लिए लगाई मदद की गुहार

बोड़ला / नवप्रदेश। धान खरीदी नहीं होने से परेशान एक बुजुर्ग किसान ने अपनी बेटी की शादी के लिए जिला कलेक्टर से दूसरी बार मदद की गुहार लगाई है। किसान का कहना है कि शासन-प्रशासन की लापरवाही के चलते उसका धान नहीं बिक पा रहा है, जिससे वह बेटी के विवाह की तैयारी नहीं कर पा रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूनऊ पटेल पिता भगवानी पटेल, निवासी राजानवागांव, एक माह से लगातार तहसील कार्यालय व अन्य सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। किसान ने बताया कि उन्होंने 3 एकड़ 14 डिसमिल भूमि में धान की फसल लगाई है, जो फसल विवरण में भी दर्ज है। ग्राम सेवक द्वारा किए गए निरीक्षण में उनके घर में 66 क्विंटल धान पाया गया।किसान का कहना है कि जब वे धान विक्रय हेतु टोकन कटवाने पहुंचे, तो केवल 40 क्विंटल 80 किलो का ही टोकन काटा गया, जबकि शेष धान अब तक नहीं बिक

पाया है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी आगामी 20ङ्क25 दिनों में है और कुल खर्च लगभग 1 लाख 26 हजार 480 रुपये अनुमानित है, जो वर्तमान स्थिति में संभव नहीं है। पूनऊ पटेल ने भावुक होकर कहा कि जब खबरों में यह सुनने में आता है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव अपने निजी कार्यक्रम के लिए 97 लाख रुपये की मांग कर सकते हैं, तो फिर एक गरीब किसान की बेटी की शादी के लिए 66 क्विंटल धान का समर्थन मूल्य (लगभग 2 लाख 4600 रुपये) सहायता के रूप में क्यों नहीं दी जा सकती।

किसान ने स्पष्ट किया कि जब तक शासन द्वारा उनका पूरा धान नहीं खरीदा जाएगा, वे इसे निजी व्यापारियों को नहीं बेचेंगे। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है या फिर धान के समर्थन मूल्य के बराबर 2 लाख 4600 रुपये की सहायता राशि विभाग के माध्यम से उनके निजी पारिवारिक कार्यक्रम (बेटी की शादी) हेतु प्रदान की जाए।

0 बलौदाबाजार । दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में मंगलवार को राज्य स्तरीय 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100050

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी ठेलूराम पिता/पति सीताराम पता डिपरापारा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 544/15 (0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रमिला बाई धुर्वे पिता/पति स्व. ढेलूराम पता म.नं. 175 वार्ड 39 डिपरापारा दुर्ग, द्रोपती पिता/पति स्व. ढेलूराम पता हा.नं. 48 वार्ड नं. 3 व्ही.टी.सी. सांगलीमोहला अम्बिकापुर, चन्द्रिका पिता/पति स्व.ढेलूराम पता 128 वार्ड 53 पोटियाकला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.02.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.01.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दल सिंह (DAL SINGH) आत्मज बुधराम, उम्र 35 वर्ष, पता-ग्राम मोंगरा वार्ड नंबर-7 तहसील छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) 493996 का हूं। मेरे नाबालिक पुत्र का नाम हमेश कुमार (HAMESH KUMAR) पिता दल सिंह (DAL SINGH) माता जागृति बाई जन्मतिथि 06.06.2014 उनके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है जो सत्य व सहीं है किन्तु उनके आधार कार्ड क्रमांक 7579 1637 0690 में उसका त्रुटिपूर्ण अंकित नाम एमेश (AMES) पिता दल सिंह (DAL SINGH) अंकित होने से विरोधाभाष हो रहा है जबकि हमेश कुमार (HAMESH KUMAR) एवं एमेश (AMES) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्र का नाम है। आगे भविष्य में मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड सहित समस्त शैक्षणिक दस्तोवजों में त्रुटिपूर्ण नाम एमेश (AMES) पिता दल सिंह (AL SINGH) को सुधार कर सहीं वास्तविक व परिवर्तित/संशोधित नाम हमेश कुमार (HAMESH KUMAR) पिता दल सिंह (DAL SINGH) संशोधन करना चाहता हूं जो कि उनके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है मेरा पुत्र आगे भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावेगा एवं समस्त दस्तावेज इसी नाम से जारी किया जावे।

शपथकर्ता
दल सिंह आत्मज बुधराम,
पता-ग्राम मोंगरा वार्ड नंबर-7
तहसील छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800062

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी रामनयन पांडे पिता/पति रामबहादुर पांडेय पता 1ए/71/6 भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 511/49 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता फूलधारी पाण्डेय पिता/पति स्व. रामनयन पाण्डेय पता खसरा नं. 616/3 मातृ छाया फेस-2 धनोरा, संतोष पाण्डेय पिता/पति स्व. रामनयन पाण्डेय पता खसरा नं. 616/3 मातृ छाया फेस-2 धनोरा, ऊषा पाण्डेय पिता/पति स्व. रामनयन पाण्डेय पता खसरा नं. 616/3 मातृ छाया फेस-2 धनोरा, मंजू शुक्ला पिता/पति स्व. रामनयन पाण्डेय पता खसरा नं. 616/3 मातृ छाया फेस-2 धनोरा, आदित्य कुमार पाण्डेय पिता/पति स्व. रामनयन पाण्डेय पता खसरा नं. 616/3 मातृ छाया फेस-2 धनोरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.02.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.01.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202507103400011 /अ-21/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक राजेश ठाकुर आ. स्व. दुजेराम ठाकुर एवं सुखीया बाई ठाकुर पति स्व. दुजेराम ठाकुर निवासी वार्ड नं 10 जेवरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 रा.नि.मं. जेवरा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खन. 880/1 रकबा 0.2400 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण को अपने मकान, विवाह एवं वृद्ध माता की ईलाज के लिए रूप्ये की आवश्यकता होने के कारण अपने उक्त भूमि को विकय करने का सौदा श्रीमती मोहनी गौतम पति प्रशांत कुमार गौतम निवासी जेवरा तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के पास विक्रय करने का इकरारनामा निष्पादित किया गया है तथा ब्याना राशि 1,00,000/ रूपये केता से प्राप्त कर लिया है। आवेदकगण द्वारा भूमि ख.न. 880/1 रकबा 0.2400 हे. के विक्रय करने के पश्चात 0.52 हे. भूमि आवदेकगण के नाम पर शेष भूमि है जो कि आवेदक परिवार के जीवन यापन के लिए पर्याप्त है। आवेदकगण के द्वारा भूमि को केता के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I KISHOR PATEL S/O POPAT LAL PATEL Address Behind of saraswati gyan mandir kadambari nagar Durg District Durg (C.G.) 491001 my old name have changed KISHOR PATEL S/O POPAT LAL PATEL. so in future I should be recognized by my new name KISHOR BHAI PATEL S/O POPAT LAL PATEL. that is in all Government and other documents.

KISHOR BHAI PATEL S/O POPAT LAL PATEL Address Behind of saraswati gyan mandir kadambari nagar Durg District Durg (C.G.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता नितिन कुमार यादव आयु 35 वर्ष पिता तामेश्वर प्रसाद यादव निवासी कैलाश नगर तितुरडीह शिवमंदिर गांधी चौक के पास दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये पते पर निवास करता हूँ। मेरे पर नाम भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम नितिन कुमार यादव पिता तामेश्वर प्रसाद यादव है जिसका आधार नंबर 7806 1597 9584 है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि, मेरे कक्षा दसवी के अंकसूची में मेरा नाम नितिन कुमार दर्ज है जो लिपिकीय त्रुटिपूर्ण हो गया है वास्तविक नाम नितिन कुमार यादव कक्षा बारहवी के प्रमाण-पत्र में दर्ज है। मेरा नाम नितिन कुमार एवं नितिन कुमार यादव दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम से जाने एवं पहचाने जावें। उक्त शपथ-पत्र नितिन कुमार के स्थान पर नितिन कुमार यादव दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
नतिन कुमार यादव
पिता तामेश्वर प्रसाद यादव
निवासी-कैलाश नगर तितुरडीह
शिवमंदिर गांधी चौक के पास दुर्ग
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)ह्य

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता जगदीप कौर (Jagdeep Kaur) आयु 47 वर्ष, पति जसपाल सिंग (Jaspal Singh) निवासी-क्वा.न. 06/ए स्ट्रीट नं. 11 भिलाई सेक्टर 02 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि:- यह कि, मैं उपरोक्त दर्शाये पते पर निवास करती हूँ। यह कि, मेरे पर नाम भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम जगदीप कौर पति जसपाल सिंग है जिसका आधार नंबर 5467 0483 8985 है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि, मेरे एवं मेरे पुत्र का नाम मेरे पति के बी.एस.पी. के सर्विस बुक/ मेडिकल कार्ड में जगदीप कौर ढीगी एवं पुत्र का शुभजोत सिंग ढीगी दर्ज है जो लिपिकीय त्रुटिपूर्ण हो गया है वास्तविक नाम शुभजोत सिंग एवं जगदीप कौर है। यह कि, मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम शुभजोत सिंग ढीगी अंकित हो गया है जो लिपिकीय त्रुटिपूर्ण है। उनका आधार नंबर-8824 1092 4651 है। यह कि, उक्त शपथ-पत्र मेरे एवं मेरे पुत्र का नाम जगदीप कौर ढीगी एवं शुभजोत सिंह ढीगी के स्थान पर जगदीप कौर पति जसपाल सिंग एवं शुभजोत सिंग पिता जसपाल सिंग दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
जगदीप कौर पति जसपाल सिंग
निवासी-क्वा.न. 06/ए स्ट्रीट नं. 11
भिलाई सेक्टर 02 भिलाई
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता शुभम बेहरा (Shubham Behara) पिता रवि नारायण प्रसाद बेहरा (Ravi Narayan Prasad Behara) निवासी मकान न. 58 फेज-1 एवरग्रीन सीटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उमदा भिलाई-3. चरौदा बी.एम.वाई जिला दुर्ग छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये पत्ते पर निवास करता हूँ। यह कि, मेरे नाम से भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका आधार नंबर-2519 4326 8204 है जिसमें मेरे माता-पिता का नाम त्रुटि पूर्ण है। यह कि, मेरे कक्षा-8वी, 10 वी, 12वी, के अंकसूची में माता-पिता का नाम रवि नारायण बेहरा एवं माता ज्योति बेहरा दर्ज हो गया है जो लिपिकीय त्रुटि है। यह कि, मेरे जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता का सही व वास्तविक नाम रवि नारायण प्रसाद बेहरा एवं माता चंद्र ज्योति बेहरा है। यह कि, उक्त शपथ-पत्र मेरे सम्पूर्ण शालेय प्रमाण पत्र में माता-पिता का नाम रवि नारायण प्रसाद बेहरा एवं माता चंद्र ज्योति बेहरा दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
शुभम बेहरा
पिता रवि नारायण प्रसाद बेहरा
निवासी मकान न. 58 फेज-1 एवरग्रीन
सीटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी
उमदा भिलाई-3. चरौदा
बी.एम.वाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27857 दिनांक 28.01.2026
वार्ड का नाम- 66 - वामनराव लाखे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 66 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR566E00461** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **KU. SAROJ PANDEY** पिता / पति श्री/ श्रीमती **MARKANDEY PANDEY** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SHRIKANT TIWARI** पिता /पति श्री/श्रीमती **LT. RAMKRISHNA TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ0ग0) Annexure-ii

// मैनुअल ऑनलाईन प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-18//

क्रमांक /1156/NIT-18/व.ले.लि./ ग्रा.यां. सेवा/2025-26,

सुकमा दिनांक- 27/01/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख मे)
1	2
सी.एस.सी.परिसर जगरगुण्ड़ा में 850 मीटर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य, वि.ख.-कोन्टा।	44.11 लाख

निविदा डाऊनलोड एवं डी.डी. बनाने की अंतिम तिथि - 11.02.2026

2. उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।

जी-252606321/3

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला - सुकमा (छ0ग0)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27978 दिनांक 28.01.2026
वार्ड का नाम- 40 -पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR569E00027** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **J.L. RATHORE** पिता / पति श्री/ श्रीमती **CHAGAN BHAI RATHORE** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SHRI CHAWDA VIJAY KUMAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **LT. SHRI NARAYAN BHAI CHAWDA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **FAUTI NAMANTARAN** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzonel@gmail.com
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल गुढियारी कालोनी, रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना के अंतर्गत, दुकानों / भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक जनता-395 श्रीमती रोहिणी नायडू पति श्री संदीप नायडू को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक ..... को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 06/01/2026 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती सुनीता साहू पति श्री पेमेन्द्र कुमार साहू के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27979 दिनांक 28.01.2026
वार्ड का नाम- 42 - महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR561D00238** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **ROHIT KUMAR GAJENDRA** पिता / पति श्री/ श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KAUSHAL BAI GAJENDRA** पिता /पति श्री/श्रीमती **ROHIT GAJENDRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **SAHMATI PATRA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपेन्द्र कुमार शर्मा पिता मोतीलाल शर्मा निवासी शीतला नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा जमुना बाई पिता/पति भंजन प्रसाद की जन्म/मृत्यु दिनांक 13.01.2007 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.01.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0/202601104000011/अ-19(3)/2025-26
मौजाः- अहिवारा
प0ह0न0- 05

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि जिला पंजीयक, दुर्ग के द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक /12/ जि.प./2026 दुर्ग, दिनांक 09.01.2026 के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 को पत्र प्रेषित कर ग्राम खासाडीह, प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. अहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 459/2 रकबा 23.500 हे. में से 6000 वर्गफीट भूमि को नवीन उप पंजीयक कार्यालय अहिवारा हेतु नगर पालिका परिषद् अहिवारा के परिषद् की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 10.12.2025 में पारित प्रस्ताव के आधार पर आबंटित किये जाने की मांग किया गया है, जो कि नियमानुसार जांच कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि संबंधित विभाग को आबंटित किये जाने हेतु जांच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अतएवं इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियाँ / दावा रखने वाला व्यक्ति / संस्था, स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 13.02.2026 को इस न्यायालय में लिखित आवेदन कर निवेदित कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक - 13.02.2026
जारी दिनांक - 16.01.2026

मुहर — जी-252606296/1 — तहसीलदार, अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 06/02/2026

स.क्र.	नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
1.	209/2025-26 दिनांक 22/01/2026	184230 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बस्तर, जगदलपुर के डी.जे. कोर्ट परिसर में रिटायरिंग कक्ष का निर्माण कार्य।	14.52
2.	210/2025-26 दिनांक 22/01/2026	184231 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बस्तर, जगदलपुर के डी.जे. कोर्ट परिसर कवर्ड शेड फॉर ओ.टी.एस. (बैडमेंटन कोर्ट) का निर्माण कार्य।	18.25

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

जी- 252606287/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मडल जगदलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेसक्लब, पानी टंकी के नीचे,छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27980 दिनांक 27.01.2026
वार्ड का नाम- 46 - सिविल लाइन वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR342D0594A** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **1. MADHU LUNKAD W/O LATE. RAJENDRA KUMAR LUNKAD 2. NABALIK RAKSHITA LUNKAD D/O LATE. RAJENDRA KUMAR LUNKAD WALI MA MADHU LUNKAD W/O RAJENDRA KUMAR LUNKAD** पिता / पति श्री/ श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **अनुराग नत्थानी पिता कृष्ण कुमार नत्थानी, रूचा नत्थानी पति अनुराग नत्थानी** पिता /पति श्री/श्रीमती **सूर्या अपार्टमेंट, सिविल लाइन रायपुर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, (आदिम जाति कल्याण शाखा) जिला-जशपुर, (छ.ग.)
(कलेक्टोरेट प्रथम तल, Email-id-actd.jashpur@gmail.com)

क्रमांक/3413/ वन अधि./आ.जा.क./2025-26 — जशपुर, दिनाँक - 27/01/2026

--:: द्वितीय विज्ञापन ::--

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सूचारू कियान्वयन हेतु जिला स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में **एमआईएस सहायक (वन अधिकार अधिनियम)** की नियुक्ति किये जाने हेतु ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला-जशपुर (छ.ग.) में किया जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	पद का नाम	मानदेय	पद की संख्या	निर्धारित अवधि	स्तर	रिमार्क
2	एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम)	20000/-	03 एसडीएलसी बगीचा -01 फरसबहार - 01 पत्थलगांव -01	01 वर्ष	चिन्हित अनुभाग स्तर पर	संबंधित जिले के चिन्हित उपखण्ड स्तरीय समिति स्तर पर

2. आवेदन पत्र आमंत्रित करनें की अंतिम तिथि - **11.02.2026 समय 5.00 बजे** सांय तक।

नोट - शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला-जशपुर (छ.ग.) के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट http://jashpur.nic.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी- 252606313/2

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
जिला-जशपुर (छ.ग.)

कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया (जिला- कबीरधाम छ.ग.)
Email:- nrhm.pandariya@gmail.com

क्रमांक/एन.एच.एम. / बीएमओ/2025-26/295 — पण्डरिया, दिनांक 28/1/2026

-: निविदा (Short Tender) आमंत्रण सूचना :-

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत प्रसूता महिला को एवं अन्य भर्ती मरीजो को भोज्य पदार्थ प्रदान करने एवं बैठको/प्रशिक्षण में स्वल्पाहार प्रदान करने तथा अस्पताल साफ सफाई MCH/CHC पंडरिया तथा CHC कुकदूर तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत टीकाकरण कार्यक्रम में संचालित Alternative Vaccine Delivery (Avds) विकासखंड पंडरिया वैक्सीन पहुँचाने कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य करने हेतु जिला कबीरधाम निवासी हो/ इच्छुक फर्म/NGO/स्व सहायता समूह/संस्था संबंधित विकासखंड कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पण्डरिया से निर्धारित तिथि में कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.00 से संध्या 05.30 बजे तक पृथक-पृथक निविदा हेतु रुपये 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) जो कि नॉन रिफन्डेबल है, जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। डी.डी./बैंकर्स चेक JEEVAN DEEP SAMITI, PANDARIYA के नाम से ही स्वीकर किये जावेगें।

निविदा प्रपत्र बिकी की अंतिम तिथि - 09 फरवरी 2026 को सायं 02:00 बजे तक।
निविदा पूर्व शंका समाधान बैठक - 09 फरवरी 2026 को सायं 04:00 बजे।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 12 फरवरी 2026 को दोपहर 02:00 बजे तक।
निविदा खोले जाने की तिथि - 12 फरवरी 2026 को सायं 04:00 बजे।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.kawardha.gov.in में देखा जा सकता है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पण्डरिया
जिला-कबीरधाम छ.ग.

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण मण्डल, रायगढ़ (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 23.01.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 12.02.2026 तक है।

क्र.	एन.आई.टी. क्र. / निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
01.	NIT No. **23** Tender No. **184320**	कटघोरा-पसान मार्ग में निर्मित क्षतिग्रस्त जटाशंकर (अहिरन) सेतु का विशेष मरम्मत कार्य। **(प्रथम आमंत्रण)**	रू. 35.31 लाख
02.	NIT No. **24** Tender No. **184321**	दर्री-बालको-उरगा बायपास में निर्मित ढेंगुर नाला एवं दर्री-बालको (बजरंग चौक) उरगा बायपास मार्ग में निर्मित बेलगरी नाला में विशेष मरम्मत कार्य। **(प्रथम आमंत्रण)**	रू. 21.01 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https//eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेशिटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एन.आई.टी. के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

जी- 252606279/3

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. सेतु मण्डल, रायगढ़

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पुलिस थाना नगरी, जिला धमतरी छ.ग.

गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्र वासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अंबिका मरकाम
विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र
अनवर रज़ा
अखिलेश दुबे
राजू सोम
विनीत :- समस्त कार्यकर्ता कांग्रेस कमेटी सिहावा विधानसभा क्षेत्र 56

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत उमरगांव
श्रीमती अंजना ध्रुव
सरपंच ग्रा.पं. उमरगांव
विनीत - ग्राम पंचायत उमरगांव एवं समस्त ग्रामवासी

समस्त क्षेत्रवासियों को आजादी का पर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की गाढ़ा-गाढ़ा बधाई शुभकामनाएं
श्री भूनेश कुमार नेताम
सरपंच
श्री संतोष कुमार मरकाम
उपसरपंच
श्री खिंजन भंडारी
सचिव
श्री श्यामसुंदर नेताम
रोजगार सहायक
-पंचगण-
श्रीमती कविता बाई ओटी, श्री गौतम सोरी, श्रीमती चंद्रिका मरकाम, श्रीमती शांति नेताम,
श्री जसवंत नेताम, श्रीमती गोमी मरकाम, श्रीमती गोमती मरकाम, श्रीमती टिकेश्वरी,
श्री राकेश नेताम, श्री सुरेंद्र कुमार सिन्हा, श्री रामकुमार नेताम, श्रीमती चैतीबाई कुंजाम
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत मोहाबाहरा

ग्राम पंचायत हिन्छापुर की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भवानी प्रताप
सचिव
अमन कुमार
सरपंच
सत्यनारायण सिन्हा
उपसरपंच
-: पंचगण :-
सुरेन्द्र साहू, महेश सोरी चनाप, मिथलेश चनाप, हितेश्वरी राजपूत,
शिवबती ध्रुव, लता कांडे, टेमन नाग, सावित्री मानिकपुरी,
निर्मला अग्रवानी, बिमला बाई, चन्द्रहास ध्रुव
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत हिन्छापुर वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रूमलाल नेताम
अध्यक्ष
नारायण नागेश
नरातक साहू
एवं समस्त सदस्यगण
कमलनारायण साहू
प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डोंगरडुला

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत रिसगांव
चन्द्रकुमार अग्रवानी
सरपंच
कुबेर भंडारी
उपसरपंच
किशुन भास्कर, सचिव
हेमंत
रोजगार सहायक
पंचगण
श्रीमती मालती बाई भास्कर, श्रीमती बैसाखिन नाग, श्रीमती ओमबाई नाग विजय कुमार नाग,
श्रीमती गिरजा बाई नेताम, गनपत नेताम, सुरेन्द्र कुमार कश्यप, श्रीमती कौशिल्या बाई प्रजापति,
श्रीमती यशोदा मरकाम, श्रीमती उमेश्वरी नाग, योगेन्द्र कश्यप, दिवस नेताम, श्रीमती सियावती
नेताम, केशव कुमार नाग, नारायण सिंह पुजारी (भृत्य), कपिल देव कश्यप कम्प्यूटर ऑपरेटर
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत रिसगांव वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

ग्राम पंचायत बिरनासिल्ली की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सोनराज मरकाम
उपसरपंच
टिंकू
रोजगार सहायक
सियाराम मंडावी
सरपंच
गंजेन्द्र नेताम
सचिव
-: पंचगण :-
संगीता मरकाम, अरूण कोर्राम, श्रवण मरकाम,
गीता नेताम, रसना सलाम, सेवती सोरी
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बिरनासिल्ली वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

ग्राम पंचायत गोविंदपुर की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रतापसिंह नेताम
उपसरपंच

शंभू साझी, सचिव

सरिता नेताम
रोजगार सहायक

-: पंचगण :-

बसंती भास्कर, किरण नेताम, ज्योति नेताम, लक्ष्मी नेताम, रमेश कुमार नेताम, गोदावरी नेताम, ईश्वरी मंडावी

समस्त ग्रामीणजन ग्राम गोविंदपुर

ग्राम पंचायत गोविंदपुर वि.खं.-नगरी जिला धमतरी

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत बांधा

श्री रमेशकुमार मंडावी
सरपंच

श्रीमती परमिला साहू
उपसरपंच

श्री थानुराम देवदास
सचिव

पंचगण

श्रीमती तिहारिन बाई, श्रीमती दीपाबाई नेताम, श्रीमती सोनाबाई कुंजाम, श्रीमती संगीता कुंजाम, श्रीमती गायत्री मरकाम, श्री गैंदलाल मंडावी, श्री छन्नूराम मरकाम, श्री खम्मनलाल यादव, श्री देवकरण मरकाम, श्री तीजूराम भास्कर

विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बांधा वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत बांसपानी

श्रीमती दुर्गावती कोडोपी
सरपंच

नरसिंग जुर्री
उपसरपंच

सोनऊ राम नेताम
सचिव

संजू मरकाम
रोजगार सहायक

पंचगण

श्रीमती शिवबती कावड़े, दशलाल नेताम, श्रीमती सविता यादव, भावसिंह कावड़े श्रीमती सरोज मरकाम, हेमलाल सिन्हा, रामसिंग मरकाम, श्रीमती कचरी बाई कोडोपी, बिदेश मरकाम, श्रीमती बिमला नेताम, श्रीमती प्रियंका जुर्री नरेन्द्र, नेताम (भृत्य)

विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बांसपानी वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत सम्बलपुर

सोमनाथ सोम
सरपंच

उल्फी बिसेन
उपसरपंच

कैलाश कुमार साहू
सचिव

कु. दीपिका बिसेन
रोजगार सहायक

पंचगण

खिरभान नाग, छबीलाल निषाद, रामकुमार कश्यप, देवेन्द्र सोम, सतीश सोम, श्रीमती सुलोचना बिसेन, श्रीमती हुलास बाई नाग, श्रीमती छबीलाल सोरी, श्रीमती अम्बा बाई नाग

विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत सम्बलपुर वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत पोड़ागांव

श्रीमती भारती बिसेन
उपसरपंच

शंकरलाल ध्रुव
सचिव

सुरेश कुमार मरकाम
रोजगार सहायक

पंचगण

त्रिलोक बिसेन, श्रीमती साधना सोम, श्रीमती प्रमीला सूर्याकर, श्रीमती रागनी यादव, श्रीमती अंजु ध्रुव, सुश्री मोहनी नेताम, श्रीमती सतरूपा नाग, श्रीमती किरण सूर्याकर, केशन नेताम, श्रीमती संगीता मरकाम, छबिलाल नाग (भृत्य), रूपेश कुमार (कोटवार)

विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत पोड़ागांव वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

रेखा बाई मरकाम
सरपंच

पीलाराम सेन, सचिव

चन्द्रकुमार नेताम
रोजगार सहायक

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत लखनपुरी, वि.खं. नगरी, जिला धमतरी छ.ग.

यशवंत मंडावी
सरपंच

खिलानंद नवरंगे
सचिव

चंद्रिका नेताम
रोजगार सहायक

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत टांगापानी, वि.खं. नगरी, जिला धमतरी छ.ग.

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत गिधावा

कोमल मरकाम
उपसरपंच

यशोदा कोर्राम
सचिव

डिगेश्वरी साहू
रोजगार सहायक

पंचगण

विष्णु यादव, सगाबाई मरकाम, जीवन देव, वेदिका सिन्हा, सरिता मरकाम, सवित्री मरकाम, जोहतराम नेताम, नीराबाई मरकाम, लछन्तीन साहू

विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत गिधावा वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत कट्टीगांव

माखनलाल मरकाम
सरपंच

रेखनसिंह मरकाम
उपसरपंच

बलराम नेताम
सचिव

आसिला नागेश
रोजगार सहायक

पंचगण

जितेश्वरी मरकाम, मनभा मरकाम, राधिका नेताम, दिनेश मरकाम, प्रभा नेताम, राजेश्वरी मंडावी, किशोरी नेताम, गोरेलाल वट्टी, सुदेलाल मरकाम, आनंद बघेल (भृत्य)

विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत कट्टीगांव वि.खं. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)

महंत के राजनीतिक चातुर्य और बृजमोहन की कांग्रेस नेताओं की तारीफ से प्रदेश में नया सियासी तूफान!

– सियासत की शतरंजी बिसात पर घोड़ा ढाई घर चलेगा या हाथी करेगा सीधा वार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के ताजा बयान से राज्य की राजनीति में जबर्दस्त उबाल आ गया है। महंत के शब्दों और शब्दों से ज्यादा उनके बयान देने के अंदाज से एक ओर जहां कांग्रेस में उनके राजनीतिक चातुर्य का एक बार फिर डंका बज गया है। वहीं, प्रदेश की राजनीति में भूचाल भी आ गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की भाजपा संगठन और सरकार से बढ़ती नाराजगी को देखते हुए इस बयान के बड़े मायने निकाले जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के कार्यक्रम में प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और भाजपा के दिग्गज सांसद बृजमोहन अग्रवाल एक ही मंच पर मौजूद थे। बृजमोहन ने भरी सभा में कांग्रेस नेताओं की तारीफ की। उन्होंने साफ कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण और यहां के विकास में कांग्रेस के दिग्गज नेता वीसी शुक्ल, मोतीलाल वोरा, श्यामाचरण का बड़ा योगदान है। बृजमोहन के बयान ने खलबली मचा दी है। सवाल उठने लगे हैं कि क्या कांग्रेस नेताओं की तारीफ कर बृजमोहन अग्रवाल भाजपा से संबंधों को लेकर क्या निर्णायक मूड बना चुके हैं? सवाल ये भी किये जा रहे हैं कि क्या बृजमोहन कांग्रेस में प्रवेश कर सकते हैं?

छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के मंच पर दिग्गज कांग्रेस नेताओं की मुक्त कंठ से तारीफ करने वाले बृजमोहन के बयान से राजनीतिक तापमान बढ़ना स्वाभाविक था, लेकिन इसके बाद मीडिया के सामने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की बाइट ने राजनीति की पतीली में उबाल ला दिया। महंत ने साफ कहा कि जरूरी नहीं है कि पार्टी में आने के बाद ही बृजमोहन कांग्रेस की मदद करेंगे। वे भाजपा में रहकर भी कांग्रेस की मदद करते हैं और उन्होंने वचन दिया है कि मदद करते रहेंगे।

इसके बाद महंत ने शतरंज की बिसात बिछाते हुए कह दिया कि शतरंज खेलने वाला जानता है कि कब ढाई घर खेलना है और कब हाथी पर सवार होकर चाल चलना है। शतरंज के खिलाड़ी को पता होता है कि कब, कहां, किसको मारना है और किसको सहयोग करना है। महंत के शतरंजी बयानों ने भाजपा की छाती पर मोहन के दिये जख्मों को हरा कर दिया है। दरअसल, दिसंबर 2023 में विष्णुदेव साय की सरकार में शिक्षा मंत्री बनने के केवल 5 माह बाद बृजमोहन को इस्तीफा देना पड़ा। उन्हें लोकसभा चुनाव की टिकट दी गई। चुनाव जीतने के बाद बृजमोहन को केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह नहीं मिली। उनकी बजाय बिलासपुर के युवा चेहरे तोखन साहू को मंत्री बनाया गया। इसके बाद से बृजमोहन के तेवर एकदम बगावती हो गए हैं। बृजमोहन ने राज्य सरकार के कामकाज पर सवाल खड़े करते हुए लेटर बम के जरिये पूरी सरकार को घेरा। हाल ही में नेशनल जंबूरी विवाद को लेकर सरकार

के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए। कुछ महीने पहले ही शिक्षा मंत्री बने गजेंद्र यादव समेत शिक्षा विभाग के आला अफसरों को जंबूरी एपिसोड से भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

दिग्गज कांग्रेस नेताओं की तारीफ करने के बृजमोहन के बयान से प्रादेशिक राजनीति में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। दरअसल, पिछले कई महीने से भाजपा के कई विधायकों में असंतोष पनपने की खबरें चल रही है। मुख्यमंत्री बदलने या मंत्रिमंडल में भारी फेरबदल का शिगूफा भी छोड़ा जा रहा है। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह सहित अन्य विधायक मंत्री बनने की रेस में शामिल हैं। इन विधायकों को फेरबदल का इंतजार है। मंत्रिमंडल में जगह न मिलने से इन सीनियर भाजपा विधायकों का असंतोष अलग अलग तरीकों से फूटता रहता है।

राजधानी में असंतोष के तूफान के कारण यह अफवाह भी उड़ाई गई कि नए पुराने दर्जनभर से ज्यादा विधायकों को तोड़कर राज्य में भाजपा की सरकार गिराई जा सकती है। बृजमोहन इन अटकलों के केंद्र बिंदु बने हुए हैं। कांग्रेस के साथ गुप्त समझौता होने की चर्चाएं भी चल रही हैं। बृजमोहन द्वारा राज्य के दिग्गज कांग्रेस नेताओं की तारीफ और महंत के ताजे बयान से इन सियासी अटकलों को और हवा मिल गई है।अब देखना ये है कि राजनीतिक बिसात पर अगली चाल कौन चलता है। घोड़ा ढाई घर चलकर सत्ता-संगठन के खेल को और उलझाएगा या हाथी सीधे वार करेगा। बृजमोहन समेत असंतुष्ट भाजपा विधायक भाजपा की सत्ता और संगठन को चुनौती देने की हिम्मत जुटा पाएंगे, इसे लेकर संदेह जताए जा रहे हैं। कहा यह भी जा रहा है कि असंतुष्ट विधायकों के तथाकथित गठबंधन में ही फूट है। ज्यादातर असंतुष्ट केवल दबाव बनाना चाहते हैं। ताकि, हर हाल में खुद को वफादार साबित कर सकें और वफादारी की एवज में मंत्रिमंडल में जगह बना सकें। मंत्री पद का ताज पाने से लेकर सरताज बनने की आंधी चलने से पहले ही भाजपा संगठन संभावित डैमेज कंट्रोल को रोकने के लिये अलर्ट हैं। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक यह भी मानते हैं कि महंत और बृजमोहन के बयानों को नकारना भाजपा के लिये आसान नहीं है।

क्यों नाराज हैं मोहन

राज्य निर्माण के बाद से ही भाजपा के सीनियर मोस्ट नेता बृजमोहन को मुख्यमंत्री पद का सबसे प्रबल दावेदार माना गया, लेकिन सीएम की कुर्सी बार-बार दूर होती रही। तीन बार सरकार बनी और हर बार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने डॉ. रमन सिंह के सौम्य, सरल और संवेदनशील चेहरे पर भरोसा किया। 2023 में राज्य में भाजपा की सरकार चौथी बार बनी। इस दौरान राजनीतिक हलकों में यह तय माना जा रहा था कि रमन को चौथी बार मौका नहीं मिलेगा। रमन की बजाय अन्य सीनियर नेता को सीएम बनाए जाने की अटकलें रही। इन अटकलों में बृजमोहन का नाम सबसे मजबूती से लिया जाता रहा, लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने विष्णुदेव साय का नाम आगे कर मोहन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। रही सही कसर शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दिलाकर सांसद बनाकर पूरी कर दी गई। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि भाजपा नेतृत्व ने बृजमोहन को सांसद बनाकर एक तरह से राज्य की राजनीति में मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा तवज्जो न देने और राज्य के दिग्गज भाजपा नेताओं से बढ़ती अनबन ने बृजमोहन की नाराजगी को बढ़ाने का काम किया है। यही वजह है कि कभी भाजपा के संकटमोचक कहे जाने वाले मोहन अब संकट पैदा कर रहे हैं।

बिलासपुर बायपास, मुंबई-नागपुर समृद्धि सड़क का रायपुर तक विस्तार करने का आग्रह

सड़क को लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले डिप्टी सीएम साव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राज्य शासन द्वारा प्रस्तावित विभिन्न सड़क परियोजनाओं को मंजूर करने का आग्रह किया। उन्होंने श्री गडकरी से बिलासपुर शहर में यातायात का दबाव कम करने बायपास निर्माण, रायपुर और बिलासपुर के बीच भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर (आरंग) से बिलासपुर (दर्री) तक 6-लेन मार्ग की मंजूरी तथा मुंबई-नागपुर समृद्धि मार्ग का विस्तार रायपुर तक करने का अनुरोध किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में 13 राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के साथ ही 8 सड़कों को नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का भी आग्रह किया।

रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधी कनेक्टिविटी : उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मुलाकात के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी को अवगत कराया कि बिलासपुर शहर में लगातार बढ़ती आबादी और वाहनों के कारण यातायात का काफी दबाव है, जिससे निरंतर जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने इसके समाधान के लिए राज्य शासन के प्रस्ताव के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से शहर के बाहर से होकर उच्च न्यायालय बोदरी से सेंदरी तक करीब 32 किमी लंबा फोरलेन बायपास स्वीकृत करने का अनुरोध किया। यह बायपास बिलासपुर शहर के प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर और लॉजिस्टिक पार्क को रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। साथ ही शहर के भीतर यातायात के दबाव को प्रभावी तरीके से कम करते हुए औद्योगिक विकास संचार तंत्र एवं नियोजित शहरी विस्तार को बढ़ावा देगा।

मुंबई-नागपुर समृद्धि मार्ग को रायपुर तक विस्तार करने आग्रह: श्री साव ने राज्य के उत्तरी हिस्से में कोल माइन्स एवं दक्षिणी हिस्से में आयरन माइन्स को देखते हुए औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने, कोयला एवं लौह अयस्क के परिवहन, स्टील व सीमेंट उत्पाद को बाहर भेजने तथा प्रदेशवासियों के सुचारू आवागमन के लिए मुंबई-नागपुर समृद्धि मार्ग को ग्रीन फील्ड सड़क के रूप में रायपुर तक विस्तारित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रायपुर-नागपुर-मुंबई एक्सेस कंट्रोल 8-लेन कनेक्टीविटी से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

रायपुर-बिलासपुर सिक्स लेन मार्ग निर्माण

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने श्री गडकरी से भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर के आरंग से बिलासपुर के दर्री तक लगभग 95 किमी 6-लेन मार्ग के निर्माण की मंजूरी प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने श्री गडकरी को बताया कि वर्तमान में रायपुर से बिलासपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग जुड़ा हुआ है, किंतु एक्सेस कंट्रोल नहीं होने के कारण राज्य की तीनों भारतमाला परियोजनाओं के बीच सीधा संपर्क नहीं हो पा रहा है। आरंग-दर्री मार्ग के निर्माण से रायपुर से बिलासपुर की दूरी एक घंटे में तय होगी तथा तीनों भारतमाला सड़कों के आपस में जुड़ जाने से सीधा संपर्क होगा, जिससे सभी तरह के परिवहन में समय, धन और ऊर्जा की बचत होगी।

13 खंडों के उन्नयन के लिए राशि स्वीकृत करने आग्रह

श्री साव ने केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी से राज्य के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के 13 खंडों के उन्नयन के लिए राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए विद्यमान मार्गों को उन्नत किए जाने पर जोर देते हुए आठ सड़कों को नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का भी अनुरोध किया।

कमिश्नरी लागू करने के तरीके पर पुलिस विभाग में नाराजगी, अंदर चल रही खींचतान

संसाधन कौन देगा, पुलिस मुख्यालय या प्रदेश सरकार?

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पहली बार रायपुर के नगरीय क्षेत्र में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने के तौर-तरीके को लेकर अब अंदरखाने से ही नाराजगी की खबरें आ रही है। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि कमिश्नरी के गठन के लिए संसाधन कौन देगा। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो पुलिस मुख्यालय ने कह दिया है कि संसाधन पुलिस विभाग नहीं, सरकार देगी। इस संबंध में आदेश जारी होने की सूचना है. लेकिन फिलहाल उसका ब्योरा नहीं मिल पाया है।

23 जनवरी से पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू हो गई

रायपुर के नगरीय इलाकों के 21 थाना क्षेत्रों में 23 जनवरी से पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू हो गई है। इसके साथ ही क्षेत्राधिकार का विभाजन भी हो गया है। नगरीय क्षेत्र जो पहले रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के कार्यक्षेत्र का हिस्सा था, अब यह हिस्सा कमिश्नर के क्षेत्राधिकार में आ गया है। यहां तक तो सब ठीक है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि कमिश्नरी के गठन के लिए संसाधन कौन देगा। इस मामले को लेकर पुलिस विभाग के एक आदेश के बाद खींचतान बढ़ती दिख रही है।

कमिश्नरी को संसाधन नहीं दिया जाएगा : सूत्रों के अनुसार जब कमिश्नरी के लिए संसाधन देने की बात सामने आई तो पुलिस विभाग ने कमिश्नरी के लिए कोई भी संसाधन देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि विभाग रेंज के लिए संसाधन देता है, कमिश्नरी को संसाधन नहीं दिया जाएगा। यह जिम्मा सरकार का है। इससे साफ होता है कि कमिश्नरी को लेकर पहला विवाद संसाधन को लेकर ही सामने आ रहा है। कमिश्नरी प्रणाली को लेकर टकराव की एक अन्य जानकारी के मुताबित आईपीएस और आईएएस अधिकारियों के बीच अधिकारों को लेकर भी विवाद की स्थिति है। दरअसल पुलिस कमिश्नर को जो दंडाधिकारीय अधिकार दिए गए हैं, वे आईएएस अधिकारी को कलेक्टर के रूप में पूर्व से ही दिए गए थे।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित श्रमिकों को बुढ़ापे में संबल

60 वर्ष के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपये पेंशन

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्र शासन द्वारा असंगठित श्रमिकों को बुढ़ापे में संबल देने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी लगाने वाले, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, खेतिहर मजदूर सहित असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है।

इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करते हुए 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद प्रति माह 03 हजार रूपए की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। यह एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है, जिसमें श्रमिक द्वारा किए गए अंशदान के बराबर राशि केंद्र सरकार द्वारा भी जमा की जाती है। श्रम पदाधिकारी मुंगेली श्री अभिषेक सिंह ने बताया कि योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक उठा सकते हैं, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपए या उससे कम हो।

लाभार्थी का ईपीएफओ, ईएसआईसी या एनपीएस का सदस्य नहीं होना चाहिए और वह आयकर दाता भी न हो। अंशदान आयु के अनुसार तय है। 18 वर्ष की आयु में जुड़ने पर मात्र 55 रूपए प्रतिमाह, जबकि 40 वर्ष की आयु में जुड़ने पर 200 रूपए प्रतिमाह अंशदान निर्धारित है। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर और नामिनी का विवरण आवश्यक है। इसके अलावा लाभार्थी स्वयं **www.maandhan.in** पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा 27 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। डॉ. लकड़ा इस दौरान राज्य के विभिन्न जिले रायपुर, दुर्ग, कोण्डागांव और बस्तर (जगदलपुर) का दौरा करेंगी।

खदान संचालन में पॉवर जनरेशन कंपनी लगातार पांचवें वर्ष अव्वल

65 खदानों में थी स्पर्धा, सात श्रेणियों में अग्रणी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की गारे पेलमा खदान तीन को सर्वश्रेष्ठ खदान संचालन के क्षेत्र मे विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत 7 पुरस्कारों से नवाजा गया है।जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस. के. कटियार एवं उनकी टीम ने छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव(आईएएस) को यह ट्रौफियां सौंपा। डॉ रोहित यादव ने उत्पादन कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि 'विद्युत कर्मियों की प्रतिबद्धता और कौशल के बूते इस मुकाम तक पहुंचा गया है। आगे भी उत्कृष्टता बनाने हेतु सभी संकल्पित रहे।

उल्लेखनीय है कि सीएसपीजीसीएल बिजली उत्पादन के अतिरिक्त कोयला खदान संचालन का कार्य भी उत्कृष्टता के साथ कर रही है।यह कार्य परंपरा से हटकर है। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीनस्थ महानिदेशालय खान सुरक्षा द्वारा वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 में गारे पेलमा खदान तीन को इन मापदंडों पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए 7 पुरस्कार प्राप्त हुए। ओवरआल ग्रुप ई (उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन से 5 मिलियन टन तक) की क्षेणी में गारे पेलमा खदान तीन पिछले पांच वर्षों से खदान संचालन में सुरक्षा संबंधी मापदण्डों के पालन मे उम्दा प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर रहा हैं।बैकुंठपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 65 खानों के कामकाज का मूल्यांकन किया गया जिसमें स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के खदान को ओवरआल ग्रुप ई (उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन से 5 मिलियन टन तक) की क्षेणी में प्रथम साथ ही सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान, एक सप्लोसिव (विस्फोटक), इलुमिनेशन मे भी प्रथम पुरस्कार एवं माईन वर्किंग,डंप मैनेजमेंट, रिक्लेमेशन एवं अफॉरेस्टेशन , सर्वेक्षण श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला है ।

पिटबुल डॉग के मालिक पर एफआईआर, उधार वसूलने आए कारोबारी पर किया था हमला

रायपुर/नवप्रदेश। उधारी में लिए सामान का पैसा वसूलने आए कारोबारी पर हमला करने वाले खतरनाक पिटबुल डॉग के मालिक के खिलाफ खम्हारडीह थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। कारोबारी से नाराज चिकित्सक ने उनसे गाली-गलौज की, इसी दौरान उसके दो कुत्ते पालतू कारोबारी को काटने लगे। इन कुत्तों के द्वारा पहले भी कई लोगों को अपना शिकार बनाया गया है, जिसे लेकर अनुपम नगर में काफी नाराजगी है।

घटना 25 जनवरी की थी उस दौरान सोफा और परदे की दुकान में काम करने वाला सुरेश यादव अपने कुछ साथियों के साथ अनुपम नगर में रहने वाले डा. अक्षय राव के घर पुराना पैसा वसूलने आए थे। बताया जाता है कि पहले तो डाक्टर ने उन्हें बहाना बनाकर टालने की कोशिश की। जब वे नहीं माने, तो वह गाली-गलौज पर उतारू हो गया। इसी दौरान उसके पिटबुल प्रजाति के दो डॉग घर से बाहर निकल आए। बाकी लोग तो भाग गए, मगर सुरेश उनका शिकार हो गया और कुत्तों ने उसके पैर सहित विभिन्न हिस्सों को काट खाया।

इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में डा. राव के पालतू कुत्तों के प्रति नाराजगी फैल गई। इस मामले में सुरेश यादव के साथ हरीश संभारे की शिकायत पर डा. अक्षय राव के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 291 और 296 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है। उनके पालतू कुत्ते पूर्व में भी कामवाली बाई, आने वाले सेल्समैन सहित कई लोगों पर हमला कर चुके हैं।

डॉग बाइट का विषय गंभीर

निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर यह नोटिस जारी किया गया है। विदित हो कि स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गत 16 जुलाई 2024 को भी श्री राव को उनके द्वारा रखे गये पिटबुल नस्ल के पालतू कुत्ते द्वारा डॉग बाइट की घटना होने पर नोटिस दिया गया था, पर डॉग बाइट की घटना की पुनरावृत्ति होने से इसे जनस्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर विषय माना गया है।

पिटबुल डॉग के हमले से घायल हुआ था युवक

दरअसल खम्हारडीह थाना क्षेत्र के अनुपम नगर में गत दिनों पिटबुल डॉग ने एक युवक के पैर को बुरी तरह से नोच लिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस विभाग के 255 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का किया वर्चुअली लोकार्पण

सुविधा मिलने से सकारात्मक वातावरण में कार्य करने की मिलेगी प्रेरणा : साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से वर्चुअली जुड़कर विभिन्न जिलों में 8 नए साइबर थानों और 255 करोड़ रुपए की लागत से तैयार पुलिस आवासीय भवनों तथा थाना भवनों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों और पुलिस के जवानों को इस विशेष पहल के लिए शुभकामनाएं दी।

साय ने इस मौके पर कहा कि आज का दिन पुलिस विभाग के लिए अत्यंत सौभाग्य का है, क्योंकि 255 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रेजेंटेशन के माध्यम से हमने देखा कि साइबर थाना, एसडीओपी कार्यालय, चौकी भवन, ट्रांजिट हॉस्टल एवं आवासीय भवन

अत्यंत सुंदर और सुविधाजनक बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए संबंधित एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि इन सुविधाओं से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सकारात्मक वातावरण में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और वे अपने कर्तव्यों का और अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। श्री साय ने कहा कि सरकार का सतत प्रयास है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को बेहतर आवास एवं कार्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है और इससे सुदूर अंचलों तक भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सकेगा। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अनेक स्थानों पर साइबर पुलिस थानों की शुरुआत की जा रही है। आज जशपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव जिलों सहित कुल 8 नए साइबर थानों का शुभारंभ किया गया है। इससे पूर्व प्रदेश के पांच जिलों में साइबर थाना संचालित हैं। भविष्य में आवश्यकता के अनुसार अन्य जिलों में भी साइबर थाने स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही चार जिलों में भारत वाहिनी के कैंपस, नौ जिलों में नए थाना भवन, माना में सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की चौकी तथा आवासीय भवनों का भी लोकार्पण किया गया। गृहमंत्री शर्मा ने 255 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हुए इन निर्माण कार्यों एवं 8 नए साइबर थानों की स्वीकृति और लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मिड-डे मील रसोइयों का आंदोलन शिक्षा मंत्री गजेंद्र के बंगले का घेराव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रसोइयों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और ष्ठ.श्वस्र अभ्यर्थियों के विरोध ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया, जब बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बंगले के बाहर जुट गए। दूसरी ओर, इन्हीं प्रदर्शनों के बीच दो रसोइयों की मौत को धरना स्थल से जोड़ते हुए सोशल मीडिया पर फैली खबरों का राज्य सरकार ने कड़ा खंडन किया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया कि दोनों मौत का आंदोलन या धरना स्थल से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार जिस पहली रसोइया की मौत बताई जा रही है, वह बालोद जिले की निवासी थी। वह 20 और 21 जनवरी को धरने में शामिल हुई थी, लेकिन बाद में अपने घर लौट गई। वहीं उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी और उसे दल्ली राजहरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आज उपचार के दौरान उसकी मौत हुई।दूसरी रसोइया बेमेतरा जिले के बेरला क्षेत्र की रहने वाली थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com